e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 321
बुधवार
27.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
बड़ा बनो, पर उसके सामने नहीं, जिसने तुम्हे बड़ा किया है!

# प्रधानमंत्री से मिले हेमंत सोरेन

*** हेमंत-कल्पना ने पीएम मोदी,अमित शाह, खड़गे, राहुल, प्रियंका व अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर शपथ समारोह में आने का दिया न्योता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन दिल्ली पहुंचकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद इन दोनों नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि आप सभी को शुभकामनाएं।

आने वाले दिनों में भी मुलाकात होंगी। बहुत सारी चीजें हैं। हमें अपनी सरकार बनानी है। हम यहां आशीर्वाद लेने आए हैं।इसके साथ ही हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात कर 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले शपथग्रहण समारोह में आने का निमंत्रण दिया। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने शपथग्रहण समारोह को लेकर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा,आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हे शपथग्रहण समारोह में आने का न्यौता दिया।

## हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के शपथ समारोह की तैयारियां जोरों पर, सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जिला प्रशासन और रांची पुलिस के जरिये मोरहाबादी मैदान में सुरक्षा के साथ-साथ शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। वीवीआइपी और वीआईपी मेहमानों के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है।

## हेमंत के शपथ समारोह में शामिल हो सकते हैं खड़गे व राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जेएमएम नेता हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं. वहीं, दूसरी तरफ गठबंधन सरकार में कांग्रेस को मिलने वाले चार मंत्री पद के लिए पैरवी भी तेज हो गई है. इसको लेकर कई नवनिर्वाचित विधायक दिल्ली में स्थित पार्टी मुख्यालय में डेरा डाले हुए हैं. पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, जेएमएम नेता हेमंत सोरेन मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में राहुल गांधी और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को अपने शपथ ग्रहण समारोह के लिए व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने आए थे. जानकारी के मुताबिक, झारखंड में कांग्रेस कोटे से कितने नेता मंत्री पद की शपथ लेंगे, इस पर भी चर्चा की गई है.कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि हेमंत सोरेन राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं.उन्होंने कहा कि,अगर समय रहा तो वे लोग शपथ ग्रहण में शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि, एक बार आयोजन का प्रारूप तय हो जाने के बाद शीर्ष आलाकमान कांग्रेस कोटे से मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देगा. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि, झारखंड की जीत ने भाजपा की ध्रुवीकरण की राजनीति को हरा दिया है और देश को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है. पिछले पांच सालों में किए गए विकास और कल्याण कार्यों के कारण इंडिया ब्लॉक सरकार को फिर से सत्ता में आ रही है. गुलाम अहमद मीर ने कहा कि, झारखंड में एनडीए के खिलाफ इंडिया ब्लॉक की लगातार दूसरी बार शानदार जीत ऐसे समय में आई है जब गठबंधन को महाराष्ट्र में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा है.

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बैलट पेपर से इलेक्शन कराने की याचिका



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश में चुनावों के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बजाय बैलेट पेपर का इस्तेमाल करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है. कोर्ट ने कहा है कि जब वे नहीं जीते तो मतलब ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है और जब चुनाव जीत गए तो उन्होंने कुछ नहीं कहा. हम इसे कैसे देख सकते हैं? इसके बाद कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि यह वो जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस कर सकते हैं.याचिकाकर्ता ने बताया कि चंद्रबाबू नायडू और वाईएस जगन मोहन रेड्डी जैसे प्रमुख नेताओं ने भी ईवीएम से छेड़छाड़ के बारे में चिंता जताई थी, तो सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने टिप्पणी की,जब चंद्रबाबू नायडू या रेड्डी हार गए, तो उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई थी और जब वे जीते, तो उन्होंने कुछ नहीं कहा. हम इसे कैसे देख सकते हैं? हम इसे खारिज कर रहे हैं. यह वह जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस कर सकते हैं. कांग्रेस ने आम चुनावों और हाल ही में संपन्न हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में चुनावी प्रक्रिया और ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई है, जिसमें वह हार गई. चुनाव आयोग ने सभी आरोपों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वैधानिक चुनावी प्रक्रियाओं में किसी भी तरह के समझौते का सुझाव देने के लिए कोई सबूत नहीं है.

**कोर्ट ने कहा है कि जब वे नहीं जीते तो मतलब ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है और जब चुनाव जीत गए तो उन्होंने कुछ नहीं कहा. हम इसे कैसे देख सकते हैं? इसके बाद कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि यह वो जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस कर सकते हैं.**

## क्विक न्यूज

### भारत ने रियाद डिजाइन कानून संधि के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली :** भारत ने रियाद डिजाइन कानून संधि के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं, जो समावेशी विकास को बढ़ावा देने और अपने बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के सदस्य देशों ने करीब दो दशकों के गहन विचार-विमर्श के बाद ऐतिहासिक डिजाइन कानून संधि को अपनाया है।इस संधि का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर औद्योगिक डिजाइन संरक्षण प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित करना है, जिससे लघु और मध्यम उद्यमों सहित सभी उद्योगों के हितधारकों को लाभ पहुंचे।

### बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव 9 से 12 जनवरी तक

**बीकानेर :** आगामी अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव 9 से 12 जनवरी तक आयोजित करना प्रस्तावित किया गया। ऊंट उत्सव की तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में यह जानकारी दी गई।बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दुलीचंद मीना,अतिरिक्त जिला कलेक्टर रमेश देव, सीईओ जिला परिषद सोहनलाल सहित पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों तथा अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ उत्सव की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ मीना ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव के माध्यम से वैश्विक टूरिज्म में बीकानेर को नई पहचान मिल रही है। इस आयोजन से स्थानीय कला और संस्कृति को जोड़ा जाए। यहां के पारंपरिक वेशभूषा और खान-पान से जुड़े पक्ष भी इसमें शामिल किए जाएं।

### केरल में दर्दनाक हादसा, पांच की मौत

**तुरुअनंतपुरम :** केरल के त्रिशूर जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. वलपड़ पुलिस स्टेशन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे रह रहे खानाबदोशों के तंबू को टक्कर मार दी. हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई. ट्रक की टक्कर से घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है.पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घायल हुए पांच लोगों को त्रिशूर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है. मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं. बच्चों में से एक डेढ़ साल का था जबकि दूसरा चार साल का था.

### लातेहार में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़, दो नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

**लातेहार :** लातेहार में हुए मुठभेड़ में दो उग्रवादियों को पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि अन्य उग्रवादी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार नक्सलियों में बन्दुआ हेरहंज निवासी अजय गंझू और मनिका निवासी उपेन्द्र यादव शामिल हैं। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने जंगल में सर्च अभियान चलाया, जिसमें 3 हथियार और 96 गोलियां बरामद की गई। इसके अलावा नक्सली वर्दी, नक्सलियों का धमकी भरा पर्चा समेत अन्य सामान भी बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि इस मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों को गोली लगने की भी सूचना है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 11° |

# महाराष्ट्र : देवेंद्र फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना तय

*** एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा**



**एजेंसी**

**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी जीत दिलाने के बाद अब मुख्यमंत्री पद को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि एकनाथ शिंदे ने मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। इससे नए मुख्यमंत्री के शपथग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। सूत्रों के अनुसार, देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। जबकि एकनाथ शिंदे को डिप्टी सीएम की कमान सौंपी जा सकती है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री बीजेपी का होगा और वह पांच साल तक पद पर बना रहेगा। यानी सीएम पद किसी भी पार्टी को शेयर नहीं किया जाएगा।

बीजेपी के मुताबिक ढाई साल पहले देवेंद्र फडणवीस को ही सीएम बनना था लेकिन बीजेपी ने बड़ा दिल दिखाया और एकनाथ शिंदे को सीएम बनाया। ऐसे में इस बार भी बीजेपी सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी ही नहीं बल्कि शिंदे के विधायकों से डबल से ज्यादा और बहुमत के करीब है। ऐसे में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनना तो तय है और देवेंद्र फडणवीस ही मुख्यमंत्री होंगे। 5 साल तक बीजेपी का ही सीएम रहेगा इसमें कोई गुंजाइश नहीं है कि सीएम पद का कोई बंटवारा हो।सूत्रों ने बताया कि जिस तरह फडणवीस डिप्टी सीएम बनकर शिंदे के नेतृत्व में ढाई साल काम किए। ठीक वैसे ही एकनाथ शिंदे भी फडणवीस के नेतृत्व में डिप्टी सीएम बनकर सरकार में रहेंगे।

## हिंसा की इजाजत नहीं देता संविधान : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राहुल गांधी ने संविधान दिवस मौके पर कहा कि संविधान सत्य और अंहिसा का किताब. वो हिंसा की इजजात नहीं देता है. संविधान अंहिसा का रास्ता दिखाता है. इस मौके पर उन्होंने जाति जनगणना पर भी बात ही. उन्होंने कहा कि हम जिस राज्य में रहेंगे वहां जाति जनगणना करवाएंगे. हालांकि, वो सिर्फ यही पर नहीं रुके. उन्होंने दलितों और पिछड़ों के लिए भी कई सारी बात कही. उन्होंने कहा कि आज कल का युवा इंजिनियर बनना चाहता है. कोई मीडिया में जाना जाता है. हालांकि, उनके पास कोई मौका नहीं रहता है. आज कल मीडिया के फिल्ड में कोई भी पिछड़ा जाति का नहीं है. चाहे वो एंकर हो या मालिक. वहां भी उनकी भागीदारी न के बराबर है. हैरानी की बात ये रही की राहुल गांधी के संबोधन के शुरुआत में ही उनका माइक बंद हो गया, जिसके बाद उनके समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया और नारे लगाने लग गए. लेकिन कुछ देर के बाद फिर से तकनीकी खराबी तो दूर करने के बाद उन्होंन अपना भाषण दोबारा से चालू किया.





# धरती आबा के वंशज को बेहतर इलाज का सीएम ने दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उपायुक्त खूंटी ने जानकारी दी है कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में रिम्स में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा इलाज। चिकित्सकों के परामर्श पर एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने बताया खूंटी सिविल सर्जन के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक स्वास्थ्य टीम का गठन कर रिम्स रांची भेजा गया है, जिससे उन्हें हर संभव स्वास्थ्य सुविधा दिया जा सके। मामले में सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है, चिकित्सकों के परामर्श पर उच्च स्तरीय इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी।

**क्या है मामला:** कार्यवाहक मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि सोमवार की रात्रि में भगवान बिरसा मुंडा के परिजन मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे। उनका इलाज रिम्स में हो रहा है। मामले की जानकारी के उपरांत कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने उपायुक्त खूंटी को मंगल मुंडा के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। फिलहाल मंगल मुंडा की हालत स्थिर बनी हुई है।



# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का करूंगा प्रयास : नरेश सिंह

## बिश्रामपुर क्षेत्र में में निकला राजद का विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर विधानसभा से राजद के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह का मंगलवार को विजय जुलूस निकला. विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाजार चौक से विजय जुलूस की शुरुआत हुई. बिश्रामपुर नगर भ्रमण के बाद जुलूस रेहला शहर पहुंचा,जहां डंडीला कला चौक पर श्री सिंह का जोरदार स्वागत हुआ. इस बीच थाना चौक पर स्थापित गांधी प्रतिमा पर विधायक ने माल्यार्पण किया. नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाया जायेगा. जुलूस में युवा समाजसेवी ऋतुराज मिश्रा, रमेश चौबे, राजद नगर अध्यक्ष सिराजुदीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, अनिल ठाकुर, संजय उपाध्याय, सरयू चौहान, नासिर अंसारी, इम्तियाज अहमद, संजय मेहता, दिनेश मेहता, फिरोज खान, नयाजुदीन अंसारी, सोनू खलीफा, रामप्यारी यादव, संतोष राम, अजय राम, नागेंद्र नाथ चौबे सहित कई लोग शामिल रहे।

# किशनपुर पंचायत सचिवालय में मनाया गया संविधान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग झारखण्ड सरकार के निदेशानुसार मंगलवार को पंचायत सचिवालय किशनपुर में मुखिया सुमन गुप्ता के अध्यक्षता में 75 वीं संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया मुखिया ने बताया आज के दिन ही हमारे संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित किया गया था आज हमारे संविधान का 75 वर्ष पूरा हो गया है ग्राम सभा में प्रत्येक भारतीय की भारतीय संविधान में प्रदत मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई साथ ही पंचायत अंतर्गत अमृत सरोवर के पास भारत के संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव नंदलाल प्रसाद गुप्ता, रोजगार सेवक नीलम कुमारी, वार्ड सदस्य, पीरामल फाउंडेशन से अंजलि सिंह, लव सोनी (प्रज्ञा केंद्र संचालक), विनोद कुमार प्रजापति (कृषि मित्र), मनीष उपाध्याय, प्रमोद सोनी, धीरेन्द्र पासवान, राधेश्याम मिश्रा समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिये वरदान साबित हो रहा है मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड स्थित नौगढ़ा मे संचालित होने वाली मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए चिकित्सा सुविधा को लेकर वरदान साबित हो रही है, यह हॉस्पिटल की शुरुआत चैयरमैन नितेश पाठक के द्वारा लगभग 1 वर्ष पहले शुरुआत की गई थी, आज अगर बात करे हॉस्पिटल की तो इस हॉस्पिटल में हर तरह की जांच सुविधा छोटी बड़ी ऑपरेशन अनुभवी डॉक्टर के द्वारा की जा रही है, वही स्वास्थ्य सुविधा को लेकर यह हॉस्पिटल एक अपना अलग पहचान बनाते जा रही है अस्पताल चिकित्सक कर्मियों के द्वारा दूर-दूर ग्राम में जाकर शिविर के माध्यम से रोगियों को निशुल्क जांच कर मुफ्त में दवा भी दी जा रही है। इस हॉस्पिटल में दो डॉक्टर की टीम हर समय उपलब्ध है मुख्य रूप से ऑर्थो रोग विशेषज्ञ सरफराज अंसारी व जनरल फिजिशियन डॉ मनीष कुमार शुक्ला के द्वारा रोगियों को परामर्श चिकित्सा लाभ दी जाती है, वही चैयरमैन श्री पाठक ने बताया ग्रामीण क्षेत्र की जनता की समस्या को देखते हुए हॉस्पिटल की शुरुआत की गई है दिसंबर के महीने से मेडिकल नर्सिंग, से संबंधित क्लास की भी शुरुआत की जा रही है, जिसकी एडमिशन प्रारंभ हो गई है लोग यहां से कोर्स पूरा कर कहीं भी नौकरी कर सकते हैं मौके पर उपस्थित सोनू दुबे, सुनीता सिंह, रानी कुमारी, मुस्कान कुमारी, तौकीर आलम, नाइस कुमार, जितेंद्र पाठक समेत सभी अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।

# सिंचाई कूप से शव बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी पुलिस ने थाना क्षेत्र के झुनका गांव स्थित सिंचाई कूप से सड़ा हुआ शव बरामद किया है। जिसका पहचान घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता के रूप में किया गया।मिली जानकारी के अनुसार घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता पिता बागुली शाह बीते बुधवार से लापता थे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निरंजन गुप्ता बीते बुधवार को झुनका गांव स्थित अपने भंडार पर धान काटने गया था। उसके बाद घर लौटकर नहीं आया। इसके बाद मृतक के घर वालो के द्वारा खोज बिन किया जाने लगा बताते चलें की मृतक की पत्नी एक सप्ताह पूर्व अपने मायके गई थी। अपनी पत्नी से बात कर मृतक घघरी स्थित घर से धान काटने अपने भंडार झुनका चला गया उसी दिन से वह लापता हो गया। खोज बिन के बाद भी मृतक का कही आता पता नही मिल पाया तो परिवार जनों के द्वारा धुरकी थाने में सनहा दर्ज कराया गया था। झुनका गांव में आबादी से दूर सिंचाई कूप के पास गाय बकरी चराने वालों को लगातार बदबू दे रहा था। इसकी सूचना गांव वालो को दिया गया जब ग्रामीणों की भीड़ ने बदबू वाले स्थान पर बड़े बड़े बन तुलसी की झाड़ी के पास सिंचाई कूप दिखाई दिया कूप के अंदर झांक कर देखा गया तो पानी के ऊपर शव उतराया हुआ दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा के माध्यम से धुरकी पुलिस को दिया गया। सूचना के बाद पहुंची धुरकी पुलिस ने उक्त कूप से शव को बरामद किया। जिसकी पहचान एक सप्ताह पूर्व घर से लापता घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता के रूप में किया गया। धुरकी पुलिस ने सभी औपचारिकता पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

# प्रखंड कर्मियों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने किया संविधान की प्रस्तावना का पाठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार की अध्यक्षता में सभी प्रखंड कर्मियों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखने, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी शपथ लिया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आज ही के दिन हमारा संविधान 2 साल 11 माह 18 दिन के पश्चात 26दिसंबर 1949 को पारित किया गया था तथा 26 जनवरी 1950 को लागू कर दिया गया था।आज के दिन संविधान के पारित किये जाने के कारण हम सभी प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाते है।कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार सिंह, जनसेवक विकास कुमार, प्रखंड समन्वयक पंचायती कौशल कुमार, नाजीर बृजवासिनी कुमारी, ग्राम सेविका उषा देवी, मनरेगा अकाउंटेंट नागेंद्र कुमार, सहायक मनोज कुमार, वेद प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर साधना कुमारी, रोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामवि चोरडंडा में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के अति सुदूरवर्ती प्रखंड नौड़ीहा बाजार के राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय चोरडंडा के प्रांगण मे बड़े धूमधाम से 76 वें संविधान दिवस मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी भोला राम व सफल संचालन समाज सेवी अजय कुमार ने किया। उक्त मौके पर सेवा निवृत शिक्षक राम नरेश राम,डॉ जनेश्वर राम, समाज सेवी गिरजा राम, शिक्षिका शीला कुमारी, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, प्रमोद कुमार रवि, विधालय के प्रधानाध्यापक सह रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक के अलवा बाल सासंद के प्रधान मंत्री प्रिया कुमारी ने दीप प्रज्वलित एवं मालायर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम सेवा निवृत शिक्षक राम नरेश राम व विशिष्ट अतिथि के रूप मे समाज सेवी गिरजा राम व डॉ जनेश्वर राम मौजूद थे। उक्त मौके पर मुख्य अतिथि सेवा निवृत शिक्षक राम नरेश राम ने संविधान दिवस के बारे मे विस्तृत रूप जानकारी देते हुए कहा कि संविधान दिवस 26 नवम्बर 1949 लागु की गई थी इस लिए प्रति वर्ष पूरे भारत मे सभी सरकारी दफ़्तरों मे मनाई जाती है। इस मौके पर उमेश कुमार, प्रमोद कुमार, नारायण कुमार, विंदेश्वरी राम, विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उर्मिला कुमारी, संयोजिका वीणा देवी, शिक्षक लल्लू राम, जितेंद्र कुमार, अशोक राम के अलवा छात्र -छात्राओं मौजूद थे।

# आयुक्त कार्यालय में मना संविधान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में आज संविधान दिवस मनाया गया। आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने आयुक्त कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय, कल्याण कार्यालय, जनसंपर्क कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय सहित प्रमंडल स्तरीय अन्य कार्यालयों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया। उन्होंने संविधान में निहित कर्तव्यों एवं दायित्वों की शपथ दिलाई। साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान के सभी निर्माताओं को नमन किया। मौके पर आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## व्यवहार न्यायालय में संविधान दिवस मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया।इस मौके पर सामूहिक रूप से संविधान का पाठ किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर काफी संख्या में न्यायिक पदाधिकारी, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के अधिवक्ता, ब्यवहार न्यायालय के कर्मी ने सामुहिक रूप से संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, डीजे प्र विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, अखिलेश कुमार, राज कुमार मिश्रा, प्रतीक चतुर्वेदी, स्वेता ढींगरा, आयशा खान, आभाष कुमार, आनंद सिंह, संदीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अर्पित श्रीवास्तव, परमानंद उपाध्याय, रीतू कुजूर, रोजलिना बारा, प्रज्ञेष निगम, अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय,वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज,उत्तम कुमार, नीतू सिंह, के अलावे ब्यवहार न्यायालय के तृतीय व चतुर्थ बर्ग कर्मी उपस्थित थे। संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर मंगलवार को केंद्रीय कारा में भी संविधान दिवस मनाया गया।इस मौके पर एल ए डी सी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय ने बन्दियों के साथ संविधान का पाठ किया। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को हमारे देश का संविधान को अंगीकृत अधिनियमित ओर आत्मार्पित किया गया था।

# हृदय गति रुकने के कारण पारा टीचर की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावाबाजार थाना क्षेत्र के चेचन्हा गांव निवासी पारा टीचर रामप्रवेश मेहता उम्र 50 वर्ष की हृदय गति रुकने के कारण मंगलवार की सुबह मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रामप्रवेश मेहता मंगलवार की सुबह अपने गांव चेचन्हा प्राइमरी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने गए थे। इसी बीच स्कूल में ही अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद वहां पर अन्य शिक्षकों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## हर्षोउल्लास के साथ बनाया गया संविधान दिवस




**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सदर पंचायत अंतर्गत नचना ग्राम स्थित सरना पड़हा भवन में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने किया वहीं संचालन राजू रामवृक्ष लोहरा व संजय राम ने की। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,रांची से आए वक्ता शम्भू शंकर गुरु जयराम दा चंदवा प्रमुख राजू उरांव, प्रेम गंझु, पूर्व मुखिया सहित अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुरुआत की गई। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों को बैच व अंग वस्त्र तथा संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपस्थित वक्ताओं ने संविधान के सम्बन्ध मे विभिन्न जानकारी दी। मौके पर भारी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# एसपीडी कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा मनाया गया संविधान दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) द्वारा महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा संविधान की विशेषता एवं इसके बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की गयी। मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें अभय कुमार को प्रथम, नितीश कुमार चौबे को द्वितीय तथा शोएब अंसारी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि भारत का संविधान नागरिकों को उन्हे देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने का संदेश देता है। उन्होने कहा कि भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा संविधान माना जाता है। संविधान किसी भी लोकतान्त्रिक देश के लिए शीर्ष होता है। देश में सभी कार्य संविधान के तहत ही होते हैं। इस दिन का प्रमुख उद्देश्य संविधान की विशेषता को और इसके बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करना है। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया था। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास तथा राष्ट्र की भावना को जागृत करने की दिशा में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में आज यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम किया गया। प्रो. परवेज आलम ने कहा कि संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढ़ाल बनकर हमें हमारा हक दिलाता है। वहीं इसमें दिए मौलिक कर्त्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। डा. उमेश सहाय ने कहा कि संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे थे। यह 26 नवम्बर 1949 को पुरा हुआ और इसे अपनाया गया। आज का दिन हमें इसी महत्वपूर्ण तिथि की याद दिलाता है। मौके पर प्रो. रबिता शुक्ला, प्रो. आशिष उपाध्याय आदि उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में सुशील कुमार, चांदनी कुमारी, रविकान्त चौधरी, प्रितमा केरकेट्टा आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## कमलेश कुमार सिंह ने जनता का किया आभार व्यक्त

# हार-जीत राजनीति का हिस्सा है, जनता की सेवा करता रहूंगा : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की तमाम देवतुल्य जनता के वह आभारी हैं। उन्होंने गत चुनाव में जीत से भी अधिक मत दिया। उन्होंने कहा कि हार जीत राजनीति का एक हिस्सा है। उनसे जरूर कुछ कमी हुई होगी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता ने उन्हें दो बार अपना प्रतिनिधि चुन कर उन्हें जो मान सम्मान दिया है उसे वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भी जनता ने उन्हें सम्मान दिया। वोट कम या ज्यादा अलग बात है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता उनके परिवार की तरह है। वह उनके सुख दुःख में हमेशा साथ हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके लिए खड़े मिलेंगे। जनता की सेवा में निरंतर लगे हैं और लगे रहेंगे। उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ वह हमेशा हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने चुनाव में राज कोष का दुरपयोग किया है। वोटिंग से एक दिन पहले योजनाओं की राशि लाभुको के खाते में भेज कर उन्हें वरगलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, जनहित में उनसे वह भी हुसैनाबाद के विकास की अपेक्षा रखते हैं। युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि जनता का आदेश सर्वोपरि है। इसे स्वीकार करते हैं। आशा करते है कि नवनिर्वाचित विधायक हुसैनाबाद की जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए एकजुटता के साथ कार्य करने की बात कही।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं रहें इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा



**रांची :** कोविड संक्रमण में बेहतर सेवा देने वाले मिलनसार और झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा का मंगलवार को धनबाद में ब्रेन हेमरेज के कारण उनका निधन हो गया। राजेश सिन्हा रांची के डेली मार्केट और सुखदेवनगर थाने में प्रभारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके थे। वे ओरमांझी सर्किल इंस्पेक्टर भी रह चुके थे। राजेश कुमार सिन्हा के निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने उनके योगदान की सराहना करते हुए शोक व्यक्त किया है और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। वहीं पत्रकारों और समाज सेवी लोगों ने भी उनके निधन पर शोक जताया।

### पूर्व रणजी क्रिकेटर मनोज ने विनोद पांडेय को दिया बधाई

**रांची।** मनोज कुमार यादव केंद्रीय समिति सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा व पूर्व रणजी क्रिकेट खिलाड़ी ने झारखण्ड मुक्ती मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव बिनोद पाण्डेय से मुलाकात कर चुनाव में इंडिया गठबंधन ओर विशेष कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के अभूतपूर्व जीत पर बधाई दिया।



# झारखंड को बंगाल बनाने की भूल नहीं करें झामुमो : डॉ रविंद्र राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने 26 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को बहुत ही सहज ढंग से लेती है। पार्टी की पांच निष्ठा है, उसमें दूसरी सबसे महत्वपूर्ण निष्ठा लोकतंत्र है। इसलिए जब झारखंड के विधानसभा चुनाव परिणाम आया था, तब सहज ढंग से उसे परिणाम को स्वीकार किया था। उसके अनुसार पार्टी की भूमिका को आगे तय करने का ऐलान भी किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी नहीं चाहती है कि लोकतंत्र में टकराहट हो सकारात्मक सहयोग की भूमिका विपक्ष और सत्ता पक्ष से भी महसूस करते हैं यह होना चाहिए महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की दो तिहाई बहुमत से सरकार बन रही है। पूरे देश के लोग महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम से अचंभित है। हालांकि वहां




सहज ढंग से सामाजिक जीवन चल रहा है। दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक चुनाव परिणाम आने के बाद अहंकार में चूर हो गए हैं और लोकतंत्र को कलंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से खुशी के माहौल में दूसरे को अपमानित किया जा रहा है। भाजपा इंतजार में थी यह थम जाएगा, लेकिन लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा और उनके सहयोगी दलों के लोग प्रदेश में अलग-अलग जगह पर अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने अच्छे ढंग से चुनाव लड़ा। करीब 60 हजार से अधिक वोट भी प्राप्त किया। वहां कई मुस्लिम परिवार के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में काम किया झंडा बांधा। उनके घरों में हमले किए गए। उन्हें भयभीत करने का काम किया गया। अराजकता पैदा करने की कोशिश हर जगह हो रही है।

### लोकतंत्र के रक्षकों पर हमला कर रहे है झामुमो और कांग्रेस के गुंडे : मरांडी

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बरहेट के दौरे पर थे।उन्होंने बरहेट के भाजपा प्रत्याशी गामालियन हेंब्रम के समर्थन में वोट करने वाले ईमाम मिर्जा सहित अन्य से मुलाकात की तथा उनके घर पर झामुमो कांग्रेस के गुंडों के द्वारा हुए पथराव की जानकारी ली। मरांडी ने घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा कि आज संविधान दिवस है। भारत का संविधान लोकतंत्र का सुरक्षा कवच है लेकिन कांग्रेस और झामुमो सत्ता के अहंकार में लोकतंत्र के रखवालों पर हमला कर रहे। कहा कि इमाम मिर्जा के घर पर सिर्फ इसलिए पथराव किया गया क्योंकि उसने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। कहा कि आंखों को बंद करने से खतरा नहीं जाएगा, अरे वो देखना पड़ेगा जो देखा नहीं जाएगा। कहा कि झारखंड लवजिहाद- लैंडजिहाद के बाद अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है। हाल यह है कि पत्थर चलाए जा रहे हैं, लाठी मारी जा रही है, घर तोड़े जा रहे हैं, वोट देने के आधार पर जनता को पीटा जा रहा है। ऐसी ही घटना ग्राम मोहम्मदपुर, जिला साहिबगंज में सामने आई है, जहां ईमाम मिर्जा को सिर्फ इसलिए पीटा गया, धमकाया गया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया - क्योंकि उसने अपना विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर जताया था, वोट कमल के फूल पर दिया था।

इसके मद्देनजर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज बरहेट का दौरा किया। इस तरह की घटना पाकुड़ में भी घटी है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भयभीत करने और सामाजिक उत्पीड़न देने का काम किया जा रहा है। मारपीट की घटनाएं घट रही है। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में जीते झामुमो उम्मीदवार के समर्थक पिछले तीन दिनों से लगातार चाकुलिया, बहरागोड़ा में उत्पात मचा रहे हैं। भाजपा सांसद के कहने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सका है।

## रांची उपायुक्त ने संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की दिलाई शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संविधान दिवस पर आज समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में भारत के संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की सामूहिक शपथ ली गई। उपायुक्त, रांची वरुण रंजन ने पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों एवं समाहरणालय कर्मियों ने उपायुक्त के साथ संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई ।

## तेली साहु समाज ने नव निर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहु का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमशेदपुर आवास जाकर तेली साहु समाज के गौरव आन,बान और शान झारखण्ड के सर्वमान्य व लोकप्रिय नेता, विकास पुरुष व पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास के बहू जो भाजपा से जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली पूर्णिमा दास साहु के गौरवपूर्ण व ऐतिहासिक जीत पर विधायिका को झारखण्ड प्रदेश तेली समाज के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुबास साहु ने अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ प्रदान किये और इनकी जीत पर पूरा समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है ।

## नवनिर्मित विस में डॉ भीमराव अंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा के प्रतिमा करें स्थापित : अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीपीआई के राज्य कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान का प्रस्तावना का पाठ किया गया और संविधान में प्रदत अधिकारों पर परिचर्चा की गई। परिचर्चा के अपनी बात रखते हुए राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए हमें कृत संकल्पित होकर आवाज उठाना होगा लड़ना होगा।

हाइकोर्ट के अधिवक्ता कलाम रसीदी ने कहा की जनतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करता है संविधान ।संतोष रजक ने कहा कि संविधान हमे समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार देता हैं। राँची जिला सचिव सह राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय सिंह ने कहा कि देश में संविधान बचाने के लडाई चल रही है।देश में संविधान विरोधी सरकार काबिज है ।जो संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ा रही है ।दूसरी तरफ संविधान की किताब लेकर घुमा जा रहा है । झारखंड में जनता ने संविधान बचाने के लिए जनादेश दिया है। इसलिए झारखंड सरकार सभी सरकारी स्कूल कॉलेजों में प्रस्तावना का पाठ होना अनिवार्य करे और नवनिर्मित विधानसभा में डॉ भीम राव अंबेडकर और संविधान प्रारूप कमिटी के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा की आदम कद प्रतिमा तत्काल प्रभाव से परिसर में स्थापित करे।इस मौके पर ,किरण कुमारी, आरती देवी, मौलाना मुक्ति अजहर कासमी,मनोज ठाकुर, श्यामल, संतोष रवि , सुषमा देवी राजेंद्र रविदास, प्रमोद कुमार सिंह, पंकज सिंह,तालों गांगुली, घोष दा, स्वप्न दा,संजीत कुमार,नागो चौधर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी के सौजन्य से सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में उनी वस्त्रो का वितरण।परमहंस डाज़्संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ राँची में एम.आरज़ एसज़्श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शाखा सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) राँची में आज मंगलवार दिनाक 26 नवम्बर 2024 को एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारीगण एवं ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच ठण्ड के मौसम को देखते हुए उनी टोपी,उनी मोजा एव उनी लोवर (ट्राउजर) का वितरण किया।ठंड के मौसम में गर्म टोपी मोजा एवं लोवर पेंट मिलने से सभी कोई बहुत ही खुश दिखाई दे रहे थें।सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। सेवा के महान कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाडिया,नन्द किशोर चौधरी,विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी इनके अलावा भी और बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## सीआरएम की टीम ने रांची में अधिकारियों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (सीआरएम) के तहत राज्य में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) की टीम झारखंड दौरे पर है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ इंद्रानिल दास और अवर सचिव मलय कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम साहेबगंज और पूर्वी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करेगी। फिल्ड विजिट से पूर्व मंगलवार को नामकुम स्थित आरसीएच सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिलों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कु ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। टीम ने



मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, समुदाय उत्प्रेरण, 108 एवं 104, आईईसी, मलेरिया, कुष्ठ, यक्ष्मा, आईडीएसपी, मानव संसाधन, वित्त सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ इंद्रानिल ने बताया कि झारखंड में स्वास्थ्य कार्यक्रम बेहतर ढंग से कार्यान्वित किए जा रहे है, जिससे राज्य का स्वास्थ्य सूचकांक बेहतर हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र के अलग-अलग विशेषज्ञ हमारे साथ तीन दिवसीय यात्रा पर हैं, जिसमें झारखंड में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी लेंगे। हम समुदाय में जाकर ग्रामीणों से, स्वास्थ्य सहिया से, अस्पताल में मरीजों से मुलाकात करेंगे। स्वास्थ्य संस्थानों के आधारभूत संरचना कर्मचारियों की कार्यशैली इत्यादि की जानकारी लेंगे। अभी हम उपरोक्त जिलों के किन-किन स्वास्थ्य संस्थानों एवं स्थानों का हम दौरा करेंगे, इसकी जानकारी साझा नहीं की गयी है। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ चन्द्रकिशोर शाही ने सीआरएम टीम को बताया कि राज्य का स्वास्थ्य विभाग क्यूरेटिव और प्रिवेंटिव दोनों मेजर पर काम कर रहा है।

## भारतीय संविधान के बारे में जानना और आस्था रखना सभी के लिए आवश्यक : कुलपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस के 75वें वर्षगांठ पर मंगलवार को संगोष्ठी सह प्रस्तावना शपथ कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार में आयोजित की गयी। मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान के बारे जानना और आस्था रखना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान में 395 अनुच्छेद, 25 भाग, 12 अनुसूचियां हैं एवं एक लाख पैतालीस हजार शब्द हैं। उन्होंने



कहा कि भारतीय संविधान हस्तलिखित है। इसमें संप्रभुता, समाजवाद, लोकनिर्पेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र आदि उद्देश्य शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस के स्वयंसवकों से भारतीय संविधान का स्वयं अध्ययन करने और दूसरों को भी इससे अवगत कराने की अपील की। कुलपति ने उपस्थित प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का शपथ कराया । इस अवसर पर आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को डॉ बीके सिन्हा, डॉ आनन्द कुमार ठाकुर, डॉ कुमुद कला मेहता, डॉ भारती द्विवेदी, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ चंचल लकड़ा, डॉ सीमा केशरी, एन एस एस के टीम लीडर्स आस्था दीप, श्रेयसी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के टीम लीडर अतुल कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने किया।

## भवनाथपुर के नव निर्वाचित विधायक अनन्त प्रताप ने सुप्रियो भट्टाचार्य से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के भवनाथपुर विधानसभा से नव निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने झामुमो कार्यालय में आकर औपचारिक मुलाकात की। अनंत प्रताप देव ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एक मजबूत सरकार है। इंडिया गठबंधन की यह सरकार है ।

झारखंड मुक्ति मोर्चा लगातार आपने सराहनीय कार्यो की बदौलत दूसरी बार सरकार बनाने में सफल रही है। दूसरी बार हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनेंगे। राज्य और राज्य की जनता का पूरा ख्याल रखा जायेगा। युवाओं को रोजगार मिलेगा, शिक्षा सस्ती और बेहतर होगी, स्वास्थ सिस्टम में सुधार होगा, अपराध पर नकेल लगेगा ।

विकास के सभी कामों को किया जायेगा कोई भी लंबित काम नहीं रहेगा।

## विधानसभा में मनाया गया संविधान दिवस



**रांची :** संविधान दिवस के अवसर पर झारखंड विधानसभा में संविधान की प्रस्तावना का पाठ झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर के नेतृत्व में किया गया ।इस अवसर पर विधानसभा के पदाधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## रक्तदान, महादान से ढ़ेरो फायदें हैं : आनन्द लाठकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रक्त अधिकोष सदर अस्पताल, रांची द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संजय आनन्द लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान झारखंड ने रक्तदान महादान के अनेकों फायदे बताये, उन्होंने बताया कि सभी संस्था को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में ब्लड की आवश्यकता पड़ सकती है आए दिन सड़क दुर्घटना आदि की सूचना मिलती है मालुम होता है कि 04 - 05 लोग मारे गए शेष घायलों को खून की कमी के कारण नहीं बचाया जा सका उक्त के आलोक में ब्लड बैंक को सशक्त करने की



आवश्यकता है।इन्हों ने बताया की हमें रक्तदान क्यों करना चाहिए? आपको यह जानने के लिए खुद रक्तदान करना होगा। रक्तदान करके आप सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराकर एक स्वस्थ, खुशहाल समाज की दिशा में बहुत बड़ा योगदान देते हैं। रक्तदान के कोई दुष्प्रभाव नहीं हैं। रक्त बैंक का स्टाफ यह सुनिश्चित करता है कि आपका रक्तदान एक अच्छा अनुभव हो, ताकि आप बार-बार रक्तदान करने वाले व्यक्ति बन सकें। ऐसे कई लोग हैं जिन्होंने अपने जीवन में 25-100 से ज़्यादा बार रक्तदान किया है।योग्य दाता की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए, उसकी जीवनशैली स्वस्थ होनी चाहिए, शरीर का वजन 45 किलोग्राम से अधिक होना चाहिए, हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक होना चाहिए। इनके द्वारा विभिन्न संस्था से आए कुल 81 संस्थानों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ विमलेश सिंह, डॉक्टर एस प्रसाद डॉक्टर अखिलेश झा, डॉक्टर स्टीफन खेश,डॉक्टर, दो रंजू सिंहा एमओआईसी, ब्लड बैंक, डीपीएम प्रवीण सिंह, दो ईशानी एमओआईसी, बुड़मू आदि मौजूद रहे।

## पुलिस मुख्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संविधान दिवस के अवसर पर 26.11.2024 को पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची के प्रांगण में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, झारखण्ड के द्वारा उपस्थित वरीय पुलिस पदाधिकारियों/कनीय पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को भारतीय संविधान के उद्देशिका ÷हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई0 को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और



आत्मार्पित करते हैं÷ की शपथ दिलाई गई। इस शपथ ग्रहण के अवसर पर अजय कुमार सिंह, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक* , झारखण्ड, आर के मल्लिक, पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एंव आधुनिकीकरण, अमोल विनुकान्त होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, अन्नेपु विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, कार्तिक एस0, पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अश्विनी कुमार सिन्हा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, वितंतु, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, चंदन कुमार झा पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा एवं अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान उपस्थित रहे।

## स्टडी सर्कल में चेस टूर्नामेंट का हुआ भव्य और सफल आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कडरू (न्यू एजी कॉलोनी) : स्टडी सर्कल द्वारा आयोजित एक दिवसीय चेस टूर्नामेंट का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की अद्भुत प्रतिभा देखने को मिली। इस टूर्नामेंट में अंडर-10 और अंडर-15 श्रेणियों में कुल 50 बच्चों ने भाग लिया। स्टडी सर्कल के निदेशक श्री राजा चक्रवर्ती ने बताया कि यह पहला अवसर था जब इस तरह का टूर्नामेंट स्टडी सर्कल में आयोजित किया गया। अंडर-10 श्रेणी में सात्विक मोदी ने प्रथम स्थान, सिद्धांत कुमार ने द्वितीय स्थान, और कृशांक रिदित् ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंडर-15 श्रेणी में प्रखर कुमार प्रथम, रतिष धनुका द्वितीय, और गौरव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में पॉलिटेक्स एक्सपर्ट्स के निदेशक डॉ. मेहुल प्रसाद, इंटरनेशनल अर्बिटर दीपक कुमार और नेशनल अर्बिटर अरुण कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा विजेताओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में सुदेशना चक्रवर्ती और सोमोजीत पाल ने विशेष योगदान दिया। इस आयोजन ने बच्चों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया, बल्कि शतरंज के प्रति उनकी रुचि को भी बढ़ावा दिया।

## एकेडमी के बच्चों ने जीते स्वर्ण समेत सात पदक

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली में 20वें झारखंड राज्य सब जूनियर वुशु चैंपियनशिप में कनभीठा के पैराडाइज एकेडमी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। एकेडमी की प्राचार्या मीनू मुमताज के अनुसार वुशु चैंपियनशिप का आयोजन 23 व 24 नवंबर को किया गया था। इसमें एकेडमी के अर्जुन उरांव ने स्वर्ण पदक व अन्य छह बच्चों लक्ष्मी टोप्पो, निखिल उरांव, निशी उरांव, कैलाश उरांव, आशीष उरांव व अंश उरांव ने रजत पदक व कांस्य पदक जीते।

## रूडसेट संस्थान सिल्ली में एक दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम का आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में सोमवार को एक दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम एचआरडी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि निशि कांत नीरज डीपीएम,जेएस एलपीएस रांची उपस्थित हुए और दस हजार प्रशिक्षु के प्रशिक्षण का लक्ष्य पूरा होने के शुभ अवसर पर केक काट कर सभी को बधाई दिए और प्रोग्राम की शुरुआत किए। इस कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखंड से आए बीपीएम ने भाग लिया । मुख्य अतिथि ने यह संदेश दिए कि रुडसेट संस्थान में हो रहे प्रशिक्षण को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है और वित्तीय वर्ष के टारगेट को कैसे पूरा किया जाए इस पर विशेष चर्चा किए । इस कार्यक्रम में शिव कुमार रमन जिला प्रबंधक स्किल्स रांची, प्रमोद कुमार जिला प्रबंधक उद्यमिता विकास रांची,दीपक कुमार जिला प्रबंधक वित्तीय समावेश रांची, सचिन प्रकाश जिला प्रबंधक एमआईएस रांची उपस्थित रहे और सभी लोगों ने प्रशिक्षण से संबंधित अपनी विचार को रखे। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने रुडसेट संस्थान के सभी कार्यक्रम को पीपीटी के माध्यम से दिखाये और साथ मिलकर कार्य करने की बात कही । मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ट जगदीश चंद्र महतो, दशरथ महतो,महेश रुहिदास , सुनील मुंडा आदि उपस्थित रहे ।

## सम्यक ज्ञान निकेतन एवं डॉ.अम्बेडकर विचार मंच के तत्वाधान में मना संविधान दिवस



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अम्बेडकर मैदान बुकबुका में सम्यक ज्ञान निकेतन एवं डॉ.अम्बेडकर विचार मंच के तत्वाधान में मनोज भुईयां की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया.कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण किया. साथ ही संविधान की रक्षा तथा जनसेवा की प्रतिज्ञा ली गयी. मौके पर मनोज भुईयां ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान में देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार दिए हुए है. कहा कि सभी नागरिकों को चाहिए कि समाज में संविधान के द्वारा भाईचारा एवं प्रेम का सेतु का निर्माण करे. इस अवसर पर मुख्य रूप से गणेया भुईयां, विकेश सिंह विक्की, अशोक राम, चमन तुरी, रवीन्द्रनाथ चैधरी, दिलीप तुरी, शिबू तुरी, देव मुंडा, श्यामजी महतो, शम्भूनाथ गंझू, महावीर गंझू, रमेश गंझू, कामेष्वर निशाद, बुधराम मुंडा, जयराम मुंडा, राजनाथ पाहन सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## मोहननगर फुटबाल टूर्नामेंट के विजेता बना नेहरू क्लब



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहननगर वर्ल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल नेहरू क्लब ने जीत लिया। मंगलवार को खलारी के मोहननगर मैदान में खेले गए प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नेहरू क्लब ने मोहननगर मामा क्लब को 1-0 गोल से हरा दिया। फाइनल मैच समारोह के मुख्य अतिथि मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबाल किक कर खेल का शुभारंभ किया। अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि मोहननगर के लोग खेलप्रेमी हैं। यहां अक्सर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहती हैं। खलारी के दूसरे गांव टोलों में भी खेल के प्रति रूचि बढ़ानी चाहिए। समय समय पर ऐसी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अवसर मिलता है और उनकी पहचान बनती है। कहा कि आज बच्चों से लेकर युवा तक आउटडोर खेल छोड़ मोबाइल गेम के दीवाने हैं। उन्होंने मोबाइल का इस्तेमाल संवाद व ज्ञान के लिए करने कहा। प्रतियोगिता के विजेता टीम को 30 हजार रूपए नगद व एक बड़ा कप तथा उपविजेता को 20 हजार नगद व एक कप दिया गया। इस अवसर पर कृष्णा चौहान, रमेश चौहान, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, रामबलि चौहान, अशर्फी राम, प्रदीप भुइयां, कमलेश कुमार, शक्ति कुमार, हसन अंसारी, धर्मेन्द्र चौहान आदि उपस्थित थे।

## लपरा के अमृत सरोवर मना संविधान दिवस



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लपरा के अमृत सरोवर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम संविधान की शपथ ली गई।साथ ही संविधान में दीए गए अधिकार एवं कर्तव्यों को ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जेई रमेश कुमार, मुखिया पुतुल देवी, पंचयत सेवक रिशु कुमार, रोजगार सेवक विश्वरंजन कुमार, अजय कुमार, रवींद्र साहू, प्रदीप यादव, सुमन देवी, सोनी कुमारी, चिंता देवी, बबीता देवी, भोला साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के जीत का विजय जुलूस सह अभार यात्रा निकला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मांडर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के जीत पर मंगलवार को विजय जुलूस सह अभार यात्रा निकाला गया। यात्रा केशा मोड़ से निकलकर कॉलेज गेट, तेतर टोली, देवी मंडप, बजारटांड़, गुमला सड़क, लोहरदगा सड़क होते हुए महादानी मैदान पहुंची। जहां विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि ये जीत का श्रेय जनता को जाती है, जिन्होने इस झारखंड को लुटने से बचाया, जिन्होने झारखंड को बटने और कटने से बचाया। चुनाव के दौरान एक से बढ़कर एक खिलाड़ी आये असाम से भी आए, मध्यप्रदेश से भी आये मगर आप लोगों ने सबको बेरोजगार कर दिया। सब बोरिया बिस्तर बांधकर वापस चले गये और आज दुबारा से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनती है। जिन लोगों ने हमारे मईयां सम्मान जैसे योजनाओं का तिरस्कार किया था वो भी आज खुश हैं कि दिसंबर से 2500 रूपैया मिलने वाली है। बहुत लोगों का मंशा यहां कमल खिलाने का था। भाईयों बहनों मांडर विधानसभा कोई किचड़ नहीं हैं, समुंदर है समुंदर, इसमें कोशिश भी करोगे तो खुद डुब जाओगे। आज आपकी ये बेटी आने वाली 25-30 साल के लिए आपलोगों को समर्पित कर रही है। विजय जुलूस में उपप्रमुख मोद्दसिर हक, प्रो0 करमा उराँव, नवल किशोर सिंह, मो0 फहिम, पिंकु खन्ना, रईफुद्दीन मिरदाहा, गोबर्धन महतो, मंजुर अंसारी, रूसतम अंसारी, बिरसु उराँव, पंचस सिलवेस्टर मिंज, बिशेषवर उराँव, रौशन तिर्की, महेबुल ओहदार सहित कई लोग शामिल थे।

# भारथी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीच्यूशन द्वारा प्रभात फेरी स्वच्छता कार्यक्रम व पेंटिग प्रतियोगिता का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** माण्डर कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीच्यूशन द्वारा संचालित भारथी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन,भारथी कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग- तथा जीएनएम एंव भारथी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के विभागों में डाक विभाग जीपीओ राँची के तत्वाधान में प्रभात फेरी, स्वच्छता कार्यक्रम तथा पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही एनएसएस के तहत जागो ग्राहक जागो अभियान तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा महाविद्यालय के सभागार कक्ष मे संविधान दिवस तथा जनजातीय गौरव दिवस का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या श्रीमति दीपाली पराशर, सीनियर पोस्ट मास्टर, जीपीओ राँची के संदीप सर, उपस्थित थे। श्रीमति दीपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गाँव करकरा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर गाँव वासियों को अपने हक व अधिकार को लेकर जागरूक किया गया ताकि वह अपने अधिकारों से वंचित न हो। साथ ही महाविद्यालय में हुए संविधान दिवस व जनजातीय गौरव कार्यक्रम के तहत जो झाँकी प्रस्तुत की गयी। वह झारखण्ड के संस्कृति की बेहतर प्रस्तुती की गयी। इस पर उन्होंने दो टुक कहा कि यहाँ की आदिवासी संस्कृति में काफी प्रतिभा छुपी हुई है बस उन्हे महाविद्यालय द्वारा प्लेटफार्म दिया जा रहा है। ताकि उसकी प्रतिभा दबी न रह जाय। इसके अलावा पेंटिग प्रतियोगिता के प्रथम स्थान पर रश्मि तोपनो (बीएड विभाग) द्वितीय सुबोध उराँव (नर्सिंग विभाग) तथा तृतीय बुशरा परवीन (फार्मेसी विभाग) को जीपीओ राँची के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा गिफट देकर उन्हें सम्मानित किया गया है। डीन डॉ. उपेन्द्र उपाध्याय ने संविधान के बारे में लोगो को जागरूक किया। मौके पर व्याख्याता राकेश कुमार राय, आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, विवेक राज जायसवाल, विनोद गुप्ता, रिभा कुमारी, रश्मि सिन्हा जलीस अहमद, सुबोध कुमार, अमित कुमार, सह-प्राचार्या नर्सिंग विभाग निहारीका श्रीवास्तव, व्याख्याता अंजेला, प्रतिमा कुजुर फार्मेसी विभाग के प्राचार्य संकेत कुमार, विवेक, सुनील, तुलसीदास उपस्थित थें।

# सीसीएल कार्यालय मे मनाया गया संविधान दिवस, संविधान की रक्षा का लिया शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के सभी परियोजना कार्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर कई जगह पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें संविधान दिवस के अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखे गए संविधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना वर्कशॉप कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया।इस




मौके पर परियोजना के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रस्तावना संदेश को पढ़कर संविधान की रक्षा के लिए शपथ लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने कहा कि संविधान ने देश के नागरिकों को उनकी पहचान दिलाने का काम किया है।संविधान से ही देश की प्रगति और उन्नति आगे बढ़ रही है।संविधान का पालन करते हुए ही सभी कार्यो का निष्पादन भी किया जा रहा है।वर्तमान में देश के सभी नागरिकों को संविधान की जानकारी रखने की जरूरत है,साथ ही इसके प्रति सभी लोगो को जागरूक होने की जरूरत है।इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह,खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह,परियोजना अभियंता उत्खनन मिथिलेश कुमार,कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,जगदीश मंडल, श्रमिक प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह,भीम प्रसाद मेहता,रविंद्र कुमार सिंह, प्रयाग राम,दिनेश कुमार ठाकुर,दिलीप कुमार महतो सहित काफी संख्या में सीसीएल अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## कार एवं ट्रक के धक्के से बाल बाल बचे क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली/मुरी :** मुरी गोला पथ (लोदमू) लोवादाग के समीप सोमवार देर रात कार और ट्रक के धक्के से सिल्ली रामपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायिक गोलक साहू बाल बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक रामपुर निवासी गोलक साहू अपने परिवार के साथ मुरी में विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस घर जा रहे थे। इसी क्रम में लोदामू के समय विपरीत दिशा से आ रहे हैं ट्रक नंबर बीआर 02 3979 से सीधे टक्कर हो गया। जिससे व्यावसायिक गोलक साहू एवं उनके परिवार बाल बाल बच गए। ट्रक चालक औरंगाबाद रफीगंज निवासी रंजीत कुमार ने बताया कि रामगढ़ से जमशेदपुर जा रहा था। इसी क्रम में सिल्ली थाना थाना के द्वारा किसी प्रकार का दोनों वाहनों को जब्त नहीं किया गया और एक आवेदन में समझौता कर लिया गया। इसी क्रम में प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि सिल्ली थाना में में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। दोनों के बीच समझौता कर दिया गया है।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मनाया गया सविधान दिवस

# सभी को एकजुट होकर संविधान को बचाने की जरूरत : मुंद्रिका प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोशियेसन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा बचरा के अंबेडकर चौक में संविधान दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।




इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर राम एंव संचालन बाबूलाल राम ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद ने डॉ. भीम राव आम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की,जिसके बाद उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।जिसके बाद बाबा साहेब के द्वारा लिखे गये संविधान के प्रस्तावना संदेंश को पढ़कर सभी को शपथ दिलायी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने संविधान दिवस पर प्रकाश डाला।वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान से देश चल रहा है, लेकिन वर्तमान में कुछ लोग संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं।संविधान के साथ छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश के सभी धर्म समुदाय के लोगों को एकजुट होकर संविधान की रक्षा करने की जरूरत है।देश में संविधान को खत्म करने का माहौल बनाया जा रहा है, जिसका पुरजोर विरोध भी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संविधान ने देश के नागरिकों को उनका हक और अधिकार दिया है।ऐसे में सभी लोगों को मिलजुल कर एंव एकजुट होकर संविधान को बचाने के लिए सार्थक पहल करने की जरूरत है।इस मौके पर मुंद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, रामजीत राम,संतोष कुमार राम,नरेश सेठ,उमेश कुमार मेहता,गंगा राम,लखेश्वर लाल,बिरेंद्र महतो,निरंजन प्रजापति,ललकु भुईयां, फुलेन्द्र कुमार राम,क्युम अंसारी,ललेन्द्र कुमार,गणेश राम,जमुना रजवार,किशोरी साव,अनिल कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस, बच्चों ने लोगों को किया जागरूक




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में संविधान दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक आरबी प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आरबी.प्रसाद ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।कक्षा नवम की छात्रा नौरीन ने संविधान पर भाषण दिया। संविधान के बारे में अज्ञात तथ्यों से अवगत कराया। इसके साथ ही कक्षा सातवी के विद्यार्थियों ने लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का अभिनय भी किया।वही सामाजिक विज्ञान के शिक्षक सीएस सिंह ने बच्चों को दिए अपने संदेश में कहा कि हमारा संविधान कड़ी मेहनत का नतीजा है और भारत में रहने वाले हर वर्ग के लोगों की परवाह करता है और उन्हें समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है।यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में से एक है।कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संविधान के प्रति जागरूक होने की अपील की गई।इस अवसर पर स्कुल के सभी बच्चे व शिक्षक और शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत पर कोयलांचल में आज निकाला जायेगा विजयी जुलूस



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिले प्रचंड बहुमत की खुशी में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आज इंडिया गठबंधन के द्वारा विजयी जुलूस निकाला जाएगा।इसको लेकर मंगलवार को पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर बाजारटांड़ में इंडिया गठबंधन के लोगों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता इकबाल हुसैन और संचालन धनेश्वर गंझू ने किया।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन को भारी बहुमत हासिल कर सरकार बनने के उपलक्ष में बुधवार 27 नवंबर को कल्याणपुर से बहेरा चौक तक भव्य विजयी जुलूस निकालने एंव सभा करने का निर्णय लिया गया। इस विजयी जुलूस मे मुख्य अथिति के रूप मे सिमरिया विधानसभा से महागठबंधन के प्रत्यासी मनोज चंद्रा शामिल होंगे।बैठक में मौजूद इंडिया गठबंधन के लोगों ने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से इस विजयी जुलूस एवं सभा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।बैठक में मुख्य रूप से इकबाल हुसैन,धनेश्वर गंझु, रामचंद्र उराव,फहीम रजा ऊर्फ डायमंड,रंथु गंझू,सचिन पासवान,मिश्रा पासवान, बाबूलाल उराव,राहुल राम, सलीम जावेद,मोहम्मद असलम,अब्दुल अंसारी, दिनेश टाना भगत,हाजी तनवीर आलम,इदरीश अंसारी सहित इंडिया गठबंधन के कई लोग मौजूद थे।

## किड्स ए जूनियर स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस, बच्चों ने निकाली रैली




**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किड्स ए जूनियर स्कूल (बी टाइप डकरा) में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा संविधान दिवस पर रैली निकाली गई, जो डकरा ए टाइप से होते हुए हॉस्पिटल रोड तक गयी। साथ ही विद्यालय में किड्स क्लब एक्टिविटी का भी आयोजन किया गया। जिसमें संविधान से संबंधित भाषण, स्लोगन, नाटक एवं नृत्य का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार उपाध्याय ने भारत देश के संविधान के बारे में जानकारी देते हुए बताया की 26 नवंबर 1949 को संविधान पूर्णता बनकर तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। जिसे आज हम गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी के रूप में मानते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाएं कुमारी क्षिप्रा आनंद, पूजा सिंह, पूजा यादव, पूनम कुमारी, अंजली थापा, खुशबू कुमारी, दीपशिखा कुमारी, सेजल सिंह सहित विद्यालय कर्मचारियों का सरहानीय योगदान रहा।

## गुड़ाबांदा के लिये सीएम से करेंगे स्पेशल पैकेज की मांग : रामदास



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबुलाल सोरेन को चुनाव में पटखनी देने के बाद विधायक रामदास सोरेन ने मंगलवार को गुड़ाबांदा का दौरा किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को समर्थन देने के लिए आभार जताया। इस दौरान भालकी में कार्यकर्ताओं ने जिला सदस्य बिमल कर्मकार और प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू के नेतृत्व में रामदास सोरेन का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया। अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। भालकी और कासियाबेड़ा में विधायक रामदास सोरेन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भालकी पंचायत में प्लस टू हाईस्कूल स्थापित करना पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर विधायक रामदास सोरेन ने शहीदों को नमन भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुड़ाबांदा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू, बिमल कर्मकार, राजेश सोरेन, मनोरंजन मंडल, बुद्धेश्वर मार्डी, रेखा रानी मंडल, जारा मंडल, शैलेंद्र बास्के, जगदीश भकत, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, कालिपद गोराई, काजल डॉन समेत ग्रामीण व गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**हेमंत 2.0 में मिल सकता है मंत्री पद :** विधायक रामदास सोरेन को हेमंत सोरेन की सरकार में जल संसाधन, तकनीकी व उच्च शिक्षा मंत्रालय प्राप्त हुआ था। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें मंत्री बनाया गया था। हेमंत सोरेन के दूसरे कार्यकाल में भी रामदास सोरेन का मंत्री बनना तय माना जा रहा है।

## संविधान दिवस पर दिघी भूला उच्च विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दिघी भूला में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन जमशेदपुर की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र जमशेदपुर के जिला अधिकारी अंजली कुमारी की उपस्थिति में सबसे पहले विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत एक पेड़ लगाया गया। उसके बाद शिक्षक- शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के साथ संविधान के प्रस्तावना को पढ़ा गया। विद्यालय परिसर से भूला मोड़ तक पदयात्रा निकाली गई । संविधान विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा भारती महतो प्रथम,10वीं की सुषमा सिंह द्वितीय, और 12वीं की कविता सिंह व पूर्णिमा महतो ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त की। कार्यक्रम में शिक्षिका चित्रा महांती, शिक्षक संजीव कुमार सिंह, कल्याणी कुमारी, श्वेता मिश्रा, अमित कुमार पुराण, गणेश गोराई, सुनीता विनायक आदि उपस्थित थे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत सभी न्यायिक पदाधिकारियो ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने संविधान के निर्माण इसके प्रस्तावना एवं इसके लागू होने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक परिचयात्मक कथन है जो संविधान के मार्गदर्शक सिद्धांतों और मूल मूल्यों को रेखांकित करता है। यह भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है और अपने सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया। जबकि 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। संविधान की प्रस्तावना पढ़ने के दौरान जिला विधिक प्राधिकार के सचिव राजेंद्र प्रसाद के अलावा न्यायालय के कर्मचारी भी शामिल हुए। वहीं घाटशिला व्यवहार न्यायालय में भी मंगलवार को संविधान दिवस पर उसकी प्रस्तावना का पाठ किया गया। जिसमें वहां पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। दूसरी और जिले के सभी प्रखंड पंचायत एवं थानों में खोले गए विधिक सहायता केंद्र में पदस्थापित पारा लीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा अलग अलग जगहों पर संविधान दिवस पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

## बर्निंग घाट के बाहर खड़ी कार में अचानक लगी आग, मचा अफरा-तफरी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइंयाडीह बर्निंग घाट के पास मंगलवार को अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब घाट के बाहर खड़ी एक कार में आग लग गई। कार के अंदर से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत हरकत में आते हुए अग्निशमन विभाग को सूचना दी। साथ ही, आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। स्थानीय लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, तब तक कार का इंटीरियर पूरी तरह जल चुका था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को पूरी तरह शांत कर दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## सीएसआईआर-एनएमएल ने मनाया प्लेटिनम जयंती स्थापना दिवस समारोह

# वैश्विक बाजार में एनएमएल वैज्ञानिकों के लिये अपार संभावनाएं : डॉ. कलैसेल्वी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीएसआईआर -एनएमएल ने आज अपना प्लेटिनम जयंती स्थापना दिवस समारोह मनाया। सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी ने मैग्नीशियम पायलट प्लांट क्षेत्र, नीलडीह, जमशेदपुर में मैग्नीशियम धातु के उत्पादन के लिए पायलट प्लांट की आधारशिला रखी।

सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, टाटा स्टील लिमिटेड के स्टील निर्माण के उपाध्यक्ष चैतन्य भानु और सीएसआईआर-एनएमएल के प्रशासनिक अधिकारी आदित्य मैनक ने दीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की डॉ. संदीप घोष चौधरी, निदेशक, सीएसआईआर- एनएमएल ने स्वागत भाषण दिया और 1950 में अपनी स्थापना के बाद से देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में सीएसआईआर- एनएमएल के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बात की। डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक, सीएसआईआर एवं सचिव डीएसआईआर ने प्लेटिनम जयंती के अवसर पर सीएसआईआर- एनएमएल के निदेशक एवं सीएसआईआर- एनएमएल परिवार के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने सामाजिक मिशन सहित प्रक्रिया/उत्पादों के व्यावसायीकरण के विभिन्न मोर्चों पर सीएसआईआर- एनएमएल के योगदान एवं सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि वैश्विक बाजार में अनुसंधान और विकास के मद्देनजर एनएमएल वैज्ञानिकों के लिए बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने भारतीय बाजार को आकर्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो वर्तमान में तीसरे स्थान पर है। वर्तमान में पूरी दुनिया इस भारतीय बाजार की तलाश कर रही है। उन्होंने समय के साथ मेल खाने वाली विशेषताओं के साथ प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल ने कर्मचारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान किया।

इनमें मुख्य रूप से पिछले कैलेंडर वर्ष में लाइसेंस प्राप्त या व्यावसायीकृत सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी के लिए प्रो. वी.ए. अल्टेकर पुरस्कार, प्रकाशित सर्वोत्तम पेपर के लिए डॉ. बी.आर. निझावन पुरस्कार, सर्वोत्तम इन-हाउस प्रोजेक्ट के लिए प्रो. शिलोभद्र बनर्जी पुरस्कार, वर्ष 2022 के दौरान तकनीकी/गैर-तकनीकी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के लिए प्रो. पी. रामचंद्र राव पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में एनएमएल स्टाफ के बच्चों को कई मेधावी पुरस्कार शामिल हैं।

इस वर्ष, डॉ. बी आर निझावन का पुरस्कार सुश्री निशा गुप्ता और डॉ. पल्लब भट्टाचार्य को उनके शोध पत्र माइक्रोवेव-प्लाज्मा प्रेरित एक-चरण संश्लेषण Ni(PO3)2 नैनोस्फीयर-लोडेड बायो-वेस्ट व्युत्पन्न N, P को-डॉप्ड कार्बन फॉर एन एसिमेट्रिक सुपरकैपेसिटर विद लॉन्ग लाइफ के लिए दिया गया, जो जर्नल ऑफ मैटेरियल्स केमिस्ट्री सी में प्रकाशित हेतु प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ इन-हाउस परियोजना के लिए प्रो. शिलोभद्र बनर्जी पुरस्कार डॉ. कृष्ण कुमार, सुश्री वाई उषा, डॉ. एम मदन, डॉ. रोहित बी मेश्राम, एम उदय भास्कर राव, डॉ. नवनीत सिंह रंधावा, निमाई हलदर, डॉ. गणेश चलवाडी, डॉ. अशोक के. को मैग्नीशियम धातु उत्पादन के लिए एनएमएल की रिटॉर्ट प्रौद्योगिकी पर जांच परियोजना के लिए प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के लिए प्रो. पी. रामचंद्र राव पुरस्कार तकनीकी श्रेणी में श्री एच.एस. तिर्की, वरिष्ठ तकनीशियन, इंजीनियरिंग प्रभाग और गैर-तकनीकी श्रेणी में सीताराम मुर्मू, एसएसए (भंडार एवं क्रय) को दिया गया। सीएसआईआर-एनएमएल के प्रशासनिक अधिकारी आदित्य मैनाक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समानता, स्वतंत्रता व न्याय मूल्यों पर चलने की हमें प्रेरणा देता है संविधान : विश्वनाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मंगलवार को पटमदा के काटिन चौक परिसर में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने संविधान दिवस के मौके पर संविधान प्रस्ताव का पाठ किया। इस दौरान बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। मौके पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी विश्वनाथ महतो ने कहा कि भारतीय संविधान न केवल एक विधिक दस्तावेज है बल्कि यह हमारे देश की विविधता, एकता और प्रगतिशील सोच का प्रतीक है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देता है। संविधान के लागू होते ही समाज को निष्पक्ष न्याय प्रणाली मिली। नागरिकों को मौलिक अधिकारों की आजादी मिली और कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी। आज का दिन इस संविधान के पितामाह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करने का दिन है। मौके पर आकाश मुखी, जितुलाल मुर्मू, ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र सिंह, माणिक चंद्र बेसरा, कृष्णपद महतो, विवेक सहिस, सुखदेव हेम्ब्रम, जितेन्द्र मुर्मू, सुकुमार मिश्रा, नरेश महतो, स्वपन गोप, अजय कुम्भकार, चंचल कुम्भकार, अजय मुर्मू, ठाकुर दास, खेरवाल हांसदा, चंडीचरण गोप, श्रावण महतो, बाबूलाल सोरेन, निर्मल महतो एवं देवेन हेम्ब्रम आदि लोग मौजूद थे।

## गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व आयोजन में सहयोग करेगी बिहार सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी के 359 वें प्रकाश पर्व पर बिहार सरकार पूर्व की भांति पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। यह भरोसा राज्य सरकार की ओर से बिहार सरकार के विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत और पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रबंधन कमेटी के प्रतिनिधिमंडल को दिया है। श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बिहार सरकार के विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह एवं पर्यटन निदेशक विनय कुमार से मिला और आयोजन की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। गुरु गोविंद सिंह कन्या उच्च विद्यालय के पूर्व सचिव अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने बताया कि 4,5 एवम 6 जनवरी 2025 को दशमेश पिता श्रीगुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज जी के पावन प्रकाश पर्व के मद्देनज़र कंगन घाट के पास सौन्दर्यकरण एवं कोरिडोर एवं अन्य मुद्दों पर उनसे प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा की। बिहार सरकार के द्वारा पूर्ण सहयोग देने की बात पदाधिकारी द्वारा कही गई एवं आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही कार्यों का निष्पादन होगा । प्रतिनिधिमंडल में महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह के अलावा सुमित सिंह कलसी मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों की कानून बनाने में रुचि बढ़ जाये तो विसंगतियां खत्म हो जाएंगी: सरयू

**- संविधान दिवस पर जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन ने विधायक को सम्मानित किया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मैं राजनीति में हूं। काम करता हूं। इंसान हूं। मैं आपसे यह अपेक्षा करता हूं कि अगर काम करते वक्त मुझसे भी कोई गलती हो जाए या आपको मेरे किसी भी काम में कोई गलती दिखे तो आप तत्काल मुझे उसके बारे में बताएं। मैं तत्क्षण उस गलती को सुधार लूंगा। जरूरत पड़ी तो उस काम को भी रोक दूंगा। मेरा मकसद बेहतर काम करने का है और मैं इसमें आप सभी अधिवक्ताओं का सहयोग चाहता हूं।

उक्त बातें जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय ने कही। वह बार एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। संविधान दिवस के मौके पर जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन ने सरयू राय के सम्मान का कार्यक्रम रखा था। श्री राय ने कहा कि हमारा भारतीय संविधान एक लचीला संविधान है। हम सभी अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे हैं। आप अधिवक्ता हैं तो आप लोगों को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। हम लोग राजनीति में हैं तो नियम-कानून बनाते हैं। विधानसभा में हम लोग बैठते हैं। अगर नियम-कानून सही तरीके से बन जाएं तो आज जो भी विसंगतियां हमें दिख रही हैं, वह नहीं दिखेंगी।

इसके पूर्व जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रतीन दास ने श्री राय का स्वागत किया। उनके साथ श्री राय का जनरल सेक्रेट्री राकेश रंजन, अधिवक्ता बरियार, बलई पांडा, राजहंस तिवारी, आरडी सिंह और कमेटी के अन्य सदस्यों ने स्वागत किया।

## इकोनोविस्टा 2024 का ओवरऑल चैंपियन बना सेंट मेरी हाई स्कूल, रनर अप जुस्को स्कूल कदमा

**- जुस्को स्कूल साउथ पार्क द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 23 स्कूलों से 600 छात्र हुए शामिल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क द्वारा स्कूल परिसर में आयोजित इकोनोविस्टा 2024 चौथे संस्करण में सेंट मेरी हाई स्कूल ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती वहीं जुस्को स्कूल कदमा ने रनर अप ट्रॉफी जीती। इस कार्यक्रम में 23 स्कूलों के 600 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ दीपक पी कामथ, जेईएम फाउंडेशन के प्रशासक ए एफ मदन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जेईएम फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस और केएचएस के उप प्राचार्य राकेश पांडे भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे। इस दौरान मंच पर और मंच के बाहर दोनों तरह के प्रदर्शन सहित 12 कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन समारोह और शुभ दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्कूल बैंड द्वारा शानदार प्रदर्शन और स्कूल नृत्य मंडली द्वारा राजसी नृत्य प्रस्तुत किए गए। जेएसएसपी की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि दीपक पी कामथ ने छात्रों को अपने संबोधन में कहा कि आज के युवाओं के पास जीवन में कई विकल्प हैं और इस तरह के उत्सव उन्हें अपनी क्षमता को उजागर करने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर सेकेंडरी के शिक्षक उदय चौधरी, सुप्रिया पॉल, सरोजिनी बानरा और ज्योति महतो का सराहनीय योगदान रहा। जीजू थॉमस और मिली सिन्हा ने विजेताओं को ट्रॉफी दी।

## ईचागढ़ से बसपा प्रत्याशी कल्याण चंद्र ने जनता का जताया आभार, कहा क्षेत्र की आवाज उठाता रहूंगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने जनता आभार जताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जनता ने उन्हें जो आशीर्वाद दिया वह स्वीकार है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व सभी लोग कहते थे कि बहुजन समाज पार्टी को यहां कोई भी नहीं जानता, लेकिन जनता ने उन्हें अच्छा वोट दिया जिसके तहे दिल से शुक्रिया और धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा बहुजन समाज पार्टी ईचागढ़ विधानसभा में लोगों की आवाज बनने के लिए जनता की समस्या हमेशा उठाते रहेगी।

## मदरसा जियाईया दारुल किरात में जलसा-ए-दस्तारबंदी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर:** मदरसा जियाईया दारुल किरात ओल्ड पुरुलिया रोड, ख़्वाजा गरीब नवाज कॉलोनी, जाकिर नगर, मानगो, जमशेदपुर के तत्वावधान में 24वाँ उर्स मुजव्विद ए आजम ए हिंद व जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा के संस्थापक कारी असलम रब्बानी जियाई ने की। इस मौके पर 15 बच्चों की दस्तारबंदी की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कुरान ख्वानी के साथ हुआ। 10 बजे सुबह जलसा का शुभारंभ मुज़ाहिर-ए-किरात से किया गया जिसमें कारी तौफीक राजा झालदा, कारी गुफरान गोरखपुर ,कारी शम्स तबरेज़ जियाई कोलकाता,कारी अशरफ बड़बिल, कारी रिजवान अकरम भागलपुर, कारी आबिद आदि ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कारी इस्माईल सम्भलपुरी ने हम्द बारी ताला पढ़ा, जनाब सुहेल साहिर कोलकाता, मोहम्मद राजा कादरी कोलकाता आदि शायरों ने अपने अपने नातिया कलाम पेश किया। मौलाना हारून राशिद ने कहा के कुरआन घर के अलमारी में रखने के लिए नहीं बल्कि पढ़ने के लिए है लेकिन आज लोग कुरआन की तिलावत के लिए रमजान का इंतजार करते है। समारोह को कामयाब बनाने में समाजसेवी अलहाज मो रज़ी नौशद साहब, आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान, मदरसा के सचिव जनाब सुहैल खान साहब, ईन्जीनियर बिलाल नासिर साहब आदि का योगदान रहा।

## भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है संविधान, इसकी गरिमा रखना सभी भारतीयों की जिम्मेदारी : डॉ. अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय संविधान स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेता डा. अजय कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है, इसकी गरिमा बनाए रखने की जिम्मेवारी हम सभी भारतीयों की है. उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था और इसके उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस मनाया जाता है. लेकिन संविधान के लागू होने से दो महीने पहले 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाने वाली सभा ( कांस्टीट्यूशन असेंबली) ने कई दौर की चर्चाओं और संशोधनों के बाद 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान को स्वीकार किया था. इसी कारण से प्रतिवर्ष हमारे देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस (कांस्टीट्यूशन डे ) के रूप में मनाया जाता है. डा. अजय ने कहा कि जिस प्रकार एक साजिश के तहत भारतीय संविधान के प्रस्तावना में निहित समाजवादी एवं धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी जो भाजपा के घृणित मानसिकता का परिचायक है ये और बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने उक्त याचिका को खारिज कर ना सिर्फ संविधान की रक्षा बल्कि बीजेपी नेताओं के मुंह तमाचा जड़ने का काम किया है.

### संवैधानिक पदों पर बैठे लोग उड़ा रहे है संविधान की धज्जियां

डा. अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग ही संविधान की धज्जियां उड़ा रहे है. संविधान की मर्यादा को तार तार कर रहे हैं और देश की सर्वोच्चय संवैधानिक संस्थाएं मूकदर्शक बनी हुई है. ऐसे में संविधान की रक्षा करने की जिम्मेवारी हम भारतीयों की है. जिस प्रकार बीजेपी सिर्फ सत्ता के लिए लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है. इसको समझने की जरुरत है. देश का प्रधानमंत्री चुनावी सभाओं में देश के लोगों को आपस में बांटने के उद्देश्य से बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे लगाते है. इसके मायने क्या है ? क्या सत्ता के शिखर पर बैठे लोग सिर्फ सत्ता के लिए इस प्रकार के बयानबाजी करेंगे और देश की संवेधानिक संस्थाएं मूकदर्शक बनी रहेंगी. तो फिर देश का संविधान कैसे बचेगा? इस प्रकार के बयानबाजी से भारतीय लोकतंत्र कहीं ना कहीं कमजोर करने का प्रयास हो रहा है. वहीं ओड़िशा का राज्यपाल रघुवर दास विधानसभा चुनाव में खुले तोर पर लोगों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रचार करते रहे और चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं मूकदर्शक बनी रही. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति के तहत देश गुलामी के जंजीरों में जकड़ गया था, एक बार फिर भाजपा उसी राह पर देश को ले जाने का प्रयास कर रही है. बीजेपी अपनी सत्ता की लोलुपता के लिए देश की शांति को भंग कर उसे सांप्रदायिकता के आग में झोंकने का साजिश रच रही है. इनकी घटिया मानसिकता को समझने की जरुरत है.

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## हिंदुत्व की परीक्षा का चुनाव

**महाराष्ट्र** में यह संघ-भाजपा के 'हिंदुत्व' की परीक्षा का चुनाव था। आरएसएस के नेतृत्व में 15, 20, 30, 45 लोगों की छोटी-छोटी करीब 60,000 बैठकें आयोजित की गईं। ऐसा चुनाव-प्रचार अप्रतिम कहा जा सकता है। फोकस हिंदुत्व पर ही था, लिहाजा घर-घर से मतदाताओं और समर्थकों को निकाल कर बूथ तक पहुंचाने का काम एक लक्ष्य, एक संकल्प की तरह किया गया। संघ के काडर ने यह काम लोकसभा चुनाव के दौरान नहीं किया था। काडर नाराज था अथवा तटस्थ रहा या अति विश्वास के मानस में था कि प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर मतदान हो ही जाएगा, लिहाजा चुनाव-प्रचार बिखरा-बिखरा सा रहा। उसके नतीजे अब दुनिया के सामने हैं। कमोबेश महाराष्ट्र के चुनाव में फोकस 'बंटेंगे, तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' पर ही रहा, जो परोक्ष रूप से हिंदुत्व का ही आह्वान किया गया था। संघ ने भी इन नारों को सत्यापित किया। चुनाव-प्रचार के दौरान मकसद और चिंता यह नहीं थी कि कमोबेश भाजपा के कितने विधायक जीत सकते हैं, 100 का आंकड़ा पार होगा या नहीं, अंततः 'महायुति' के पक्ष में बहुमत हासिल होगा अथवा नहीं। बुनियादी चिंता और सरोकार यह था कि चुनाव के दौरान हिंदुत्व कितनी गहराई और व्यापकता में जा सकता है? उससे प्रभावित होकर कितना वोट हिंदुत्व के पक्ष में आ सकता है? महाराष्ट्र में जिस तरह मतदान किया गया और 1995 के बाद पहली बार 65 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है, उसके मद्देनजर संघ-भाजपा का आकलन है कि चुनाव में हिंदुत्व का प्रयोग सफल रहा है। भाजपा का मानना है कि यदि वह 100 या उससे अधिक सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरती है, तो सरकार 'महायुति' की ही बनेगी। हिंदुत्व का यह प्रयोग छोटे, सीमित स्तर पर झारखंड में भी किया गया। वहां आदिवासी और घुसपैठ के जरिए हिंदुत्व की बात कही गई और प्रचार किया गया कि आबादी के समीकरण नहीं बदलने चाहिए। बहरहाल चुनाव के बाद जो अनुमान सामने आए हैं, उनमें ज्यादातर के आकलन यही हैं कि महाराष्ट्र में भाजपा-महायुति सरकार बन सकती है। वैसे 'एग्जिट पोल' अपनी साख, सर्वेक्षण क्षमता और विश्वसनीयता खो चुके हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव से लेकर हरियाणा के जनादेश तक उनके आकलन बिल्कुल गलत और विपरीत साबित हुए हैं। फिर भी पेशेवर तौर पर जो अनुमान सार्वजनिक हुए हैं, उन्हें एकदम खारिज नहीं किया जा सकता। कुछ अनुमान ऐसे भी हैं कि महाराष्ट्र में 'महाविकास अघाड़ी' और झारखंड में झामुमो गठबंधन के पक्ष में बढ़त है। हमने कांग्रेस के स्तर पर भी जानकारी जुटाई थी। खुद कांग्रेस का मानना है कि महाराष्ट्र में उसका स्ट्राइक रेट 60 फीसदी के आसपास रह सकता है, जबकि झारखंड में उसने पूरा दायित्व झामुमो को दे रखा था। कांग्रेस लगभग निष्क्रिय थी। अलबत्ता कांग्रेस का मानना है कि संविधान, जातीय जनगणना आदि विधानसभा चुनाव के दौरान भी प्रमुख मुद्दे बने रहे। दरअसल संघ-भाजपा 1990 के 'हिंदुत्व' मुद्दे को नए सिरे से जीवित करना चाहते हैं। हालांकि प्रभु राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बन चुका है और शेष निर्माण भी जारी है। अब मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर का विस्तार और ज्ञानवापी मस्जिद से हिंदू मंदिर को कानूनन वापस लेना आदि हिंदुत्व के नए आधार हैं। दिलचस्प यह है कि केंद्र के साथ-साथ अधिकतर राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकारें हैं, लिहाजा वे विकास का दावा भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की कई योजनाओं की राष्ट्रव्यापी सार्थकता साबित हुई है। देश का बड़ा भाग आज भी प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी का समर्थन कर रहा है। हालांकि देश पर करीब 200 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है।


आरएसएस के नेतृत्व में 15, 20, 30, 45 लोगों की छोटी-छोटी करीब 60,000 बैठकें आयोजित की गईं। ऐसा चुनाव-प्रचार अप्रतिम कहा जा सकता है। फोकस हिंदुत्व पर ही था, लिहाजा घर-घर से मतदाताओं और समर्थकों को निकाल कर बूथ तक पहुंचाने का काम एक लक्ष्य, एक संकल्प की तरह किया गया। संघ के काडर ने यह काम लोकसभा चुनाव के दौरान नहीं किया था। काडर नाराज था अथवा तटस्थ रहा या अति विश्वास के मानस में था कि प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर मतदान हो ही जाएगा, लिहाजा चुनाव-प्रचार बिखरा-बिखरा सा रहा। उसके नतीजे अब दुनिया के सामने हैं। कमोबेश महाराष्ट्र के चुनाव में फोकस 'बंटेंगे, तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' पर ही रहा, जो परोक्ष रूप से हिंदुत्व का ही आह्वान किया गया था। संघ ने भी इन नारों को सत्यापित किया। चुनाव-प्रचार के दौरान मकसद और चिंता यह नहीं थी कि कमोबेश भाजपा के कितने विधायक जीत सकते हैं, 100 का आंकड़ा पार होगा या नहीं, अंततः 'महायुति' के पक्ष में बहुमत हासिल होगा अथवा नहीं।


### ब्रिटिश साम्राज्यवादियों की कुटिल नीतियों से उसी सप्त सिन्धु क्षेत्र का बहुत बड़ा भूभाग हिन्दुस्तान से अलग हो गया था

## गुरु तेग बहादुर की सीख आज भी प्रासंगिक

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> भारत की सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए आज यूरोप और यूरोप का मसीहा अमेरिका भारत के लिए उन्हीं कुटिल नीतियों में लगा हुआ है। पहले यह काम इंग्लैंड करता था, आज उसकी नई उगी चार दूसरी आंखें सक्रिय हो गई हैं। इस पृष्ठभूमि में गुरु तेग बहादुर जी का अमर बलिदान आज इक्कीसवीं सदी में भी हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। अशान्ति की अव्यवस्था का यह वातावरण सन्-1500 से 1700 तक व उससे आगे के इतिहास का स्मरण है। परन्तु इस काल की एक सौभाग्यशाली आश्चर्यजनक बात यह रही कि इस लम्बे काल में अत्याचारों व संघर्षों की कहानी समानान्तर चलती रही।

**नवंबर** मास दशगुरु परंपरा के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी के अमर बलिदान का मास है। उन्होंने विदेशी साम्राज्य की मानव विरोधी नीतियों का सामना करते हुए स्वेच्छा से बलिदान दिया था। इसलिए वे हिंद की चादर कहलाए। जिस सप्त सिन्धु क्षेत्र को दशगुरु परम्परा में सर्वाधिक प्रभावित किया था, वही सप्त सिन्धु क्षेत्र सबसे ज्यादा पददलित था और उसी क्षेत्र ने मुगल सत्ता का सर्वाधिक विरोध किया था। बाद में ब्रिटिश साम्राज्यवादियों की कुटिल नीतियों से उसी सप्त सिन्धु क्षेत्र का बहुत बड़ा भूभाग हिन्दुस्तान से अलग हो गया था। भारत की सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए आज यूरोप और यूरोप का मसीहा अमेरिका भारत के लिए उन्हीं कुटिल नीतियों में लगा हुआ है। पहले यह काम इंग्लैंड करता था, आज उसकी नई उगी चार दूसरी आंखें सक्रिय हो गई हैं। इस पृष्ठभूमि में गुरु तेग बहादुर जी का अमर बलिदान आज इक्कीसवीं सदी में भी हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। अशान्ति की अव्यवस्था का यह वातावरण सन्-1500 से 1700 तक व उससे आगे के इतिहास का स्मरण है। परन्तु इस काल की एक सौभाग्यशाली आश्चर्यजनक बात यह रही कि इस लम्बे काल में अत्याचारों व संघर्षों की कहानी समानान्तर चलती रही। प्रत्येक काल खण्ड में मुगलों के इन अत्याचारों व अन्यायों को ललकारने वाला कोई न कोई आता रहा। फिर चाहे उसे शीश कटवाना पड़ा, चाहे बालू पर तपना पड़ा। बाबर से प्रारम्भ हुए मुगल शासन के साथ ही पंजाब में गुरुओं की परम्परा प्रारम्भ हुई, जिसने प्रत्येक स्तर पर मुसलमानों का सामना किया। आध्यात्मिक स्तर पर भी और सैनिक स्तर पर भी। इस परम्परा के पहले गुरु नानक देव जी बाबर के समकालीन थे और अन्तिम व दशम गुरु गोबिन्द सिंह जी औरंगजेब के समकालीन थे। गुरु नानक ने तो वास्तव में आध्यात्मिक क्षेत्र में ही विचार मन्थन किया था, परन्तु ज्यों-ज्यों मुगल शासकों के अत्याचार बढ़ते गए, त्यों-त्यों पंजाबियों में अध्यात्मवाद के साथ-साथ शौर्यवाद व सैनिकवाद भी प्रवेश पा गया। मुगल राजाओं द्वारा भी गुरुओं पर क्रूरता का चक्र तेजी से चलता रहा। ऐतिहासिक गुरु परम्परा में नवें स्थान पर श्री गुरु तेगबहादुर जी का नाम आता है। गुरु तेगबहादुर जी भी गुरु



परम्परा को निभाते हुए शोषित व निम्न वर्गों के लिए सारी आयु संघर्ष करते रहे। शासकों के अन्याय तथा अत्याचारों के विरुद्ध गुरु तेग बहादुर जी सदा छाती ठोककर खड़े होते रहे। दलितों के लिए गुरु जी सदा तत्पर रहते थे। दुःखी जनों के कष्ट निवारणार्थ गुरु तेगबहादुर जी सदा आगे रहे। देश के जिस कोने से भी गुरु जी ने दलितों की पुकार, दुःखियों की आह सुनी, तुरन्त गुरु जी वहां उपस्थित हुए। उत्तर हो या दक्षिण, पूर्व हो या पश्चिम, जिस स्थान पर भी भारत के लोगों को मुसलमानों ने संतप्त किया, वहीं उन्हें गुरु जी की तेग की धार सहनी पड़ी। समाज भलाई के इस कार्य में गुरु जी ने गृहस्थी के मोह व घरबार की बातों को कभी मार्ग में नहीं आने दिया। सम्पूर्ण हिन्दुस्तान अशान्त था। अत्याचारों का दौर चल रहा था। धर्म परिवर्तन का चक्र अपने पूरे वेग से घूम रहा था। इस्लाम का कवच धारण करने पर ही रक्षा सम्भव थी। हिन्दू विरोधी इस वातावरण से हिन्दू विचलित हो गया। परन्तु फरियाद किसके आगे करे? कौन सहोदरघाती औरंगजेब को चुनौती दे सकेगा? कौन पिता के हत्यारे औरंगजेब को ललकार सकेगा? औरंगजेब का विकराल शासन तन्त्र चल रहा था पूरे जोर से, पूरे वेग से। कश्मीर के ब्राह्मण अत्याचारों से पीड़ित होकर आनंदपुर आए, गुरु तेगबहादुर जी के पास फरियाद लेकर, औरंगजेब के पापों का हिसाब लेकर। पिता के पास पुत्र भी बैठा था। वह इन ब्राह्मणों को उत्सुकता के साथ देख रहा था। ब्राह्मणों ने अत्याचारों की लम्बी गाथा बताई। अकल्पनीय अत्याचारों की यथार्थता का बोध कराया। धर्म परिवर्तन की मदान्धता का वेग बताया। हिन्दू जाति पर हो रहे अत्याचारों को सुनकर गुरु तेग बहादुर गम्भीर हो गए। आंखें अपने आप बन्द हो गईं। गम्भीर विचार में लीन हो गए। गोबिन्दराय एकटक उनके मुख की ओर देखते रहे। एक क्षण, दो क्षण, तीन क्षण, गोबिन्दराय ने मौन तोड़ा, 'पिताजी आप इतने चिन्तित क्यों हो गए हैं? हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को सुनकर आप मौन क्यों हो गए हैं। बोलिए पिताजी।' पुत्र वाणी सुनकर पिता ने धीरे-धीरे आंखें खोली। चेहरा तेज से अभिभूत हो रहा था। सम्पूर्ण दृष्टि पुत्र के मुख पर जमाते हुए पिता बोले, 'नहीं बेटा, मैं मौन नहीं था। परन्तु इन अत्याचारों को बन्द करवाने के लिए किसी महान आत्मा के बलिदान की आवश्यकता है, किसी महान आत्मा के।' 'तो आपसे महान कौन हो सकता है पिताजी?' गोविन्दराय एकदम बोल उठा, बिना एक क्षण का विलम्ब किए। पिता जिस बात को इतने समय से सोच रहे थे, पुत्र ने एक क्षण में उसका निर्णय कर दिया। पिता ने पुत्र को छाती से लगा लिया। इस समय गोबिन्दराय की आयु केवल साढ़े आठ वर्ष की थी। इतनी कम आयु में इतने महान त्याग का उदाहरण इतिहास में नहीं मिलता। इस दुर्दान्त एवं भयावह संकट काल में सिक्ख जाति का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व गोबिन्दराय के सशक्त कन्धों पर छोड़कर नगरवासियों को धैर्य बंधाकर गुरु तेगबहादुर जी दिल्ली की ओर चल पड़े। वह दिल्ली, जहां से औरंगजेब का खूनी शासन चहुं दिशाओं में फैलता था। जहां से अत्याचारों की अग्नि प्रज्वलित होकर सम्पूर्ण भारत को झुलसा रही थी। इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) कभी धर्मपरायण पांडवों की राजधानी रहा, आज वह म्लेच्छों की आसुरी क्रीड़ा का प्रांगण बना हुआ था। असुरों से लोहा लेने गुरु तेगबहादुर जी दिल्ली पहुंच गए। 11 मार्गशीर्ष सम्वत 1723 (नवम्बर 1675) को दिल्ली के चांदनी चौक में औरंगजेब ने गुरु जी को शहीद करवा दिया। इतिहास के एक अध्याय का अंत हो गया, लेकिन संघर्षों के कई लम्बे अध्यायों का मार्ग वह खोल गया। गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान आज भी भारतवासियों को सीख देता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। बलिदानों की यह परंपरा जारी रखते हुए उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी भारतीय समाज, हिंदू धर्म और भारतीय राष्ट्र के लिए काफी कुछ किया। उनके दो पुत्र मुगलों से लड़ाई में शहीद हो गए, तो दो को जिंदा ही दिवारों में चिनवा दिया गया।

दृष्टि कोण

## पास-पड़ोस से गायब हो रहीं किराना दुकानें

**अमेरिका** में नये राष्ट्रपति चुने जाने के बाद इस मुद्दे पर खूब सारी चर्चा हुई कि भारत के साथ उसके संबंध कैसे रहेंगे। दिलचस्प है कि विशेषज्ञों के बीच कूटनीतिक और रक्षा मसलों पर थोड़ी मत भिन्नता जरूर दिखी, पर आर्थिक मुद्दों पर ज्यादातर की राय एक जैसी थी। इसकी बड़ी वजह यह है कि भारत दुनिया के लिए आज भी बड़ा बाजार है। उपभोक्ताओं के मामले में हम काफी आगे हैं और कई भावी संभावनाओं से भी लैस हैं। यही नहीं, उपभोग की भारतीय परंपरा और प्रवृत्ति भी बाजार को भाती है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के मुताबिक भारत का सतत उपभोक्ता सामान बाजार वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और 2027 तक हम दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार होंगे। इससे देश के भीतर एक नई स्थिति भी पैदा हो रही है। क्विक कॉमर्स की शक्ल में घर तक उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद ने भारत की पारंपरिक बाजार व्यवस्था को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। भारत की घरेलू बाजार व्यवस्था किस तेजी के साथ बदल रही है, वह इस बात से समझा जा सकता है कि बीते एक साल में कम से कम दो लाख किराना स्टोर या पड़ोस के छोटे रिटेल आउटलेट बंद हो चुके हैं। यह तथ्य इसी माह आल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन (एआईसीपीडीएफ) के अध्ययन में सामने आया है। इसके मुताबिक, भारतीय उपभोक्ता तेजी से ब्लिंकिट, ओटीपी और जेप्टो जैसे ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफार्मों की ओर रुख कर रहे हैं। यह अध्ययन देश के करीब 1.3 करोड़ ऐसे स्टोर के साथ किया गया है, जो किराना और पर्सनल केयर के सामान बेचते हैं। अध्ययन बताता है कि बंद होने वाले स्टोर्स में 45 प्रतिशत महानगरों के हैं। टियर 1 शहरों के 30 और टियर 2 व 3 शहरों के 25 प्रतिशत स्टोर्स बंद हुए हैं। क्विक कॉमर्स फर्म ग्राहक को लुभाने के लिए प्रीडेटरी प्राइसिंग या भारी छूट दे रही हैं और लागत से कम दाम पर बेच रही हैं। इसने एक अनफेयर प्लेइंग फील्ड बना दिया है, जिससे ग्राहक बेस और किराना स्टोरों की मुनाफे की क्षमता गिर रही है। भारत में बाजार और समाज का एक साझा चरित्र भी है, जो हमारे रोजमर्रा की जिंदगी में साफ तौर पर उभरता है। कस्बे-मोहल्ले से लेकर पास-पड़ोस में खुले किराना दुकानों की सबसे बड़ी ताकत उनकी सामाजिक विश्वसनीयता और आत्मीय व्यवहार रहा है। लेकिन यह सब मुनाफे और बचत की नई बाजार व्यवस्था में औंधे मुंह गिर रही है। कायदे से नई बन रही स्थिति ने हमारे घर-परिवार और समाज को नए तरह से गढ़ना शुरू कर दिया है। इस स्थिति का ज्यादा गहराई से अध्ययन किया जाना चाहिए कि बाजार के साथ जुड़े हमारे सामाजिक संबंध और सरोकार अगर कमजोर पड़ते हैं, तो इसका असर हमारे विचार और स्वभाव में क्या पड़ेगा। ऐसी ही कुछ चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान यूनिलीवर, डाबर इंडिया और नेस्ले इंडिया सहित प्रमुख कंपनियों के चार लाख खुदरा वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था एआईसीपीडीएफ ने इस संबंध में वित्त, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से मांग की है कि वह इस बदलाव को गहनता से देखे-समझे और नियंत्रित करे। वैसे तो भारत के रिटेल बाजार के स्वरूप और प्रसार में परिवर्तन कोई नई बात नहीं है। बीते दो-ढाई दशकों में इस बारे में कई सारे तथ्य सामने आए हैं और नई बन रही स्थितियों के साथ भारतीय उपभोक्ता समाज लगातार अभ्यस्त भी होता जा रहा है। लेकिन बीते एक दशक में जो रुझान सामने आए हैं, वे चौंकाते हैं। वैसे भी ये बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) पहले से ही कथित स्ट्रेटेजिक प्राइसिंग और अन्य अनुचित प्रथाओं के लिए ऑनलाइन कॉमर्स प्लेयर्स की जांच कर रहा है। सीसीआई ने एक आंतरिक रिपोर्ट में पाया कि ई-कॉमर्स की प्रमुख कंपनियों अमेजॉन इंडिया और फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर चुनींदा विक्रेताओं को वरीयता देकर तय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। साफ है कि हमारे पास-पड़ोस में किराना दुकानों के कुछ बचे-खुचे साइनबोर्ड हैं, वे भी अगले कुछ समय में उतर जाएंगे। ऐसे में भारतीय उद्योग और व्यापार जगत की यह चिंता मायने रखती है कि क्विक कॉमर्स फर्मों की आर्थिक रचना की जांच की जाए। कथित प्रीडेटरी प्राइसिंग जैसी रणनीति से आगे बढ़ने वाली इन फर्मों के लिए दिशानिर्देश तो बनने ही चाहिए, इस बारे में कानूनी चुस्ती भी जरूरी है। इस लिहाज से वित्त मंत्री का यह आश्वासन महत्वपूर्ण है कि सरकार क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स प्लेयर्स की स्ट्रेटेजिक प्राइसिंग से नुकसान उठाने वाले कारोबारियों के हितों की रक्षा के लिए गंभीरता से विचार करेगी।

कुछ अलग

## छिलकों की छाबड़ी

**रविवार** का दिन था। आराम से शेव बना रहा था। पत्नी ने दरवाजे से आवाज लगाई- 'अजी सुनते हो, चुनाव वाले आए हैं।' मैंने कहा- 'कौनसे वाले हैं?' पत्नी ने कहा-'सफेद टोपी वाले हैं।' मैं बोला- 'इनसे कह दो इनकी तो हवा चुनाव से पहले ही निकल गई। महंगाई और भ्रष्टाचार से जनता का बुरा हाल है।' पत्नी बोली -'ये आपको कन्विंस करना चाहते हैं।' मैंने कहा-'मैं कन्विंस हूं। किसी और को बेवकूफ बनाएं।' शेव बनाकर मुंह धो ही रहा था कि पत्नी की आवाज फिर आई-'अजी सुनते हो! केसरिया गमछे वाले आए हैं।' मैं बोला-'इनसे कह दो पहले शौचालय और देवालय का मसला हल कर लें, इसके बाद में देखेंगे। अभी मैं बिजी हूं।' पत्नी बोली-'इनका कहना है कि इनके पास साफ-सुथरा प्रधानमंत्री है। देश को सुधार देंगे।' मैं बोला-'पहले अपनी अंतर्कलह सुलझाएं, बाद में आना।' पत्नी की आवाज फिर नहीं आई, शायद वे भी चले गए थे। बिस्तर पर फालतू लेटकर अपनी चिंताओं में निमग्न था। तभी पत्नी की आवाज आई-'अजी सुनते हो, लाल टोपी वाले आए हैं। इनका कहना है कि हम सद्भाव का वातावरण बना रहे हैं। देश में शान्ति की गारंटी दे रहे हैं।' मैं बोला- 'हां......हां...... इनका सद्भाव देख लिया। साम्प्रदायिक हिंसा में मरने वालों का हिसाब कौन देगा। इनकी साइकिल पहले ही पंक्चर पड़ी है। अगले मकान की बेल बजाएं। मैं आराम कर रहा हूं।' पत्नी ने कहा-'थोड़ा सा सोल्यूशन चाहते हैं, दे दो न!' मैं बोला-'अपना काम करो। खामख्वाह दरवाजे से चिल्ला रही हो। क्यों बेकार में मेरा और अपना वक्त बरबाद कर रही हो?' मैंने पत्नी को डांटा तो वे भी चले गए। घंटा भर बीता होगा कि पत्नी ने फिर हांक लगाई-'अजी सुनते हो, 'आप' वाले केजरीवाल जी खुद आए हैं।' मैंने कहा-'इनसे कह दो इतनी ईमानदारी की आवश्यकता नहीं है। दो पैसे रिश्वत के लाता हूं तो घर चलता है। पहले दिल्ली में प्याज और बिजली सस्ती करा दें। बाद में बात करेंगे।' पत्नी बोली- 'अजी इनका कहना है कि एक बार मिल तो लें। देश में सब ठीक-ठाक होने की बात कह रहे हैं।' मैं बोला-'मैंने कहा न, मुझे ईमानदारी की बात करने वाला वन परसेंट भी अच्छा नहीं लगता।' उन्होंने मेरी बात पर ध्यान नहीं दिया और वे जबरन अंदर चले आए। आते ही बोले-'शर्मा जी, हमारी भी तो सुनो। देश में झाडू लगाकर गंदगी को साफ कर देंगे।' मैं बोला-'ठीक है श्रीमान, लेकिन आपकी बातों में आ जाऊं तो भूखों मर जाऊंगा। मेरा तो घर ही रिश्वत-कमीशन से चलता है।' केजरीवाल जी ने अपना सिर पकड़ लिया और वे बिना कुछ बोले घर से निकल गए। मैंने भी राहत की सांस ली और पुनः सोफे पर लुढक़ गया। आधे घंटे बाद पत्नी ने फिर कहा-'अजी सुनते हो, निर्दलीयजी आए हैं।' मैं झल्लाकर बोला-'इन्हें बैठाओ और तुम यहां आओ।' उन्हें बैठाकर पत्नी मेरे पास आ गई। मैं बोला-'मैं बोलता-बोलता थक गया हूं। मैंने कागज के एक पुर्जे पर 'कोई योग्य नहीं' लिखा और पत्नी से कहा-'यह उन्हें थमाकर विदा करो।' पत्नी चली गई और मैं आराम से नींद में सो गया। थोड़ी देर बाद पत्नी की आवाज आई-'अजी सुनते हो, चुनाव वाले आए हैं!' मैं हड़बड़ाकर उठ बैठा। पत्नी हंसकर बोली- 'घबराओ नहीं, अब कोई नहीं आएगा। आप तो दोपहर की चाय पी लो।' मैंने राहत की सांस फिर ली और चाय सुडक़ने लगा।

देश दुनीया से

## पूर्व विद्यार्थी स्कूल को देंगे खेल मैदान

**केंद्रीय** खेल मंत्रालय का भारतीय खेल प्राधिकरण अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के साथ मिलकर हर साल करोड़ों रुपए नए खेल मैदानों को बनाने व पुराने मैदानों के रखरखाव के लिए जारी करता है, मगर उसके लिए स्कूल या किसी समिति के नाम जमीन होना भी जरूरी है। पहाड़ में शिक्षा संस्थानों के पास जमीन की कमी आम देखी जा सकती है। मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल टिहरा के पूर्व विद्यार्थियों ने जमीन खरीद कर स्कूल को खेल मैदान बनाने का संकल्प लिया है। स्कूल के साथ लगती जमीन को खरीद कर उसमें मैदान बनाने की योजना की रूपरेखा तैयार हो रही है। छह दशक पहले भी हाई स्कूल बनाने के लिए स्थानीय जनता ने काफी आर्थिक सहयोग किया था। शिक्षा का अर्थ मानव के सर्वांगीण विकास से है, यानी मनुष्य शारीरिक व मानसिक रूप से इतना सशक्त होना चाहिए कि वह जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त कर खुशहाल व स्वस्थ जिंदगी जी सके। इसलिए विद्यार्थी जीवन में किताबी ज्ञान के साथ-साथ फिटनेस के स्तर में सुधार करना भी बेहद अनिवार्य है। किसी भी शिक्षा संस्थान का परिसर उसके खेल मैदानों से ही पहचाना जाता है कि वह किस स्तर का है। बिना खेल मैदानों के शिक्षा संस्थान की कल्पना भी बेमानी है। मंजिल चाहे खेलों की हो या फिटनेस की, इन सब के लिए खेल मैदानों का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में ही पूरे जीवन के लिए स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, मगर हमारे विद्यालयों में खेल मैदानों के अभाव में विद्यार्थी की फिटनेस का कोई भी कार्यक्रम नहीं है। हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पहाड़ी होने के कारण मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से लंबी-चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी, उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बना कर यूं ही बरबाद किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मैदानों में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन, तो कभी किसी और के लिए भवन बना कर खत्म कर दिया है। धर्मपुर उपमंडल की टिहरा उप तहसील के अंतर्गत क्षेत्र में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिहरा के खेल मैदान में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन भारी विरोध के बावजूद बना दिया गया। पूरा क्षेत्र अवाहदेवी से लेकर गद्दीधार तक रिज पर बसा है। चलने के लिए सडक़ है, वही खेल मैदान व पार्क का काम करती है। इस क्षेत्र में वालीबॉल व कबड्डी की प्ले फील्ड होना भी बड़ी बात है। यहां पर पहले ढगवाणी विद्यालय के मैदान में जल शक्ति विभाग ने पम्प हाऊस बना दिया और अब टिहरा विद्यालय के मैदान में विज्ञान प्रयोगशाला। दूसरी तरफ इसी क्षेत्र के चोरथला, कांगो का गहरा व कमलाह स्कूल के मैदानों के लिए लाखों रुपए दिए हैं, मगर वहां भी सब आधा-अधूरा है। हिमाचल प्रदेश सरकार इस विषय पर ध्यान दे, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ स्वास्थ्य भी मिल सके। एक समय था जब विद्यार्थी सवेरे-शाम अपने अभिभावकों के साथ कृषि कार्य में हाथ बंटाता था, फिर कई किलोमीटर पैदल चल कर विद्यालय पहुंचता था। उस समय किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी। मगर आज जब पढ़ाई के लिए घर का काम बंद, पैदल चलने का रिवाज ही नहीं है तथा खेल के नाम पर मोबाइल व कम्प्यूटर है तो फिर फिटनेस के लिए खेल मैदान तो अनिवार्य हो जाता है, नहीं तो फिर हमारी संतानें कहीं नशे के दलदल में फंस जाएंगी। उस उच्च शिक्षा का क्या अर्थ रह जाता है जिससे आप प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, अभियंता, चिकित्सक, प्रबंधक तो बन जाते हैं, मगर आप स्वस्थ रह कर साठ वर्षों तक देश व प्रदेश की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। अब तो लोग तीस-चालीस साल की उम्र में जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस सबके पीछे जिम्मेदार बिना फिटनेस कार्यक्रम की स्कूली शिक्षा है। फिटनेस के इस संवेदनशील विषय पर इस कॉलम के माध्यम से सरकार व अभिभावकों को बार-बार सचेत किया जाता रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में पढने के लिए कमरे तो हैं, मगर उनकी फिटनेस के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है। मैदान होंगे तो तभी फिटनेस पर कार्य होगा। हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग निजी शिक्षा संस्थान खोलने के लिए तो मैदान की अनिवार्य शर्त रखता है, मगर अपने सरकारी संस्थानों के मैदानों में भवन व पार्किंग बना कर अपने ही नियमों को ठेंगा दिखा रहा है। अभी भी समय है हिमाचल प्रदेश की जनता व सरकार दोनों को विद्यार्थी जीवन में फिटनेस कार्यक्रम के महत्व को समझना होगा, नहीं तो भविष्य में हमारी अगामी पीढियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेल जगत में बहुत कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है। इसलिए उत्कृष्ट खेल प्रर्दशन करने पर भी पोडियम तक पहुंचना सबके बस की बात नहीं है। अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में स्थान बनाने के लिए जहां विद्यालय स्तर से ही अच्छे ज्ञानवान प्रशिक्षक चाहिएं, वहीं पर प्ले फील्ड भी बहुत जरूरी है। हिमाचल प्रदेश के खेल मैदानों व अन्य हाल ही के वर्षों में बनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड का रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। हिमाचल प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए, उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ मैदान चंबा, मंडी, अमतर, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहडू, सराहन, सोलन, चैल व नाहन में बनाए थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों व उत्सवों से बचे समय में होती रही हैं। सुजानपुर व जयसिंहपुर के बड़े मैदानों पर तो पहले ही बहुत अतिक्रमण हो चुका है। अब मंडी के पड्डल मैदान का भी हाल अच्छा नहीं है। सरकाघाट महाविद्यालय के खेल मैदान में मिट्टी के सैंकड़ों ट्रक डाल कर डंपिंग साईट बना दिया है।



आप का नजरीया

## जीवाष्म ईंधन से खतरे

**आजकल** अजरबैजान की राजधानी बाकू में जीवाष्म ईंधन के उत्सर्जन पर अंकुश के लिए कॉप-29 शिखर सम्मेलन चल रहा है। इस देश में यह सम्मेलन इसलिए आयोजित है, क्योंकि यहां तापमान के लगातार बढने और हिमखंडों के पिघलने के चलते तटीय बस्तियां डूबने की आशंकाएं जताई जा रही हैं। अतएव यहां का बंदरगाह, तेल खनन क्षेत्र और तटीय बस्तियां कई कि.मी. दूर तक डूब जाने की आशंका है। यह शंका तब और बढ़ गई, जबसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुन लिए गए हैं। क्योंकि ट्रंप जीवाष्म ईंधन के प्रबल पक्षधर रहे हैं। इसलिए वे पर्यावरण संकट को कोई खतरा न मानते हुए इसे पर्यावरणविदों द्वारा खड़ा किया गया एक हौवा भर मानते हैं। ट्रंप और उनके समर्थक नेताओं का समूह अधिकतम जीवाश्म ईंधन पैदा करने की वकालत करते रहे हैं। इधर ब्राजील में चल रहे संपन्न देशों के संगठन जी-20 में भी इस संकट से निपटने के लिए पूंजीपति देशों से आर्थिक मदद की गुहार का कोई परिणाम निकलता नहीं दिख रहा है। अतएव बाकू सम्मेलन में निराशा के चलते दुनिया के अस्तित्व पर मंडराते बहुआयामी खतरों से निपटने की उम्मीद कम ही है। जलवायु सम्मेलन कॉप-29 में कोयले, तेल और गैस अर्थात जीवाष्म ईंधन का उपयोग धीरे-धीरे खत्म करने की पैरवी पर्यावरण विज्ञानी कर रहे हैं, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक केंद्रित किया जा सके। अनेक देशों ने 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के सुझाव दिए हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाना है। इस सिलसिले में प्रेरणा लेने के लिए ऊरुग्वे जैसे देश का उदाहरण दिया गया, जो अपनी जरूरत की 98 फीसदी ऊर्जा इन्हीं स्रोतों से प्राप्त करता है। लेकिन यह एक अपवाद है, हकीकत यह है कि यूक्रेन और रूस तथा इजरायल और हमास के बीच चलते भीषण युद्ध के कारण कोयला जैसे जीवाष्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन का प्रयोग बढ़ा है और बिजली उत्पादन के जिन कोयला संयंत्रों को बंद कर दिया गया था, उनका उपयोग फिर से शुरू हो गया है। 2018 ऐसा वर्ष था, जब भारत और चीन में कोयले से बिजली उत्पादन में कमी दर्ज की गई थी। नतीजतन भारत पहली बार इस वर्ष के 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ था। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल हुआ था। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में कॉप-25 जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 57 उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में से 31 में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान इस रिपोर्ट में दर्ज थे। इन्हीं देशों से 90 प्रतिशत कार्बन का उत्सर्जन होता रहा है। इस सूचकांक ने तय किया था कि कोयले की खपत में कमी सहित कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस सूचकांक में चीन में भी मामूली सुधार हुआ था। नतीजतन वह तीसवें स्थान पर रहा था।

## समाहरणालय परिसर में उपायुक्त ने संविधान के उद्देशिका को पढ़कर पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान के अनुपालन का दिलाया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** संविधान दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय एवं सभी प्रखंड मुख्यालयों के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा संविधान के अनुपालन हेतु शपथ लिया गया। समाहरणालय परिसर चतरा में उपायुक्त श्री रमेश घोलप, वरीय पदाधिकारियों/ कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों ने संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर सर्वप्रथम उपायुक्त रमेश घोलप एवं जिले के वरीय अधिकारियों कर्मियों द्वारा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। समाहरणालय में पदस्थापित पदाधिकारी/अधिकारी एवं कर्मियों ने भारत के संविधान उद्देशिका को पढ़ा कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा, उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढाने के लिए, दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान को आत्मार्पित करते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय समेत समाहरणालय समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखंड के विभिन्न जगह में मनाया गया संविधान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। वहीं पंचायत के विभिन्न अमृत सरोवर व अमृत वाटिका में पंचायत सचिव के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित कर्मियों व ग्रामीणों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया। बताया गया कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था। जिसे लेकर 26 नवंबर के दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वही 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। हमारा संविधान कठोर और लचीला दोनों है। मौके पर कई कर्मी पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## तंबाकू मुक्त नियंत्रण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में मंगलवार को तंबाकू मुक्त नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां चतरा जिला से आए शशिकांत के द्वारा उपस्थित बच्चे बच्चियों को तंबाकू मुक्त से जुड़े कई जानकारियां बताएं। यह कार्य एनटीसीपी के द्वारा प्रायोजित किया जा रहा था। जिसमें बच्चे बच्चियों को तंबाकू से बचने की बातें बताई गई। साथ ही साथ संविधान दिवस के शुभ अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं में संविधान दिवस मनाए।एवं उनके दिशा निर्देश के अनुसार चलने के लिए सभी लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका के साथ-साथ बच्चे एवं बच्चीयां उपस्थित थे।

## पतंजलि आईएस एकैडमी रांची टीम के तहत बच्चों को दिया जानकारी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में 26 नवंबर को रांची से आए टीम पतंजलि आईएस एकेडमी के निर्देशक संजय कुमार तिवारी संयोजक अनुराग अग्रवाल के द्वारा विद्यालय के बच्चे एवं बच्चियों को शिक्षा से जुड़े कई जानकारियां बताए। जिसमें विद्यालय के बच्चे बच्चियों को प्रशिक्षण हेतु शिक्षा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।एवं इंटर के छात्र-छात्राएं सियुईटी परीक्षण से संबंधित जानकारी दिया गया। ताकि बच्चे इस संस्थान के द्वारा अपनी शिक्षा बरकरार रख सके। एवं उच्च शिक्षा की प्राप्ति कर सके। मौके पर प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार सिंह के साथ बसंत कुमार मिश्रा एवं दर्जनों शिक्षक शिक्षिका के साथ-साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हंटरगंज के राम नारायण मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले संविधान दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** हंटरगंज स्थित राम नारायण मेमोरियल कॉलेज के प्रांगण में एनएसएस के बैनर तले भव्य रूप से संविधान दिवस का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के थीम पर आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विभाग की प्रोफेसर कुमारी मंजू सिंह एवं संचालन एनएसएस पीओ डॉ0 फहीम अहमद ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ एन एसएस के लक्ष्य गीत से भूगोल विभाग की प्रोफेसर पूजा सिंह, सुहानी कुमारी, दया श्री ने संयुक्त रूप गा कर किया।साथ ही साथ संविधान की प्रस्तावना पढ़ा कर शपथ दिलाया गया। अध्यक्षीय भाषण में कुमारी मंजू सिंह ने संविधान के प्रस्तावना संविधान सभा,संविधान सभा की कमिटी और संविधान तैयार किए जाने में लोगों की महती भूमिका पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया।उन्होंने संविधान की बैठकों और उसके तैयार किए जाने में लगे समय पर विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि संविधान की रूप रेखा बनाने में डा0 भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू और डा राजेंद्र प्रसाद की महती भूमिक रही है जिसे नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का संविधान दुनियां का सबसे बड़ा संविधान है। यहां का संविधान लचीला है। भारत के संविधान का प्रस्तावना उसकी आत्मा है। जिसे हर एक व्यक्ति को समझने की जरूरत पर बल दिया। संविधान में सभी धर्म पंथ और अपने अपने रीति रिवाज भाषाओं का पालन करने का अधिकार देता है जो इसकी खूबसूरती को दर्शाता है। संविधान ने जहां नागरिकों को अधिकार दिया है वहीं कर्तव्य का भी बोध कराया है।

### हंटरगंज में धूम-धाम से मनाया गया संविधान दिवस

## बीडीओ ने भारतीय संविधान सम्मान करने और उसे मनाने की दिलाई शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा :** देश भर में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर चतरा जिला सहित हंटरगंज प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय परिसर में निखिल गौरव कमान कच्छप के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाई गई। इस दौरान बीडीओ ने सारे कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। सबसे पहले हंटरगंज के पानीटंकी से कौलेश्वरी मुख्य द्वार तक बैनर तले समर्थकों ने रैली निकाली । रैली में जय भीम - जय भीम का नारा लग रहा था और सड़क के चारों ओर नीला ही दिखाई दे रहा था। इसके बाद समर्थकों ने डाक- बंगला परिसर आवास में कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन के दौरान एक -एक समर्थकों ने बाबा भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया वही पुष्प के दौरान चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने कहा कि संविधान में सभी को अधिकार दिलाने का कार्य डॉ भीम राव अंबेडकर ने किया है देश का संविधान बनने में 2 साल 11 महीना 18 दिन लगा और 26 नवंबर 1949 को संविधान बनकर तैयार हुआ था इसलिए हमलोग सभी इस दिन संविधान दिवस मनाते हैं। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, रेनू दास, जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, पूर्व मुखिया दिलीप दास, अखिलेश दास, राजविनोद, रवि आदि सैकड़ों प्रखंडवासी मौजूद रहे।

## बीडीओ ने किया कर्मियों के साथ बैठक, दिये कई निर्देश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के साथ बैठक किया।बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव को अधूरे पड़े आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया है। जबकि रोजगार सेवकों को मनरेगा से संचालित पुरानी योजनाओं को स्थल का सत्यापन कर अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ मनरेगा मजदूरों का जब आईडी कार्ड का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, उज्जवल कुमार सिंह, दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सतेंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, पार्वती कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# दो अपराधकर्मी गिरफ्तार, हथियार समेत कई दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस चार दिनों के अंदर ही जानी ग्राम में आगजनी के घटना को अंजाम देने वाले दो अपराध कर्मीयों को गिरफ्तार कर लिया है।मंगलवार को पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि तुबैद कोल माइंस बालूमाथ कुशमाही साइडिंग के बीच चलने वाले पांच हाईवे में आगजनी व फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले अपराधीयों ने बंदुआ जंगल के इलाके में फिर से आगजनी व फायरिंग की घटना को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए एक जगह इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते बंदुआ जंगल पहुंची वैसे ही अपराधीयों ने पुलिस बल को आता देख फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों के फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दिया। अपराधियों ने पुलिस को भारी पड़ता देख अपने हथियार और गोली को झाड़ियों में फेंकते हुए भागने लगे। पुलिस ने उन्हें खदेड़कर दो अपराधियों को पकड़ लिया। पकड़े गए अपराधियों में से एक का नाम अजय कुमार उर्फ अजय गंझू पिता विफा गंझू बंदुआ हेरहंज थाना का रहने वाला है और दूसरे की पहचान उपेंद्र यादव पिता राधेश्याम यादव भदईबथान थाना मनिका का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधियों के निशान देही पर घटनास्थल से पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है। छापेमारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी परमानंद बेरवा सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार मेनका थाना प्रभारी शशि कुमार हेरंज थाना प्रभारी कृष्णानंद सिंह बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार जितेंद्र कुमार मिथिलेश पासवान सुबोध कुमार सिंह उमाकांत उमा पद महतो आफताब आलम एवं सेट वन और सेट 207 बल के जवान शामिल रहे।

## छापेमारी में हजारों रुपये की अवैध लकड़ी जब्त, सात धंधेबाज गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** वन विभाग के साथ छिपादोहर पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप सघन छापेमारी के दौरान मंगलवार अहले सुबह थाना क्षेत्र के हेहेगड़ा के मंगरदाही वन क्षेत्र में 13 पीस अवैध साल (सखुआ) के बोटा जब्त करते सात धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग को सूचना मिली थी कि हेहेगड़ा वन क्षेत्र से अवैध तरीके से कीमती लकड़ियों के कटाई के बाद उसे चौपहल कर साइकिल से ढोने और बेचने का जुगाड़ चल रहा है, जिसकी जानकारी के बाद वन विभाग और छिपादोहर पुलिस टीम गठित कर संयुक्त छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान हेहेगड़ा के मंगरदारी वन क्षेत्र में देखा गया कि सात लोग साइकिल पर कीमती लकड़ी लेकर आ रहे हैं जिसे चौकसी बरतते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया गया और कागज़ी प्रक्रिया पूरी करते लातेहार जेल भेज दिया गया। वहीं गिरफ्तार लोगो में कमलेश यादव, कृष्णा यादव, चंद्रदेव यादव, सोनू यादव, नागेंद्र यादव, लालू यादव, दिलेश्वर यादव शामिल हैं जो सभी छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के ग्राम नावाडीह के चकलवा टोला के रहने वाले हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त लकड़ी की कीमत हजारों रुपए आंकी जा रही है।अभियान में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, एसआई रितेश कुमार राव, एसआई सरोज दास, एएसआई राजेश कुमार, प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू, नवीन प्रसाद गुप्ता, रामनिवास, वनरक्षी अमित प्रसाद, अमर कुमार बड़ाइक, अभिषेक कुमार, दिलीप कुमार, राहुल कुमार दास, सत्यनारायण उरांव समेत कई पुलिस के जवान शामिल रहे।

## एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बने रमेश उरांव



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 22, 23एवं 24 नवंबर को संपन्न हुआ जिसमें लातेहार के रमेश उरांव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस दौरान रमेश उरांव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे देश भर से एवं नेपाल से आए प्रतिनिधि तीन दिन तक गोरखपुर के पावन धरती में पूरे देश की दिशा और दशा और 2047 का विकसित भारत एवं भारत को विश्व गुरु बनाने को लेकर व्यक्ति निर्माण को लेकर, पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुंब व्यवस्था को लेकर शिक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एवं भारतीय संस्कृति के ज्ञान और विज्ञान के शिक्षा को लेकर विशेष गहन चिंतन के साथ प्रस्ताव पारित किया गया है।

## चोरी के इरादे से घर में घुसे एक चोर को मोहल्ला वासियों ने पकड़ा

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के समीप धर्मपुर निवासी मनीष प्रताप टोप्पो के घर में बीते शाम चोरी के इरादे से दो चोर घुसे इस दौरान मुहल्ले वासियों ने एक चोर को मौके पर ही पकड़ लिया। हालांकि दूसरा चोर भागने में सफल रहा।लोगों ने उस चोर की जम कर पिटायी की और पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष प्रताप टोप्पो महुआडांड़ के रहने वाले हैं और लातेहार में नजारत में पदस्थापित हैं। उनके पिता का निधन हो जाने के कारण अपने घर में ताला लगा कर वे अपने पूरे परिवार के साथ महुआडांड़ चले गये। हालांकि घर की देखभाल और रात में सोने की जिम्मेदारी उन्होंने अपने एक मित्र को दी थी। तभी चोरों ने चोरी करने इरादे से घर पर घुसे थे लेकिन चोरी कर पाते कि वे मोहल्ले वासियों के हाथों चढ़ गए।

## संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में किया गया कार्यक्रम आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया गया।हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपने इस संविधान सभा में तारीख 26 नवंबर 1949 ई (तिथि मार्गशीर्ष, शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा के द्वारा संविधान के प्रारूप को अंगीकृत किया गया था। आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाता है। प्रस्तावना संविधान की आत्मा है यह देश के शासनव्यवस्था एवं देशवासियों के लिए मार्गदर्शिका है। प्रस्तावना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर आज संविधान दिवस के अवसर शपथ लेते हैं कि समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के इस अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करें।

# व्यवहार न्यायालय लातेहार में मनाया गया संविधान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झालसा के निदेशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय लातेहार में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिला के न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी एवं पारा लीगल वोलंटियर ने संविधान के उद्देशिका को पढ़ा। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधरभूत दस्तावेज है। हमारा संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण को विनियमित करता है। भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत, अभ्यास और शक्तियां संविधान पर ही आधारित हैं। उन्होंने कहा कि देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने संविधान का सम्मान करें। देश आजाद होने के बाद हर भारतीय नागरिक संविधान द्वारा उसे दिये गये मौलिक अधिकारों का आंनद लेते आ रहा है। लेकिन इसके साथ साथ देश के कानून का पालन करने और संविधान में दिये गये मौलिक कर्तव्यों को निभाने का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होने कहा कि अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए ही हम देश को विकास की नई उंच्चाई पर ले जा सकते हैं। इस मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पीएलवी के सदस्य मौजूद थे।

## सड़क किनारे झाड़ियों से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के डुंडगी गांव के पास सड़क के किनारे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान जिला मुख्यालय के चटनाही ग्राम निवासी श्रीराम लोहरा के रूप में की गयी। युवक के सिर में चोट के गहरे निशान पाये गये हैं।इससे आशंका जतायी जा रही है।की उसकी हत्या की गयी है। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे पुलिस को सूचना मिली थी। कि एक युवक का शव डुड़गी गांव में सड़क के किनारे झाड़ियों मे पड़ा है।इसके बाद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंची। और शव को सदर अस्पताल लाया गया। मौके पर समाजसेवी श्रवण पासवान सदर अस्पताल पहुंच कर परिजनों से धैर्य रखने की बात कही। शव की शिनाख्त होने के बाद उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गयी। सूचना मिलने के बाद युवक की पत्नी व अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि श्रीराम लोहरा एक वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने गया था। और वहां से लौटने के क्रम घटना का अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शव का अंत्यपरीक्षण करा कर परिजनों को सौंप दिया है।इधर मृतक की पत्नी का रोते रोते बुरा हाल है।

# संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में संविधान की प्रस्तावना का किया गया पाठ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 26 नवंबर भारत के संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में मंगलवार को संविधान की प्रस्तावना पठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सर्वप्रथम संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अम्बेडकर को याद किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद के द्वारा संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य को समाहरणालय के सभी अधिकारियों व कर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से पढ़ा गया। उन्होंने संविधान के तहत प्रदत अधिकारो,कर्तव्यों के संबंध में जानकारी को दोहराया और कहा कि समता मूलक समाज के निर्माण को मूल परिप्रेक्ष्य में रखकर बनाए गए संविधान को हर स्तर पर जानना जरूरी है। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह,भूअर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी व समाहरणालय के सभी अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी ने केरेडारी में निकाला आभार यात्रा, विधायक बनते हीं क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर आभार जताया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने पूरे विधानसभा क्षेत्र में आभार यात्रा निकाल कर क्षेत्र वासियों का आभार जता रहे हैं । वहीं इसी क्रम में आज केरेडारी प्रखंड क्षेत्र का दौरा हुआ जो केरेडारी के राम जानकी मंदिर से शुरू होकर केरेडारी चौक से कराली, केमो, घुटू,जोको, कुठान, सलगा, सायल,पेटो, जोरदाग,चट्टी बरियातू, बालेदेवरी, पाण्डु, तरहेसा, बसरिया, बेंगवरी, हेवई, पहरा, बेलतू, बारियातू तक देर शाम को समाप्त हुआ। जिसमें लोगों ने आपार जनसमर्थन के साथ स्नेह और भव्य तरीके से स्वागत करते हुए आभार जुलूस यात्रा को आकर्षक बनाया। सभी जगह पर सैकड़ो लोगों ने नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी का अपने पारंपरिक तरीके से



स्वागत किया। लोगों को आभार व्यक्त करते हुए विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा में केरेडारी प्रखंड क्षेत्र की जनता ने हमें सर्वोपरि सबसे ज्यादा मत का अंतर से विजई बनाने का काम किया है उसे हम कभी भूल नहीं सकताहूं। यहां के लोगों ने जिस आशा और उम्मीद के साथ मुझे इतना भारी मत से विजय बनाने का काम किया है उसे मैं किसी रूप से चूकता नहीं कर सकता हूं परन्तु इस ऋण को मैं अपने विकास कार्यों से चूकता करने का प्रयास करूंगा। वही केरेडारी के कृषि फार्म मैदान में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर,खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। इस आभार यात्रा में मुख्य रूप से केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव,आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा,जिला उपाध्यक्ष भोला महतो,प्रखंड सचिव मोहन महतो,उपेंद्र सिंह,जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा,प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो, केंद्रीय सदस्य लीलाधन साव, नरेश महतो, राजेंद्र महतो, कंचन यादव, मनोहर साव, बिनोद सिंह,अमित साहू, गिरेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार,महेंद्र महतो, प्रमोद कुशवाहा,बैजनाथ तिवारी, महिला प्रखंड अध्यक्ष राधा देवी, जागेश्वर कुमार, अजय कुमार, उपेंद्र गुप्ता, सुनील कुमार समेत अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस कार्यालय में 75 वां भारतीय संविधान दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में 75 वां संविधान दिवस मनाया गया । भारतीय संविधान का निर्माण ज्ञात हो कैबिनेट मिशन योजना में भारतीय संविधान के निर्माण हेतु परोक्ष निर्वाचन के आधार पर एक संविधान सभा के निर्माण के सुझाव दिया था । इस योजना के अनुसार चुनाव हुए और संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन 09 दिसम्बर 1946 को डॉ. सच्चिदानंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । 11 दिसम्बर 1946 को हुई सभा की बैठक में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को इसका स्थाई अध्यक्ष चुना गया । बीएन राव को इसका संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया । संविधान के प्रारूप पर विचार करने के लिए प्रारूप समिति बनाई गई । जिसके सभापति डॉ. भीमराव आम्बेडकर थे । संविधान के निर्माण में 02 वर्ष 11 माह तथा 17 दिन का समय लगा और 26 नवम्बर 1949 को इसे अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया गया । इसके बाद यह संविधान 26 जनवरी 1950 को भारत में लागू कर दिया गया । कार्यक्रम के पश्चात डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ. भीमराव आम्बेडकर के प्रतिमा पर तथा नया



समाहरणालय चौक स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनहे श्रद्धासुमन अर्पित की गई । कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी अकिल अहमद, राजू चौरसिया, नरेश गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, डॉ. प्रकाश कुमार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बेबी देवी, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, अनिल भुईयां, नरसिंह प्रजापति, अजित कुमार सिंह, मुस्ताक अंसारी, गोविंद राम, राजेन्द्र सिंह, ज्ञानी प्रसाद मेहता, राशिद खान, सैयद अशरफ अली, सुरेन्द्र कुमार सिंह के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# मेरा उद्देश्य समाज के हर एक नागरिक को सम्मान और सहारा देना है : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहर के ओकनी क्षेत्र के निवासी विजय चंद्र लाल की माता बसंती देवी को व्हीलचेयर प्रदान किया। बसंती देवी पिछले कई महीनों से शारीरिक रूप से असमर्थ हैं और उनके लिए चलना-फिरना बेहद कठिन हो गया है। इस स्थिति में विधायक ने उनकी मदद करने का निर्णय लिया और उन्हें व्हीलचेयर प्रदान की, ताकि उनका जीवन कुछ हद तक सरल हो सके। कार्यक्रम विधायक के कार्यालय परिसर में हुआ जहां विजय चंद्र लाल और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे। बसंती देवी को व्हीलचेयर प्रदान करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा हमारे समाज में बहुत से लोग ऐसी



परिस्थितियों में जी रहे होते हैं जिनमें उन्हें हमारी मदद की आवश्यकता होती है। मुझे खुशी है कि मैं बसंती देवी की मदद कर सका और उन्हें इस व्हीलचेयर के माध्यम से कुछ सहारा दे पाया। यह कदम उन लोगों के लिए है जो कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और समाज में उनके लिए कुछ बेहतर किया जा सकता है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर यह भी कहा कि उनका व्यक्तिगत प्रयास रहेगा की हमेशा समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए काम करेंगे। उनका उद्देश्य समाज के हर एक नागरिक को सम्मान और सहारा देना है, ताकि कोई भी व्यक्ति अकेला महसूस न करे। उन्होंने कहा मैं व्यक्तिगत रूप से वचनबद्ध हूं कि जो लोग किसी भी प्रकार से शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से कमजोर हैं, उनके लिए हम हमेशा तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासी और समर्थक भी उपस्थित थे, जिन्होंने विधायक प्रदीप प्रसाद के इस कदम की सराहना की।

## महिला से 50 हजार रूपये की हुई छिनतई, बाइक सवार तीन युवकों ने दिया घटना को अंजाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इंद्रपुरी चौक में मंगलवार को बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका से 50 हजार रुपए की लूट की घटना सामने आया है। बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनके कंधे पर लटकते बैग को छिनकर भाग निकले। बैग बचाने के चक्कर में वो सड़क पर भी गिर गई। उनके चेहरे पर काफी चोट लगी है। मेरु निवासी महिला पर्यवेक्षिका अंजू कुमारी ने बताया कि वह बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से 50 हजार रुपए निकाल कर पैदल ही ऑटो पकड़ने के लिए जा रही थी। जैसे ही वह इंद्रपुरी चौक के पास पहुंची, एक बाइक पर सवार तीन युवक पीछे से आ गए। उन्होंने अंजू का बैग छीना और तेजी से भाग निकले। बैग में मोबाइल सहित अन्य जरूरी कागजात भी थे। इधर, घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ट्रैक्टर के इंजन में लगी आग, 600 बोझा धान जलकर राख



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के झुमरा निचली बस्ती के एक खलिहान में मंगलवार को तकरीबन 1:00 बजे दोपहर अचानक आग लग जाने से सैकड़ो बोझा धान जलकर राख हो गया। इस संदर्भ में भुक्तभोगी किसान झुमरा निवासी रोहन महतो पिता छेदी महतो ने बताया कि वे अपने खलिहान में थ्रेसर मशीन से धान झाड़ने का कार्य कर रहे थे इस क्रम में ट्रैक्टर के इंजन में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटे पूरा खलिहान को अपने चपेट में ले लिया। इस बीच वे चिल्लाने लगे तो आनन फानन में ग्रामीणों ने आग बुझाने के लिए दौड़े जिससे तकरीबन एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि वे एक किसान हैं कर्ज लेकर साझा खेती किया था लगभग 600 बोझा धान जलकर राख हो गया। रोजगार का कोई अन्य साधन भी नहीं है। इस परिस्थिति से निपटने के लिए उन्होंने प्रशासन से मदद का गुहार लगाई है। वही ट्रैक्टर मालिक झुमरा निवासी कैलाश प्रसाद ने बताया कि स्वराज ट्रैक्टर से धनतेरस के दिन ही यह ट्रैक्टर खरीदा था और पहली बार ही इसमें थ्रेसर मशीन लगाकर धान झाड़ने का कार्य कर रहा था अचानक इंजन में आग लग गई जिससे इंजन और आगे की टायर पूरी तरह से जल गया। जब तक वे ट्रैक्टर हटाते तब तक पूरा खलिहान में आग लग चुका था। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटे इतनी तेज थी कि कई पानी के पाइप से पानी डालने पर आग पर काबू पाया गया। हालांकि किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ केवल खलिहान में रखें कुल धान की बोझे और ट्रैक्टर के इंजन एवम् टायर जलकर राख हो गया। इसकी सूचना फोन के माध्यम से दारू थाना एवं दारू अंचल को दे दिया गया है।

# चातुर्मास का मुख्य कलश, चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर विधि-विधान के साथ हुआ स्थापित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** पिछले 4 महीने से जैन समाज के द्वारा चातुर्मास पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर एक कलश मंदिर में विराजमान किया गया जिसे लेने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता है। यह मुख्य कलश, जो चार महीने की पूजा-अर्चना के बाद पवित्रता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बन चुका है, बड़ी ही सौभाग्य से चंद्र प्रकाश लता जैन को प्राप्त हुआ। इसे उनके निवास स्थान पर स्थापित करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस अवसर पर जैन समाज के पुजारी सुनील जी शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चारण और पूजा विधियों के साथ कलश को प्रतिष्ठित किया। जैन समाज के लिए एक ऐतिहासिक और पावन क्षण था,जब चातुर्मास का मुख्य कलश समाज के वरिष्ठ सदस्यों, पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर बड़े ही आदर और उल्लास के साथ स्थापित किया गया। चंद्र प्रकाश जैन



और उनके परिवार ने इस आयोजन में पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस क्षण को और भी खास बना दिया। चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर मुख्य कलश के आगमन के समय ढोल-नगाड़ों की गूंज से माहौल गूंजायमान हो गया। उनके परिवार जनों ने ढोल-नगाड़ों की ताल पर उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए इस पावन अवसर का स्वागत किया। समाज के वरिष्ठ सदस्य और श्रद्धालु भी इस खुशी के सहभागी बने और पूरे आयोजन को भव्यता प्रदान की। कलश की पूजा अर्चना तथा स्थापित के बाद चंद्र प्रकाश लता जैन ने अपनी मां सुधा रानी जैन से आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज जो भी हूं इनके आशीर्वाद से हूं।

**कलश का महत्व**

यह अद्भुत और अलौकिक कलश, जैन धर्म की आस्था और पवित्रता का प्रतीक है। इसे प्राप्त करना और प्रतिष्ठित करना न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। माना जाता है कि इस कलश के प्रभाव से परिवार और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह आध्यात्मिक मार्गदर्शन और सामूहिक कल्याण का स्रोत बनता है। पूजन विधि के दौरान भक्ति गीतों और धार्मिक मंत्रोच्चारण ने वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। कार्यक्रम के पश्चात, श्रद्धालुओं को श्रीफल का वितरण किया गया। समाज के सदस्यों ने चंद्र प्रकाश जैन और उनके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की। मौके पर चंद्र प्रकाश लता जैन ने कहा कि यह हमारे परिवार और पूरे समाज के लिए गर्व और आनंद का क्षण है। चातुर्मास के मुख्य कलश का हमारे निवास स्थान पर आगमन और स्थापित हमारे लिए एक आध्यात्मिक आशीर्वाद है। यह न केवल धर्म और आस्था की शक्ति को दर्शाता है, बल्कि हमें अपने संस्कारों और परंपराओं से और अधिक जोड़ता है। इस पवित्र अवसर पर परिवार और समाज का साथ पाकर हृदय से आभारी हूं। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश लता जैन की माता जी सुधा रानी जैन,सुपुत्री मेघा जैन, वर्षा जैन, दामाद अभिषेक जैन, प्रणीत जैन, पन्ना लाल लुहाड़िया, शोभा लुहाड़िया,पियूष लुहाड़िया, प्रीति लुहाडिया सहित कई लोग मौजूद रहें।

## दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में मनाया गया संविधान दिवस सह बाल दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के द्वारा संविधान दिवस सह बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर किया गया। जिसके उपलक्ष्य पे खेल-कूद का आयोजन किया गया। 100 मीटर, 400मीटर, थ्री लेग रेस,मेढ़क दौड, चेयर रेस का कार्यक्रम आयोजित की गई। 100 मीटर की दौर में क्लासेज वाइज प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आर्यन, प्रभाकर, सौरव, सुभानगी,पम्मी, 400 मीटर की रेस में प्रथम ?अनिल, सौरव, पम्मी थ्री लेग रेस में प्रथम स्थान अनुपम, सौरव, पवन, रंजना, मुस्कान, फ्रॉग रेस में प्रथम अमीषा,? रिले रेस में प्रथम स्थान बंटी सागर , सौरव, रोहित, पम्मी आरती चेयर रेस में प्रथम सुभानगी, बलवंत हुए । समानित दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी बंटी, प्रिंस, मृत्युंजय, प्रेम, जितेंद्र, प्रिंस, दीपिका, नन्दनी, आरती, वंदना, प्रिंस ,अनुपम, ,प्रभाकर, दीपिका, इशिका, ज्योति, अश्वनी, पायल आदि लगभग



400 संस्थान के संचालक श्री अरुण शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद हमारे जीवन मे बहुत जरूरी है। इस लिए दी आर्य भट्ट परिवार की ओर से समय पे समय पे इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन करती है ताकि बच्चे अपने योग्यता को एक मंच प्रदान कर सके। मौके पर उपस्थित कमलकांत, प्रियंका कुमारी, मुस्कान कुमारी, सन्ध्या कुमारी, सिमा कुमारी, सपना सिंह, रमेश महतो, शशि कुमार आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में किशोरियों को सैनेटरी पैड का किया गया वितरित



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ सीएचसी में मंगलवार को ए0एफ0एच0सी द्वारा राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत युवा मैत्री में सैनेटरी पैड नैपकिन का वितरण किया गया। इस मौके कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के बीच सैनेटरी पैड नैपकिन का वितरण करते हुए डॉ. जफर हसन, डॉ. विनय कुमार, ए0आई युवा मैत्री शिवानी देवी,ए.एन.एम हेमंती कुमारी आर.के.एस.के,बीटीटी काजल देवी के द्वारा प्रजनन स्वास्थ्य, माहवारी स्वच्छता पर जानकारी दी गई। सैनेटरी पैड के इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया गया ताकि किशोरियों को संक्रमण से बचाया जा सके।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह सिकरी परिसर में संविधान दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह सिकरी परिसर में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत के संविधान और इसके मूल्यों के महत्व को पुनः प्रतिष्ठित किया गया। इस कार्यक्रम में संजय कुमार दुबे, जीएम (इन्फ्रा), एनएमएल पकरी बरवाडीह ने विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई और सभी से देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया। उत्सव के अंतर्गत संविधान पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों के भारत के संस्थापक दस्तावेज के बारे में ज्ञान का परीक्षण किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों से कर्मचारियों ने उत्साही भागीदारी की। अभिषेक




पांडे, सहायक प्रबंधक (माइनिंग), पहले स्थान पर रहे, जबकि श्री रमन, उप प्रबंधक (माइनिंग), ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, और मृणाल आनंद, ईटी (एच आर), ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को संजय कुमार दुबे द्वारा सम्मानित किया गया, जिन्होंने उन्हें उनके उत्कृष्ट ज्ञान और प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए बधाई दी। यह सम्मान संगठन की कर्मचारियों के बीच सीखने और जुड़ाव की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक था। एनएमएल पकरी बरवाडीह में संविधान दिवस न केवल संविधान के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि जीवन के हर पहलू में इसके मूल्यों को बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी को भी स्पष्ट किया।

# जेडीयू नेता राकेश गुप्ता ने विधायक प्रदीप प्रसाद को दी जीत की बधाई, क्षेत्रीय विकास पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एनडीए गठबंधन में शामिल जनता दल युनाइटेड के वरीष्ठ नेता सह हजारीबाग के प्रख्यात समाजसेवी राकेश गुप्ता ने मंगलवार को सदर विधानसभा के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद को उनके कार्यलय में मुलाकात कर अंगवस्त्र एवं बुके भेंटकर ऐतिहासिक जीत की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर सदर विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। स्वास्थ्य, जल, सडक एवं बेरोजगारी पर अहम वार्ता हुई। जिसमें साथ मिलकर सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं समृद्धि के सतत् प्रक्रिया में योगदान देने का निर्णय लिया। इस दौरान भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह जीत तमाम हजारीबाग विधानसभा की जनता की जीत है। हम सभी मिलकर हजारीबाग



विधानसभा को विकासशील एवं समृद्धशाली विधानसभा बनाएंगे। उन्होंने समाजसेवी राकेश गुप्ता का प्रशंसा कर कहा कि समाजिक जिम्मेदारियों के प्रति आप काफी कर्तव्यनिष्ठा नागरिक हैं। समाजिक एवं धार्मिक कार्यों की चर्चा पूरे जिला हैं। आप सभी के सहयोग से ऐतिहासिक जीत प्राप्त हुआ है। हम सभी मिलकर हजारीबाग विधानसभा का भविष्य को संवारेंगे। मौके पर जनता दल युनाइटेड के वरीष्ठ नेता सह हजारीबाग के प्रख्यात समाजसेवी राकेश गुप्ता ने कहा कि प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में हजारीबाग विधानसभा पूरे झारखंड के मानचित्र पर विकाशशील एवं समृद्धशाली विधानसभा के रूप में अग्रसर होगा।

## गौ रक्षा दल भुरकुंडा की हुई बैठक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गौ रक्षा दल भुरकुंडा का बैठक भुरकुंडा थाना चौक स्थित रिक्रिएशन क्लब दुर्गा मंडप में किया गया जिसमें फैसला लिया गया है की संध्या 6 बजे के बाद जो गाय रोड पर नजर आएंगे उसे गौशाला भेज दिया जाएगा । यह बैठक पिछले दो वर्षो पूर्व भी किया गया था।बताते चलें की रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने इस पर मोहर लगा दिया है मीडिया ओर लोड स्पीकर के माध्यम से सभी को जानकारी दिया जाएगा । पतरातु अंचल के द्वारा सभी को सूचना किया जाएगा ओर जो गाय जिसका भी होगा जुर्माना के साथ छोड़ दिया जाएगा।

## आरसीएमयू इंटक कार्यालय में 75 वां भारतीय मनाया गया संविधान दिवस

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में मंगलवार को आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कि अध्यक्षता में 75 वां भारतीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के द्वारा सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि 26 नवम्बर के दिन ही भारतीय संविधान लिखा कर तैयार किया गया। और आज ही दिन लागू किया गया। भारतीय संविधान सभी को जाती धर्म से ऊपर उठकर एक समान अधिकार दिये। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, गणेश राम, महादेव बेसरा, संजय यादव,टहल गोप,मो अजहर अली, मुखिया चरका करमाली, बिनोद प्रजापति,शतिश कुमार,दीपक, पप्पू यादव, आदि मौजूद थे।

## गोला थाना के ग्रामीण पुलिस खिरोधर बेदिया का निधन, शोक व्यक्त



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गोला थाना के ग्रामीण पुलिस खिरोधर बेदिया का मंगलवार को निधन हो गया। खिरोधर बेदिया गोला थाना क्षेत्र के कुष्टेगढ़ा के रहने वाले थे।खिरोधर बेदिया कुछ महिनों से बिमारी चल रहे थे,इलाज चल रहा था लेकिन से मंगलवार को दुःखद घटना घटी खिरोधर बेदिया देवलोकगमन हो गये। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप सहित थाना के जवानों ने दुःख प्रकट करते हुए भगवान से पुण्य आत्मा की शांति और ईश्वर परिवार एक दुःखद घटना को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने कहा खिरोधर बेदिया अब इस दुनिया में नहीं रहे, उन्होंने विभाग में अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वाहन किया लेकिन ऊपर वालों को कुछ और हि मंजूर था वह अब हम लोगों के बिच नहीं रहे उनके परिवार के लोगों को इस की घड़ी में दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## सयाल में बाबा साहब कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया 75 वां संविधान दिवस



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सयाल उतरी पंचायत के अंबेडकर ग्राउंड में मंगलवार को भारतीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 75 वां संविधान दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता सतेन्द्र यादव एवं खजांची राम ने किया। वहीं मुख्य रूप से पुर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि विरेन्द्र पासवान मौजूद रहे। वहीं पुर्व पार्षद प्रतिनिधि विरेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सभी को भारतीय संविधान के नियमों का सम्मान और पालन करना चाहिए। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का संविधान कर्तव्यो के साथ मौलिक अधिकारों, मार्गदर्शन सिद्धांतो और नागरिक जिम्मेदारीयो को भी परिभाषित करता है। वहीं इस मौके विमलेश कुमार,पंसस प्रतिनिधि कृष्णा साव, अर्जुन सिंह,संजय शर्मा, पिंटू सिंह,छोटी पासवान आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में संविधान दिवस मनाया गया। मल्टीपर्पस हॉल में प्रस्तावना का पाठ कर संविधान की रक्षा का शपथ लिया गयाद्य इस अवसर पर डॉ बलवंती मिंज ने कहा कि संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण करने की दिशा विनियमित करता है। संविधान कर्तव्यों के साथ-साथ मौलिक अधिकारों, मार्गदर्शक सिद्धांतों और नागरिक जिम्मेदारियों को भी परिभाषित करता है। भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत, शक्तियां और अभ्यास संविधान पर आधारित हैं। 26 नवंबर का दिन भारत में लोकतंत्र के इसी ग्रंथ से जुड़ा हुआ है। इस कार्यक्रम में डॉ मालिनी डीन, प्रो साजिद हुसैन, प्रो मोहित जैन, डॉ शाहनवाज खान, सरजू महतो, मो उस्मान आदि उपस्थित थे।

## सीपीएम रामगढ़ ने 5 वें जिला सम्मेलन के संदर्भ में स्वागत समिति की बैठक बिंझार शाखा कार्यालय में हुआ आयोजित



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीपीएम रामगढ़ ने 5 वें जिला सम्मेलन के संदर्भ में स्वागत समिति की बैठक बिंझार शाखा कार्यालय में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता कॉम्रेड धनेश्वर महतो एवं संचालन कॉम्रेड बलभद्र दास (स्वागत समिति सचिव) ने किया। उपस्थित सदस्यों ने अपने क्षेत्र में जिला सम्मेलन के मद्देनजर हो रही तैयारियों का ब्यौरा दिया। ज्ञातव्य हो यह एक दिवसीय सम्मेलन 21 दिसंबर 2024 को क्षत्रिय धर्मशाला नयीसराय, रामगढ़ में आयोजित किया जाना है। सीपीएम रामगढ़ जिला सचिव कॉम्रेड आर पी सिंह चंदेल एवं अन्य सदस्यों ने कॉम्रेड लालमोहन मुंडा कि सासु मां मीना देवी (62) के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए रिम्स के प्रशिक्षु चिकित्सकों के लिए शव दान करने के साहसिक निर्णय की प्रसंशा करते हुए उन्हें सही मायने में प्रगतिशील बताया। ज्ञात हो कॉम्रेड लालमोहन मुंडा एवं उनकी पत्नी दोनों ने ही मृत्योपरांत शव दान करने का सामुहिक निर्णय ले निबंधन कराया है। जो उनके आडम्बर रहित वैज्ञानिक सूझ-बूझ का प्रतीक है। उपस्थित सदस्यों में कॉम्रेड लोविंद महतो , कॉम्रेड नाज़मा खातून, कॉम्रेड दिगम्बर रजक, संजीव कुमार वर्मा, अनुज कुमार, पी कपूर आदि शामिल रहे।

## अरगड्डा में मनाया गया संविधान दिवस



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मंगलवार अरगड्डा के अंबेडकर नगर में डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर स्थल में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से रंजीत पासवान सत्येंद्र महतो कार्तिक पासवान नितेश नायक जलाल खांसी अमित राम मुकेश कुमार मनोज चौहान संजय भुइया मुन्ना अंसारी दिलदार अंसारी तनक लाल दीप विश्वनाथ ठाकुर वीरेंद्र ठाकुर सुमित राम आदि उपस्थित थे।

## अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में संविधान दिवस का किया गया आयोजन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: महाप्रबंधक कार्यालय, अरगडा क्षेत्र में संविधान दिवस 2024 का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक अरगड़ा क्षेत्र संजय कुमार झा मौजूद रहे। कार्यक्रम में अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन) मोहम्मद फैयाजुल हक, प्रबंधक कार्मिक मनीष कुमार अम्बष्ट एवं कार्यक्रम संचालक नोडल अधिकारी (लीगल) निखिल श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी, सिलेक्ट बॉडी, सीएमओएआई, इनमोसा, एससी/एसटी/ओबीसी काउंसिल के प्रतिनिधिगण, महिलाकर्मी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयोजन में संविधान शपथ, दीप प्रज्वलन, डॉ आंबेडकर व डॉ राजेंद्र प्रसाद का स्मरण व माल्यार्पण, फोटो प्वाइंट विथ प्रियंबल तथा रीड द प्रियंबल कियोस्क का प्रबंध किया गया।

# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में मनया गया संविधान दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, आलोक कुमार दुबे के अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।इस अवसर पर प्रधान जज कुटुंब न्यायालय संजय कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार राम, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप कुमार बरतम आदि सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री अनिल कुमार के निर्देश पर पारा लीगल वॉलंटियर्स द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न स्कूलों और अन्य संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। साथ ही विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को उनके मौलिक कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम का



उद्देश्य संविधान के महत्व को समझाना और नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करना था। सचिव महोदय ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और हमें इसका पालन कर अपने कर्तव्यों और अधिकारों को समझना चाहिए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को संवैधानिक ज्ञान और उनके अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी गई। यह आयोजन समाज में कानूनी जागरूकता फैलाने और संविधान के प्रति सम्मान बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मना संविधान दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** छात्रों में संविधान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मंगलवार को श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों व विद्यार्थियों को संविधान का निष्ठा से पालन करने की शपथ दिलाई गई। शिक्षकों ने संविधान के महत्व और लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारतीय संविधान की विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही सभी लोगों से जनसाधारण में भी संविधान के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही गई। इस अवसर पर आयोजित हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान परिचर्चा में विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य एवं संविधान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।शिक्षिका साधना सिन्हा ने



संविधान के बाबत बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि बाबा साहब संविधान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष थे। संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। संविधान से ही देश की व्यवस्थाएं चलती है। हम सभी को संविधान में दिए नियमों के हिसाब से ही चलना पड़ता है। अगर कोई भी संविधान के निर्देशों की अवहेलना करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। हमारा संविधान अक्षुण्ण रहे, इसके लिए संविधान दिवस के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाती है। अपने संबोधन में स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हम संविधान द्वारा प्रदत्त अपने अधिकारों की बात अक्सर करते है, लेकिन अपने कर्तव्य का पालन करने से कतराते हैं। प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करे, तभी हमारे अधिकार भी सुरक्षित रह सकते हैं। इस अवसर पर निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

## उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने 75 वे संविधान दिवस पर पुलिसकर्मियों को दिलाया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी ओपी परिसर में मंगलवार को ओपी प्रभारी रामकुमार राम के नेतृत्व में 75वे संविधान दिवस मनाया गया। वहीं इस मौके ओपी प्रभारी के द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को संविधान पर शपथ दिलाई गई। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि संविधान नियमो और कानूनो का एक महत्वपूर्ण समूह है। जो किसी भी देश के संचालन और नियंत्रण करने कि दिशा में विनियमित करता है। संविधान कर्तव्यो के साथ साथ मौलिक अधिकारो, मार्गदर्शक सिद्धांतो और नागरिक जिम्मेदारीयो को भी परिभाषित करता है।भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत, शक्तियां और अभ्यास संविधान पर आधारित है। ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने यह भी बताया कि 26 नवम्बर का दिन भारत में लोकतंत्र के इसी ग्रंथ से जुड़ा हुआ है। संविधान से पहले भारत में सत्ता का स्वरूप कुछ और था। हम सभी को संविधान के नियमों का सम्मान और पालन करना चाहिए। वहीं इस मौके पर शपथ ग्रहण करने वालों में पुलिस अवर निरीक्षक सीताराम सिंह,सअनि रसिक किस्कू, कृष्ण कुमार दुबे, संजय यादव सहित दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## एसटी/एससी ओबीसी काउंसिल में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल स्थित ओल इंडिया एसटी एससी ओबीसी काउंसिल बरका सयाल कार्यालय में मंगलवार को भारतीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय सचिव कृष्णा सोरेन कार्यकारी अध्यक्ष विजय प्रसाद के द्वारा किया गया। जिसमें सयाल के एसएसडिएवी स्कूल के शिक्षक व छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वहीं सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं संविधान दिवस के मौके पर क्षेत्रीय सचिव कृष्णा सोरेन ने कहा कि हमें संविधान का पालन करना चाहिए। संविधान का पालन करना हर भारतीय का कर्तव्य है। बाबा साहब ने कहा था कि अगर संविधान लागू करने वाले लागू ठीक नहीं रहे तो यह केवल कागजों का पुलिंदा बनकर रह जाएगा। वहीं इस मौके राम बचन राम,राचना मांझी,इशवरी महतो, बलराम पासवान, जितेन्द्र यादव, शिक्षक अब्दुल मजीद,मुकेश पोद्दार,दयाल शंकर यादव, रविन्द्र तिर्की, रामजन्म कुमार, राजू कुमार,सोहन सेठी,जोहरन करमाली,विजय मुंडा, बिनोद पासवान आदि लोग मौजूद थे।

# हमारा संविधान हमारा स्वभिमान : प्राचार्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में मंगलवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालय के वंदना सभा मे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं आचार्य बच्चूलाल तिवारी ने संविधान दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उमेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर उन्होंने कहा कि आज ही के दिन भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकार किया गया था।जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान हमारा सबसे बड़ा दस्तावेज है और हमें इसके प्रति सम्मान रखना चाहिए ,आगे उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानना बहुत जरूरी है।वही बच्चूलाल तिवारी ने कहा कि भारतीय संविधान को तैयार करने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा।उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के प्रति जागरूक रहने और इसके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

# श्री कृष्ण विद्या मंदिर में मनाया गया संविधान दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़ में प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका सपना चक्रवर्ती ने भारतीय संविधान की विशेषता एवं महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि देश की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को विधिवत रूप में स्वीकार किया था। 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था। इसलिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिक्षिका प्रीति मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। संविधान दिवस के मौके पर शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान के प्रति अपनी निष्ठा, श्रद्धा और ईमानदारी से बिना भेदभाव किये अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने भारतीय संविधान के अर्थ, परिभाषा और आवश्यकता पर जोर देते हुए संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया। इस मौके पर कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के छात्र - छात्राएं और शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 75वां संविधान दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** संविधान दिवस यानी ,हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। स्थानीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 75वा संविधान दिवस मनाया गया जिसका नारा था हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान । इस उपलक्ष में विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा सात आठ नौ और ग्यारहवीं के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इस दिन को मनाने का उद्देश्य , भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और इसके वास्तुकार डॉ? बी?आर? अंबेडकर के योगदान का सम्मान करना है। संविधान दिवस को मनाने के लिए, स्कूलों में कई तरह की गतिविधियां आयोजित की गयी । विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने संविधान के संदर्भ में सामूहिक प्रतिज्ञा ली । अन्य गतिविधियों में पोस्टर बनाना, स्लोगन , प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रमुख रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह का प्रोत्साहन रहा।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा और अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाया।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** 27 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के लुकैयाटांड़ बरलंगा में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ से चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारीयों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अब तक की गई तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने अतिथियों व आम जनों के बैठने की व्यवस्था, मंच, डी एरिया, हेलीपैड, पार्किंग व्यवस्था सहित कार्यक्रम के दौरान स्थल पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित अन्य दिशा निर्देश।

# रामगढ़ विधायक ममता देवी को मंत्रिमंडल में शामिल करने की किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड सरकार से पुरजोर मांग की है कि ओबीसी समुदाय से आने वाली रामगढ़ की सम्मानित विधायक ममता देवी जी को राज्य के मंत्रीमंडल में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि ममता देवी जी ने अपने कार्यकाल में विकास कार्यो, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान, और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका मंत्रीमंडल में शामिल होना न केवल क्षेत्रीय विकास को गति देगा, बल्कि झारखंड में सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाएगा।

**सुधीर मंगलेश ने कहा :-**

रामगढ़ की विधायक ममता देवी जी एक ईमानदार, कर्मठ और संघर्षशील जनप्रतिनिधि हैं। वे हमेशा जनता के हितों को प्राथमिकता देती हैं



और सामाजिक न्याय के लिए आवाज उठाती रही हैं। ओबीसी समुदाय की एक सशक्त नेता के रूप में उनकी पहचान पूरे झारखंड में है। ऐसे में उनका मंत्रीमंडल में शामिल होना राज्य में सामाजिक और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है।÷सुधीर मंगलेश ने यह भी कहा कि ममता देवी जी का नेतृत्व रामगढ़ और झारखंड के अन्य क्षेत्रों के विकास को एक नई दिशा देगा। उनके प्रयासों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए हैं। साथ ही, उन्होंने हमेशा गरीब, वंचित और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।

**उन्होंने अपनी बात को रखते हुए आगे कहा :-**

झारखंड सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सामाजिक न्याय की भावना को बनाए रखा जाए। ओबीसी समुदाय के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना सरकार की जिम्मेदारी है। ममता देवी जी का मंत्रीमंडल में शामिल होना न केवल ओबीसी समुदाय को सम्मान देगा, बल्कि झारखंड की प्रगतिशील राजनीति को भी मजबूती प्रदान करेगा।इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने झारखंड सरकार से अपील की कि ममता देवी जी की योग्यता, संघर्षशीलता और जनता के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें मंत्रीमंडल में स्थान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के लोग इस निर्णय का स्वागत करेंगे और यह निर्णय सरकार की दूरदर्शिता और संवेदनशीलता को दर्शाएगा।

## मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** मंगलवार को मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में मुखिया अनीता देवी के अध्यक्षता में संविधान दिवस सैकड़ो की संख्या में बड़े धूमधाम से मनाया गया इस समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित उप मुखिया पंकज गुप्ता वार्ड सदस्य चुरामन गंजू समाजसेवी छोटेलाल भुइया अर्जुन राम पूर्व पंचायत समिति मांडू संतोष राम समाजसेवी सचिव मोहम्मद मिस्टर आलम भुलेश्वर भोक्ता परमेश्वर महतो पंचायत सचिव नरेश हजम राजू राम अमित मुसहर सुरेंद्र गुप्ता शब्बा तरन्नुम मुसर्रत जहां चरकी देवी गुड़िया देवी प्रभात कुमार आदि लोग उपस्थित थे सभी ने संविधान दिवस पर संविधान के नियमों को माने व नियमों पर चलने का संकल्प लिया।

# 6 जनवरी को होगा भव्य श्री महाकाल महोत्सव, तैयारी में जुटा आरबीबीएस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीबीएस) की ओर से हर वर्ष की भांति श्री महाकाल महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर समिति की रामगढ़ बिजुलिया रेलवे ओवरब्रिज के पास प्रधान कार्यालय में बैठक हुई। इसमें, हर वर्ष की भांति वर्ष 2025 में भी छः जनवरी को 7वां श्री महाकाल महोत्सव धूमधाम मनाने का निर्णय लिया गया। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रामगढ़ जिला के गोला, चितरपुर, नगर परिषद, छावनी परिषद, दुलमी, मांडू, पतरातू प्रखंडों के लोगों को साथ लेकर 50 सदस्यीय संचालन समिति बनाई जाएगी। ज्ञात हो कि रामगढ़ के सुख व शांति के लिए रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति द्वारा वर्ष 2019 से श्री महाकाल महोत्सव की शुरुआत की गई थी। इसमें महाकाल का भव्य श्रृंगार, रुद्राभिषेक व महाआरती के पश्चात अटूट भंडारे का आयोजन किया जाता है।इस मौके पर उपस्थित सिकंदर सोनी,अमर बोदरा,अजय राम,विक्की बेदिया, राहुल बेदिया,राजू मानसाता, ज्योति मानसाता आदि उपस्थित थे।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/सिमडेगा/12/2024–25 दिनांक–26.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग–कुटुमाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 2,3,4,5,6,51,52,53,54,55,62 एवं 63 वें को छोड़कर कि.मी. 0.00 से 63.20 में साधारण मरम्मति कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | 155.00 लाख (एक करोड़ पचपन लाख) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 4. | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.12.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5 | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.12.2024 को अपराह्न 12.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।
5. पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी''।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा

PR 340396 Simdega(24-25)#D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## WATER RESOURCES DEPARTMENT

**LOCAL/ NATIONAL TURNKEY COMPETITIVE BIDDING**
**(Complete Job with Ten Years OM&M)**

NIT NO:-WRD/KCD BANASO /TURNKEY-**01/24-25** DATE:- 26.11.2024

| | |
|---|---|
| Name of Work | (Part-A) Construction of Residual work, Reconstruction work, Repair and Maintenance works, Structural work in Head works, Main Canal & Right Branch Canal and its Distributaries/ Sub Distributaries/Minors through Open Channel/ UGPL under Konar Irrigation Project on Turnkey basis with 10 (Ten) years Operation, Maintenance and Management (OMM) (complete job). |
| Estimated Cost. (Rs.) | **Rs. 563,98,56,300.00** (Five hundred sixty three Crore Ninty Eight Lakh Fifty Six Thousand Three Hundred only) |
| Time of Completion | 30 Months (Thirty Months) |
| Earnest Money (Through Online Mode) | **Rs. 5,64,00,000.00** (Five Crore sixty Four Lakh only) |
| Tender Fee (Through Online Mode) | **Rs. 10,000.00** (Ten Thousand Only) (Non-Refundable) |
| Period of availability of Bidding document on website. | From 28.11.2024 at 12.00 AM to 08.01.2025 up to 5.00 PM |
| Time and Date of Pre-Bid Conference. (Physical as well as On-line) | 16.12.2024 at 02.00 PM at 1st Floor, Conference Hall, Nepal House, Doranda, Ranchi. |
| Period of online submission of Bids | From 28.11.2024 at 12.00 AM to 08.01.2025 up to 5.00 PM |
| Date and Time of opening Pre-Qualification Bid | 10.01.2025 at 3.00 PM |
| Date and Time of opening of Technical Bid | To be announced after Pre-Qualification Bid |
| Date and Time of opening of Financial Bid | To be announced after Technical Bid |
| Place of opening of Bids | E-Procurement Cell O/o Chief Engineer, WRD, Hazaribagh. |
| Officer Inviting Bids and his Mobile No. and E-mail id | Executive Engineer, Konar Canal Division, Banaso<br>Mob. No.- +91 9431108950<br>E-Mail ID- kcdivision2015@gmail.com |
| Help line Number of e-Procurement | 06546-267462, 9431108950 |

Note- (1) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website- https://jharkhandtenders.gov.in.
(2) Estimated cost liable to change.

**EXECUTIVE ENGINEER**
**KONAR CANAL DIVISION, BANASO**

PR 340351 (Water Resource) 24-25 (D)

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
## e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice 3rd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**38**/24-25 Dated **25.11.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for exploration of Feasibility report cum preparation of Detailed project report for construction of Elevated Corridor/at Grade on the Bank of Harmu River at Harmu Muktidham to Radisson Blue Hotel including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal , Forest Diversion Proposal with clearance of all stagesetc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 2.400 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only.<br>**EMD :-** Rs- 1,00,000/- (Rupees One Lac) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 27.11.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 05.12.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 06.12.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No | 337074 Road(24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi .**

PR 340359 (Road)24-25*D

# पतरातू संविधान प्रस्तावना की ली गई शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के प्रस्तावना की शपथ ली गई। इस अवसर पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।मौके पर बीडीओ मनोज गुप्ता,सीओ मनोज चौरसिया,बीएचओ डॉ अशोक कुमार,कम्प्यूटर ऑपरेटर राजेश कुमार सिंह,मनजीत कुमार,अमित कुमार, शशि कुमार,अरुण कुमार ठाकुर, वरुण कुमार, झुनी देवी, विजय हेंब्रम सहित दर्जनों अन्य कर्मचारी ने संविधान की रक्षा एवं संविधान के अनुरूप चलने की शपथ ली।

## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार।

**अति अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण–सूचना**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 03.12.2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 04.12.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 04.12.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | 10 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम पतरातु में देवा उरांव के घर से लक्ष्मण उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1096700 | 22000 | 2500 | 02 माह | NIT 13/2024-25 (4th call) |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।
10- अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक भाग ले सकेंगे।
12. उक्त अंकित योजना में प्रखण्ड लातेहार के संवेदक भाग ले सकेंगे।
13. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14- वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 340423 (Rural Development) 24-25 (D)

## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

संख्या– 1572/भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 09/10/2024

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा पाली, थाना नं0 64, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मतकमा चौक (SH-2 पर)–पाली–सांकी–चुटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई–20.76 Km) एवं कौड़ी बाजार से चिकोर भाया सुड्डी लिंक पथ (लंबाई–4.43 Km) सहित (कुल लंबाई–25.19 Km) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा पाली, थाना नं0 64, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **3.3992** एकड़ यानि 1.37560 हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 75 | 90 | रैयती | टांड़–II | 0.2712 | 1. निराजो बेदियाईन 2. निरासो पिता जगनु बेदिया (मकान 81x24 करकट शीट) | प्लॉट नं0 91 | प्लॉट नं0 89 | प्लॉट नं0 88 | प्लॉट नं0 02 |
| 2 | 08 | 65 | रैयती | टांड़–II | 0.0450 | पकोड़ियाँ बेदिया | 90 | 05 | 66 | 05 |
| 3 | 49 | 66 | रैयती | टांड़–II | 0.0605 | ननकु बेदिय | 87 | 63 | 67 | 65 |
| 4 | 105 | 64 | रैयती | टांड़–II | 0.0259 | बलदेव बेदिया वगै0 | 66 | 15 | 63 | 05 |
| 5 | 75 | 63 | रैयती | टांड़–II | 0.0558 | 1. दीपक कुशवाहा, 2 अमरनाथ कुषवाहा | 66 | 26 | 62 | 15 |
| 6 | 75 | 62 | रैयती | टांड़–II | 0.0632 | अली अहमद अंसारी वगै0 पिता मो0 खलील अंसारी | 67 | 26 | 57 | 63 |
| 7 | 76 | 60 | रैयती | टांड़–II | 0.0981 | 1. साधु महतो वगै0 2. धनेष्वर महतो पिता स्व0 प्यारीलाल महतो | 58 | 43 | 52 | 61 |
| 8 | 72 | 58 | रैयती | टांड़–II | 0.0405 | तिलकु बेदिया पिता धरमु बेदिया | 57 | 60 | 56 | 61 |
| 9 | 50 | 57 | रैयती | टांड़–II | 0.0114 | गोवर्धन बेदिया पिता फुलवा बेदिया | 56 | 58 | 63 | 62 |
| 10 | 153 | 52 | रैयती | टांड़–II | 0.0329 | 1. पुनम देवी पति शीबु महतो 2. अनिल सिंह, 3. धनष्याम महतो | 53 | 47 | 51 | 60 |
| 11 | 16 | 51 | रैयती | टांड़–II | 0.0548 | लखन बेदिया वगै0 पिता जगधन बेदिया | 54 | 48 | 49 | 52 |
| 12 | 118 | 49 | रैयती | टांड़–II | 0.0284 | 1. गुदरिया बेदिया पिता स्व0 बालेष्वर बेदिया 2.रामजीत, रामेष्वर बेदिया, नागेश्वर बेदिया | 50 | 48 | 122 | 51 |
| 13 | 67 | 122 | रैयती | टांड़–II | 0.0435 | घुजा बेदिया वो सेवधर बेदिया वगै0 | 121 | 128 | 123 | 19 |
| 14 | 104 | 123 | रैयती | टांड़–II | 0.0388 | सुरजा बेदिया पिता स्व0 महजु बेदिया | 121 | 126 | 124 | 122 |
| 15 | . | 124 | रैयती | टांड़–II | 0.0077 | सदीक हुसैन | 118 | 126 | 159 | 123 |
| 16 | 17 | 125 | रैयती | टांड़–II | 0.0049 | कामेश्वर नारायण सिंह | 124 | 158 | 158 | 126 |
| 17 | 03 | 126 | रैयती | धान–III | 0.0198 | दिनेष बेदिया पिता स्व0 शनिचरवा बेदिया | 124 | 132 | 158 | 129 |
| 18 | 134 | 158 | रैयती | टांड़–II | 0.0632 | कामेश्वर नारायण सिंह | 159 | 157 | 571 | 126 |
| 19 | 87 | 156 | रैयती | धान–III | 0.1077 | झलकु, कलसु, ललकु बेदि वगै0 पिता स्व0 भीमलाल बेदिया | 158 | 154 | 157 | 155 |
| 20 | 139 | 157 | रैयती | टांड़–II | 0.0292 | 1. प्रदीप बेदिया पिता शोबरन बेदिया, 2. कामेश्वर नारायण सिंह | 158 | 153 | 571 | 156 |
| 21 | 76 | 153 | रैयती | धान–III | 0.0707 | कामेष्वर नारायण सिंह, आनन्त नारायण सिंह पिता चन्द्रमोहन सिंह | 157 | 152 | 571 | 151 |
| 22 | 46 | 152 | रैयती | टांड़–II | 0.0452 | रोहन राम बेदिया पिता लंगड़ा बेदिया | 153 | 326 | 571 | 151 |
| 23 | . | 325 | रैयती | धान–III | 0.0269 | निर्मल करमाली वगै0 | 151 | 324 | 571 | 326 |
| 24 | 129 | 324 | रैयती | टांड़–II | 0.0269 | 1. झमनलाल महतो पिता सोहन महतो 2. मोहिउद्दीन अंसारी | 325 | 321 | 571 | 327 |
| 25 | 92 | 321 | रैयती | टांड़–II | 0.0403 | केदार बेदिया वगै0 | 323 | 320 | 571 | 335 |
| 26 | 86 | 320 | रैयती | धान–III | 0.0180 | मोहन बेदिया वगै0 पिता बलकहा बेदिया | 321 | 319 | 571 | 335 |
| 27 | 78 | 319 | रैयती | धान–III | 0.0195 | बसदेव बेदिया वगै0 पिता बली बेदिया | 318 | 314 | 571 | 341 |
| 28 | 45 | 318 | रैयती | टांड़–II | 0.0862 | मोतिलाल बेदिया वगै0 पिता डीबु बेदिया | 318 | 314 | 571 | 341 |
| 29 | 76 | 317 | रैयती | धान–I | 0.0420 | हिरू बेदिया वगै0 पिता रामनाथ बेदिया | 318 | 316 | 571 | 318 |
| 30 | 71 | 316 | रैयती | टांड़–II | 0.0292 | बहुरन बेदिया वगै0 पिता वंषी बेदिया | 317 | 315 | 310 | 318 |
| 31 | 151 | 315 | रैयती | टांड़–II | 0.0262 | मोतिलाल बेदिया वगै0 पिता डीबु बेदिया | 316 | 314 | 310 | 318 |
| 32 | 90 | 314 | रैयती | टांड़–II | 0.0203 | अली मो0 अंसारी पिता मो0 खलील अंसारी | 315 | 316 | 310 | 356 |
| 33 | 99 | 313 | रैयती | टांड़–II | 0.0180 | चरकु बेदिया पिता अर्जुन बेदिया | 314 | 315 | 310 | 356 |
| 34 | 157 | 312 | रैयती | धान–I | 0.0267 | झमन महतो वगै0 पिता सोहन महतो | 313 | 314 | 310 | 356 |
| 35 | 89 | 311 | रैयती | टांड़–II | 0.0047 | सरो बेदिया वगै0 पिता जगेष्वर बेदिया | 312 | 313 | 571 | 356 |
| 36 | . | 307 | रैयती | धान–I | 0.0188 | मो0 विलासो देवी पिता देवकी महतो | 290 | 312 | 302 | 310 |
| 37 | 71 | 308 | रैयती | टांड़–II | 0.0040 | बहुरन बेदिया वगै0 | 307 | 311 | 302 | 310 |
| 38 | 39 | 572 | रैयती | धान–I | 0.0054 | योगेन्द्र बड़ाईक पिता दिग्म्बर बड़ाईक | 308 | 358 | 572 | 571 |
| 39 | 02 | 571 | रैयती | धान–III | 0.2045 | अघनु कुरमी पिता बिगल कुरमी | 572 | 308 | 570 | 358 |
| 40 | 16 | 569 | रैयती | टांड़–II | 0.0035 | मिठु बेदिया पिता स्व0 लंगड़ा बेदिया | 568 | 571 | 564 | 528 |
| 41 | 08 | 551 | रैयती | टांड़–II | 0.0232 | परमेश्वर बेदिया वगै0 पिता स्व0 बुधन बेदिया | 569 | 570 | 552 | 528 |
| 42 | 61 | 545 | रैयती | धान–III | 0.0030 | 1. रामगोपल बेदिया वगै0 पिता स्व0 किषुन बेदिया 2. योगेन्द्र बेदिया | 551 | 551 | 556 | 528 |
| 43 | 16 | 529 | रैयती | धान–III | 0.0289 | मिठु बेदिया वगै0 पिता स्व0 लंगड़ा बेदिया | 542 | 551 | 531 | 527 |
| 44 | 65 | 519 | रैयती | टांड़–II | 0.0022 | चमन बेदिया पिता बलकाहा बेदिया | 523 | 545 | 522 | 518 |
| 45 | 65 | 520 | रैयती | धान–III | 0.0074 | भीखा बेदिया पिता घुजा बेदिया | 522 | 521 | 522 | 519 |
| 46 | 65 | 521 | रैयती | धान–III | 0.0299 | गणेष बेदिया पिता षिवलाल बेदिया | 520 | 522 | 522 | 519 |
| 47 | . | 527 | रैयती | टांड़–II | 0.0450 | 1. मोहन लाल बेदिया पिता बिगलाहा बेदिया 2. ध्यानलाल बेदिय वगै0 पिता स्व0 बोधन बेदिया | 365 | 323 | 528 | 526 |
| 48 | 81 | 365 | रैयती | टांड़–II | 0.0015 | चमरू बेदिया वो खुदिया बेदिया पिता बुधु बेदिया | 364 | 327 | 528 | 366 |
| 49 | 12 | 364 | रैयती | धान–III | 0.0096 | सुखदेव बेदिया वगै0 पिता स्व0 बाबुलाल बेदिया | 363 | 365 | 528 | 370 |
| 50 | 27 | 363 | रैयती | टांड़–II | 0.0329 | झामु बेदिया वगै0 पिता भुटका बेदिया | 360 | 364 | 528 | 373 |
| 51 | 25 | 360 | रैयती | टांड़–III | 0.0524 | योगेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया | 571 | 363 | 528 | 361 |
| 52 | . | 379 | रैयती | टांड़–II | 0.0163 | विपिन ठाकुर पिता हरिहर हजाम | 676 | 680 | 677 | 522 |
| 53 | 40 | 680 | रैयती | टांड़–II | 0.0010 | अघनु कुरमी पिता जुगल कुरमी | 679 | 682 | 681 | 522 |
| 54 | 85 | 682 | रैयती | धान–III | 0.0035 | तीरथा बेदिया पिता तेजू बेदिया | 680 | 683 | 697 | 522 |
| 55 | . | 684 | रैयती | टांड़–II | 0.0042 | लुरकेष्वर बेदिया पिता ललित बेदिया | 683 | 685 | 697 | 522 |
| 56 | 68 | 685 | रैयती | टांड़–II | 0.0044 | मधुवा बेदिया पिता चमन बेदिया | 684 | 686 | 697 | 522 |
| 57 | . | 688 | रैयती | धान–III | 0.0304 | अधनु कुरमी पिता जुगल कुरमी | 685 | 683 | 686 | 522 |
| 58 | 60 | 689 | रैयती | टांड़–II | 0.0015 | बतौरा बेदिया पिता जीतना बेदिया | 687 | 683 | 690 | 522 |
| 59 | 38 | 1051 | रैयती | टांड़–II | 0.0121 | 1. नीतु देवी पति षिवकुमार 2. गुनाराम महतो पिता प्रेमनाथ महतो | 1025 | 522 | 1050 | 522 |
| 60 | 156 | 1055 | रैयती | टांड़–II | 0.0536 | रामलाल राम पिता गोवर्धन राम वगै0 (मधवा रवानी रामनरेष राम, रामेष्वर राम, दिनेष राम, भुनेष्वर राम) | 1054 | 1056 | 1057 | 1063 |
| 61 | 156 | 1057 | रैयती | परती कदीम | 0.0049 | दीपक कुमार महतो पिता बीरबल महतो | 522 | 1062 | 1059 | 1055 |
| 62 | 156 | 1059 | रैयती | टांड़–II | 0.0408 | 1. मोहन महतो पिता स्व0 नंदलाल महतो, 2. धनश्याम महतो पिता स्व0 नंदलाल महतो 3. मनोज महतो पिता स्व0 बिरवल महतो 4. दीपक कुमार महतो पिता बीरबल महतो 5. अच्छेश्वर महतो पिता बीरबल महतो | 510 | 1056 | 1060 | 1057 |
| 63 | 88 | 1060 | रैयती | धान–III | 0.0020 | कार्तिक पाहन वगै0 पिता दसवा पाहन | 522 | 1061 | 1045 | 1059 |
| 64 | 19 | 1066 | रैयती | धान–III | 0.0924 | 1. देव बेदिया पिता गोवर्धन बेदिया, 2. राजेन्द्र बेदिया पिता लखीया बेदिया 3. लोकनाथ बेदिया पिता नकुल बेदिया | 688 | 1055 | 522 | 1065 |
| 65 | . | 1068 | रैयती | टांड़–II | 0.0168 | शांति ईष्वर सिंह पिता सत्यनारायण सिंह | 509 | 1065 | 522 | 1073 |
| 66 | . | 1045 | रैयती | धान–III | 0.0175 | 1. शिवजल पाहन (बेदिया) पिता सीताराम पाहन 2. जयराम पाहन (बेदिया) पिता केतर बेदिया | 522 | 1476 | 1044 | 1060 |
| 67 | 120 | 1046 | रैयती | टांड़–II | 0.1119 | 1. विरेन्द्र कुमार सिंह पिता स्व0 विसेष्वर सिंह 2. असेश्वर सिंह पिता स्व0 शिवनंदन सिंह 3 लक्ष्मण सिंह पिता प्रताप सिंह 4. लोहा सिंह पिता स्व0 केसश्वर सिंह | 1049 | 522 | 1048 | 1050 |
| 68 | 08 | 1047 | रैयती | खलिहान | 0.0200 | 1. राजेन्द्र बेदिया पिता स्व0 लछु बेदिया 2. पुरन बेदिया पिता स्व0 त्रितिया बेदिया | 272 | 1045 | 1045 | 1048 |
| 69 | 32 | 1480 | रैयती | टांड़–II | 0.0010 | 1. तिरथ बेदिया वगैरह पिता बिगन बेदिया 2. सर्वजीत सिंह पिता स्व0 बुधन सिंह 3. गीता देवी पति श्री रामलाल राम | 1042 | 1659 | 1864 | 1448 |
| 70 | 01 | 1481 | रैयती | टांड़–II | 0.0245 | 1. रितेष विष्वकर्मा 2. जब्बार अंसारी पिता स्व0 गयासुद्दीन अंसारी | 1038 | 1658 | 1483 | 1481 |
| 71 | 01 | 1482 | रैयती | टांड़–II | 0.0166 | 1.क्षीगन बेदिया पिता जटठु बेदिया 2. राजेन्द्र राम पिता रामलाल राम 3. जब्बार अंसारी वगै0 पिता स्व0 गयासुद्दीन अंसारी | 1038 | 1622 | 1483 | 1481 |
| 72 | . | 1483 | रैयती | धान–III | 0.0042 | पुसुवा बेदिया वगै0 पिता वंषी बेदिया | 1030 | 1622 | 1485 | 1482 |
| 73 | . | 1513 | रैयती | टांड़–II | 0.0613 | भोजनी देवी वगै0 | 1512 | 1622 | 1511 | 1490 |
| 74 | 28 | 1514 | रैयती | टांड़–II | 0.0146 | सारोराम बेदिया वो गालो बेदिया पिता स्व0 जगेष्वर बेदिया | 1509 | 1622 | 1515 | 1514 |
| 75 | 136 | 1515 | रैयती | टांड़–III | 0.0082 | रामेश्वर बेदिया पिता स्व0 बुधन बेदिया | 1519 | 1622 | 1516 | 1514 |
| 76 | 25 | 1516 | रैयती | धान–III | 0.0059 | रामेश्वर बेदिया पिता स्व0 बुधन बेदिया | 1517 | 1622 | 1620 | 1515 |
| 77 | 173 | 1623 | रैयती | टांड़–II | 0.0716 | नागेष्वर सिंह वगै0 पिता ईष्वर सिंह | 1622 | 1624 | 1622 | 1639 |
| 78 | 62 | 1624 | रैयती | धान–III | 0.0472 | छोटेलाल मुण्डा वगै0 पिता चरका मुण्डा | 1623 | 1715 | 1622 | 1630 |
| 79 | 62 | 1642 | रैयती | टांड़–II | 0.0025 | छोटेलाल मुण्डा वो संतोष मुण्डा पिता चरका मुण्डा | 1622 | 1643 | 1641 | 1646 |
| 80 | 62 | 1643 | रैयती | धान–III | 0.0506 | 1. छोटेलाल मुण्डा वो संतोष मुण्डा पिता चरका मुण्डा 2. जीतना बेदिया पिता मन्ना बेदिया | 1622 | 1644 | 1641 | 1646 |
| 81 | 163 | 1645 | रैयती | परती कदीम | 0.0220 | अघनु कुरमी पिता जुगल कुरमी | 1622 | 1646 | 1643 | 1646 |
| 82 | 163 | 1646 | रैयती | परती कदीम | 0.0934 | षिवषंकर तिवारी वगै0 पिता स्व0 द्वारिका तिवारी | 1622 | 1644 | 1641 | 1646 |
| 83 | 67 | 1648 | रैयती | टांड़–II | 0.0146 | लेदो बेदिया वगै0 | 1622 | 1649 | 1646 | 1864 |
| 84 | 67 | 1724 | रैयती | धान–III | 0.0020 | भिखारी बेदिया वगै0 | 1622 | 1725 | 1725 | 1723 |
| 85 | 67 | 1723 | रैयती | टांड़–II | 0.0094 | बढ़न बेदिया वगै0 पिता स्व0 रूपनाथ बेदिया | 1725 | 1719 | 1725 | 1723 |
| 86 | 68 | 1717 | रैयती | धान–III | 0.1546 | 1. बिरसु बेदिया 2. जितेन्द्र बेदिया पिता स्व0 जगदेव बेदिया | 1719 | 1716 | 1719 | 1715 |
| 87 | 81 | 1716 | रैयती | टांड़–II | 0.0356 | महजु बेदिया पिता सहजु बेदिया | 1717 | 1758 | 1719 | 1715 |
| 88 | 29 | 1715 | रैयती | धान–III | 0.0333 | तिरथा बेदिया वगै0 पिता तेजु बेदिया | 1624 | 1668 | 1717 | 1712 |
| 89 | 77 | 1756 | रैयती | टांड़–II | 0.0548 | सुभाष बेदिया वगै0 | 1736 | 1719 | 1755 | 1719 |
| 90 | 22 | 1755 | रैयती | धान–III | 0.0815 | बालकुंवर बेदिया | 1736 | 1719 | 1747 | 1756 |
| 91 | 22 | 1754 | रैयती | टांड़–II | 0.0566 | सुमेश्वर बेदिया | 1755 | 1719 | 1751 | 1719 |
| 92 | 22 | 1753 | रैयती | धान–III | 0.0022 | जगमोहन बेदिया | 1751 | 1765 | 1752 | 1917 |
| 93 | 04 | 1763 | रैयती | टांड़–II | 0.0222 | चन्दुका बेदिया वगै0 | 1719 | 1767 | 1719 | 1769 |
| कुल रकवा | | | | | 3.3992 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, पतरातू अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्व व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़। | ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। | ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। | ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.340328 Land Reforms(24-25):D

## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

**अतिअल्पकालीन नीलामी**
**आम सूचना (इच्छा की अभिव्यक्ति)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत महर्षि कर्दम पार्क, कोडरमा में पूर्ण रूप से तैयार 03 (तीन) खाली दुकानों की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार, जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | स्थल विवरणी | दुकान हेतु प्रति वर्गफीट मासिक न्यूनतम निर्धारित दर | सुरक्षित जमा राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | महर्षि कर्दम पार्क, कोडरमा में निर्मित 03 (तीन) खाली दुकान | 10.50 रूपया | 25,000.00 | 04/12/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट व आवश्यक दस्तावेज डाक शुरू होने के पूर्व तक कार्यालय में जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त बैंक ड्राफ्ट की राशि उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। नीलामी से संबंधित नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 340322 Panchayati Raj (24-25)_D

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी
## (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 76/अनुदेश/ईईपीएस/2015/खण्ड–II, दिनांक 29.05.2015 मे निहित अनुदेशों के आलोक मे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 59–तोरपा और 60–खूँटी के सभी प्रत्याशी को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि सभी प्रत्याशीं/अभिकत्ताओं एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित पदाधिकारियों/सहायकों के लिए एकदिवसीय *Facilitation Training Programme* के आयोजन और 'लेखा समाधान बैठक' (*Account Reconciliation Meeting*) से संबंधित कार्यक्रम की तिथि निम्नवत् निर्धारित की जाती है :–

| क0 | *Facilitation Training Programme* एवं *Account Reconciliation Meeting* | प्रशिक्षण एवं बैठक की तिथि | प्रशिक्षण/ बैठक स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रषिक्षण कार्यक्रम | दिनांक 12.12.2024 | समाहरणालय सभा–कक्ष | पूर्वाह्न 11:30 बजे |
| 2. | लेखा समाधान बैठक (Account Reconciliation Meeting) | दिनांक 19.12.2024 | डी0आर0डी0ए0 सभा–कक्ष, विकास भवन | पूर्वाह्न 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |

59–तोरपा और 60–खूँटी विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्त्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं लेखा समाधान बैठक मे ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 340313 Election(24-25)#D

# उपायुक्त द्वारा संविधान दिवस पर पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलायी गई शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय संविधान दिवस (26 नवंबर) के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत देश को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई। यह शपथ कार्यक्रम जिला व प्रखंड के अन्य कार्यालय में भी आयोजित किया गया। आज इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया छात्रावास का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज मंगलवार को किस्को प्रखण्ड में नीति आयोग योजना मद अंतर्गत 1.71 करोड़ रूपये की राशि से निर्मित 45 बेड के छात्रावास के इंडोर जिम का निरीक्षण किया। इसका निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा किया गया है। उपायुक्त ने जिम में इस्तेमाल किये गये उपकरणों का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने कल्याण छात्रावास किस्को में किये गये अन्य कार्यों के प्रगति की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता को दिये। उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड में संचालित प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली और भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। आज के भ्रमण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी किस्को, संबंधित विभाग के अभियंतागण आदि उपस्थित थे।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में संविधान दिवस का हुआ आयोजन




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय परिसर,लोहरदगा में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा श्री राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। वहीं व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को सस्वर दुहराया। वहीं प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार ने बताया कि भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर पूरा हुआ था। यह संविधान ही स्वतंत्र भारत के नागरिकों को आजाद देश की नागरिक की भावना का एहसास कराता है। साथ ही संविधान में दिए मौलिक कर्तव्य में नागरिकों को उनकी जिम्मेदारियों को भी याद दिलाता है। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सीजेएम श्री कृष्ण कांत मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्तागण, कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग ने विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ चलाया कैरो प्रखंड क्षेत्र में छापामारी अभियान, तीन पर मामला दर्ज

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड विद्युत विभाग के जेनरल मैनेजर रांची के पत्रांक 222APT के निर्देशानुसार सोमवार को सहायक विधुत अभियंता विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू (कैरो) मो जीशान के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर कैरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम हनहट, सढ़ाबे, एडादोन आदि गांव में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापामारी की गई जिसमें हनहट निवासी मोज़म्मिल आलम पिता असरफ अली सढ़ाबे निवासी बिरजू साहू पिता सेवक साहू एवं एडादोन निवासी बसंत उरांव पिता जुरा उरांव को मुख्य एल टी लाइन में टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग व्यवसायिक कार्य हेतु करते हुए पाए गए। जिसको लेर कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर विधुत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत मामला दर्ज करते हुए आवश्यक करवाई की बात कही है। छापामारी दल में आशीष खाखा, मजुल अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अजहर खान आदि शामिल थे।

# मुंबई में हुये 26/11 के हमले में शहीद हुए लोगों की बलिदान भूली नहीं जा सकती : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहारदग :** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंगलवार को लोहरदगा नगर के बरवा टोली चौक में 26/11 के विरोध में श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा की भले ही आज 26/11 अटैक को 16 साल हो गए हों, लेकिन अभी भी भारतीयों के जहन में उस भयानक अटैक की तस्वीरें घूमती है। इस अटैक में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई, मगर कई लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने दूसरों की जान बचाने में अपनी जान दे दी। आज हम उन्हीं शहीदों के बारे में जानेंगे। 26 नवंबर, 2008 को भारत की फाइनेंशियल कैपिटल कही जाने वाली नगरी मुंबई में एक आतंकी हमला हुआ। जिसने शहर के साथ-साथ पूरे देश को हिला कर रख दिया। जहां लोग अपनी जान बचाने में लगे थे, वहीं कुछ ऐसे भी लोग थे, जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान दे दी।आइए इनके बारे में जानते हैं। 26/11 अटैक की डिटेल्सरिपोर्ट में बताया गया है कि 26/11 अटैक में 10 आतंकवादियों के समूह ने मुंबई की सड़कों पर तबाही मचा दी। लश्कर-ए-तैयबा (LET) आतंकवादी समूह के आतंकवादी 26 नवंबर, 2008 की रात को मुंबई शहर में घुस आए थे। चार दिनों के अन्दर उन्होंने 166 लोगों की हत्या कर दी और 300 को घायल कर दिया।बता दें कि ये अटैक मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में हुए थे। जिसमें छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, ओबेरॉय ट्राइडेंट, ताज होटल और नरीमन हाउस शामिल हैं। इस हमलों में सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई। आज इस घटना को पूरे 16 साल हो गए। इस उन बहादुरों को सलामी दी गई।

झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आज

# केन्द्रीय पदाधिकारियों सहित कई वरिष्ठ आंदोलनकारी लेंगे भाग : अमर किन्डो

**➲ वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व मंत्री सधनु भगत के आकस्मिक निधन को ले शोकसभा का भी होगा आयोजन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 27 नवंबर दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक में विगत दिनों के निर्णयों एवं कारवाहियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना आदि शामिल हैं। इस बैठक में केन्द्रीय पदाधिकारियों सहित सभी वरिष्ठ आंदोलनकारी भाग लेंगे। बैठक के उपरांत वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व मंत्री सधनु भगत के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का भी आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। महासभा के नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं।

## कैरो थाना क्षेत्र के कैरो-चट्टी मार्ग पर गजनी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल




**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 नवंबर सोमवार को देर शाम कैरो-चट्टी मार्ग पर कैरो गजनी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में 01 की मौत एवं 02 गम्भीर रुप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैरो उतका ग्राम निवासी संजय यादव के पुत्र (जितेन्द्र यादव 22 वर्ष) मोहन महतो के पुत्र (पितम्बर महतो 20 वर्ष) एवं राजदेव लोहरा के पुत्र (विक्रम धनुष 22 वर्ष) एसपी साईन मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नम्बर जेएच 01सीएक्स -7808 से 25 नवंबर सोमवार को देर शाम चट्टी से कैरो उतका अपने घर आ रहे थे, इसी बीच कैरो -चट्टी मार्ग पर गजनी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार फरार हो गयी जिससे बाईक में सवार तीनो गम्भीर रुप से घायल हो गये, आसपास ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना कैरो थाना पुलिस को दिया,कैरो थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह थाना के सदल बल के साथ घटनास्थल पहुँच एम्बुलेंस बुलवाया कर सभी तीनो घायल को सदर अस्पताल लोहरदगा भेजवाया जहाँ चिकित्सको ने संजय यादव के पुत्र जितेन्द्र यादव 22 वर्ष को मृत घोषित कर दिया शेष गम्भीर रुप से घायल 02 मोटरसाइकिल सवार पितम्बर महतो 20 वर्ष एवं विक्रम धनुष 22 वर्ष को सदर अस्पताल लोहरदगा में स्थिति बिगड़ता देख चिकित्सकों ने घायलों की बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। इधर कैरो थाना पुलिस अज्ञात वाहन की खोजबीन में जुट गई है।

# संविधान दिवस कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब अंबेडकर को किया गया याद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगेया प्रांगण में संविधान दिवस के रूप मनाते हुए कार्यक्रम आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के गगेया ग्राम स्थित संचालित सरकारी विद्यालय में नेहरू युवा केंद के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीम राव अंबेडकर को याद किया गया। तथा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के पावन अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू के द्वारा रैली, पौधारोपण, सफाई जैसे अनेको कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक भगत ने छात्र छात्राओं को बताते हुए कहा कि देश को आजादी मिलने के उपरांत राष्ट्र को सुचारू ढंग से चलाने हेतु संविधान का निर्माण किया गया। और भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। साथ ही उन्होंने कहा इस संविधान को तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन लगा था। जिसे डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर तैयार किया था। जो 26 नवम्बर 1949 को बन कर तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

# जिला बार एसोसिएशन ने मनाया संविधान दिवस, पढ़ा संविधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला बार एसोसिएशन के द्वारा मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी, महासचिव लाल दीपक कुमार सहित तमाम पदाधिकारी और अधिवक्ता शामिल हुए। इस मौके पर संघ के महासचिव लाल दीपक कुमार ने कहा कि आज संविधान दिवस हमें हमारी स्वतंत्रता और ताकत का एहसास कराता है। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले संविधान पढ़ा गया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के महासचिव लाल दीपक कुमार ने बताया की 26 नवंबर 1949 को इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया। इन्होंने कहा की संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली है।

# कोलेबिरा प्रखंड में कौशल विकास संस्थानों का किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** यूएनडीपी जिला प्रोजेक्ट अस्सिटेंट श्रेय लकड़ा ने आज कोलेबिरा प्रखंड में संचालित कौशल विकास संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सारथी योजना के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया और बच्चों से कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सेंटर हेड प्रभु कश्यप, एम0आई0एस0 रहनुमा प्रवीण, डी0डी0ओ0 ट्रेनर सबना प्रवीण, विश्वजीत सोनी, एस0ई0टी0 ट्रेनर पिंकी कुमारी, रानी उरांव, मोबिलिजर योगेश कुमार गुप्ता, सुल्ताना प्रवीण उपस्थित थे। श्रेय लकड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत कोलेबिरा प्रखंड में कौशल विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कार्यक्रम अच्छे ढंग से चल रहा है और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री आर्थिक योजना के तहत युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संविधान के प्रस्तावना शपथ याद करके मनाया गया संविधान दिवस

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26 नवम्बर के दिन 1949 को भारत की संविधान सभा ने अपने संविधान को अपनाया था, भारत के नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करने और संवैधानिक मूल्यों को याद दिलाने के लिए हर साल 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। यह 26 नवम्बर 2015 से मनाया जाना प्रारम्भ हुआ। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने विभाग के पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को भारत के संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई।

# ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संविधान दिवस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएलएसए सचिव राजेश कुमार मुख्य रूप शामिल हुए। संविधान दिवस के मौके पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग में अमन रजा को प्रथम,आयुष कुमार को द्वितीय और पूजा उरांव को तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर स्कूल की छात्र छात्राएं के बीच स्पीच और क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्वीज प्रतियोगिता में टीम सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम सी में शिवांगी सिंह, सौरभ कुमार और अमन कुमार ने संविधान से संबधित सवालों का जवाब बड़ी सुगमता के साथ दिया। स्पीच प्रतियोगिता में आर्शी सिफान प्रथम, स्मृति कुमारी द्वितीय, प्रवीण कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कहा की संविधान हमें जीवन जीने का अधिकार देता है। संविधान में 39 ए प्रवाधान के तहत कानूनी सहायता प्रदान कर रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सबसे नीचे की इकाई है लेकिन बहुत महत्वपूर्ण इकाई है। यह जरूरतमंद लोगों के बीच विधिक सहयोग प्रदान करता है। डीएलएसए लोक अदालत का आयोजन कराती है जहां सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाता है। हमें संविधान को पढ़ना और समझना चाहिए। पोक्सो एक्ट बच्चों को शारीरिक शोषण से हमारी रक्षा करने के लिए बनाया गया है। दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद पोक्सो एक्ट बनाया गया। वृद्धजनों के लिए योजनाएं सहित अन्य लाभ संविधान प्रदत्त लाभ है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर सिविल कोर्ट में होता है। जिनका इनकम तीन लाख रुपए से कम है वो इसका निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। नालसा के हेल्पलाइन नम्बर 15100 पर कॉल करके कानूनी सहायता या सलाह का लाभ उठा सकते हैं। पीड़ित को डीएलएसए के माध्यम से मुआवजा देने का काम किया जाता है। डीएलएसए के माध्यम से विवाद का निपटारा आपसी सुलह के आधार पर होता है। साथ ही पैनल अधिवक्ता के माध्यम जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान किया जाता है। पीएलवी के माध्यम से स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। लोहरदगा के सभी थाना,ब्लॉक और पंचायत स्तर पर बहाल पीएलवी से संपर्क कर अपने मामलों में सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।इस मौके पर छात्रा आर्शी सिंह ने कहा की अनुच्छेद 21 में जीवन जीने का अधिकार है। हमारा संविधान हमें बहुत ही गहरी बात समझाता है। बदलते समय के साथ संविधान में बदलाव किया जा सकता है। हमारा संविधान पूरे देश को बांध कर रखे हुए हैं।? ये हमें मौलिक अधिकार देता है। अधिकार के साथ जिम्मेदारियां भी आती है। संविधान को पुस्तक की तरह न पढ़ें बल्कि इसके दिए गए अधिकारों को समझें। इस मौके पर प्राचार्य जीपी झा ने कहा की संविधान हमें अनुशासित जीवन जीने की भी बात करता है। मौलिक कर्तव्य जिसका एक उदाहरण है। कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीएलवी गौतम लेनिन, अफान अंसारी, शाहिद ख़ान, स्कूल प्राचार्य एसके झा, सुबीर चक्रवर्ती, राजीव कुमार, विशाल आनंद, शुभम सिंह, शिवम कुमार, प्रिति कुजूर, काजल लकड़ा, सुनिता चित्तौड़ा, विकास देव सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौके पर उपस्थित थे।

# छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा संविधान दिवस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मेरोमडेगा पंचायत के बरटोली में स्थित राजकीय उच्च विद्यालय बरटोली में छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने संविधान के महत्व को समझने के लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया और दीप प्रज्वलन के साथ संविधान दिवस का शुभारंभ हुआ। बच्चों ने संविधान की उद्देशिका की शपथ ली और झारखंड के सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन किया। उन्होंने संविधान पर कविताएं और भाषण देकर संविधान दिवस के महत्व को बताया और संविधान में मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के महत्व को समझाया। बच्चे लगभग 5 सप्ताह से संविधान लाइव आओ जागरिक बने खेल खेल रहे थे, जिसके माध्यम से उन्होंने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को सीखा। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों तक इसके बारे में जानकारी पहुंचाई। इस कार्यक्रम में वार्ड, आंगनवाड़ी सेविका और स्कूल के अध्यापक उपस्तिथ थे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को खेल में भाग लेने और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सर्टिफिकेट दिए गए और प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कम्यूटिनी वार्तालीप कोएलिशन के 40 संस्थाओं के साथ, 12 राज्यों में 1800 से अधिक युवाओं के लिए प्रभावशाली अनुभवों का सह निर्माण कर रहा है, ताकि वे जागरूक नागरिक बन सकें और संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं।

## चलते चलते एक नजर

### छात्र-छात्राओं में संवाद क्षमता के विकास के लिये कार्यक्रम आयोजित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** उपायुक्त रांची वरुण रंजन के निर्देशानुसार रांची जिला के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं में संवाद क्षमता के विकास हेतु कार्यक्रम कराने के लिए सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक, जिले के सभी प्राथमिक मध्य विद्यालय रांची जिला को निर्देश दिया गया।

01 से 15 दिसंबर 2024 : प्राथमिक कक्षा (01 से 05), मेरा सबसे अच्छा मित्र My Best Friend

उच्च प्राथमिक कक्षा (06 से 08): मेरे सपनों का झारखंड, Jharkhand Of My Dream 16, से 30 दिसम्बर 2024

प्राथमिक कक्षा (01 से 05): क्रिसमस, Christmas,

उच्च प्राथमिक कक्षा (06 से 08): कचरा प्रबंधन, Waste Management उक्त विषयों (Topics) पर विद्यार्थीगण हिन्दी, अंग्रेजी, क्षेत्रीय या जनजातीय भाषा में अपनी प्रस्तुति तैयार करेंगे। शिक्षक निरंतर छात्रों को भाषा की कक्षा में एवं चेतना सत्र में प्रार्थना सभा में मंच पर बुलाकर इनकी प्रस्तुति को देखेंगे एवं इसका विडियो जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के Public Speaking whatsapp ग्रुप के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय प्रधान, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी इसे विद्यालय स्तर पर निरंतर संचालित एवं मॉनिटर करेंगे।

### मस्जिदों के सर्वे के नाम पर की जाने वाली गतिविधियां जनता के विश्वास को कर रहीं कमजोर: मदनी

**नई दिल्ली :** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए वह तत्काल हस्तक्षेप करें। मौलाना मदनी ने कहा कि मस्जिदों के सर्वे के नाम पर की जाने वाली गतिविधियां जनता के विश्वास को कमजोर कर रही हैं और अशांति, सामाजिक भेदभाव एवं चिंता का कारण बन रही हैं। हालिया उदाहरण संभल में हुई घटना है। पत्र के जरिए मौलाना मदनी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश का ध्यान आकृष्ट किया कि पूजा स्थलों से संबंधित विशेष कानून (प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991) सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करने और पूजा स्थलों से विवादों को उत्पन्न करने पर रोक लगाने के लिए बनाया गया था ताकि बाबरी मस्जिद जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति न हो लेकिन हाल के घटनाक्रम, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि सर्वे इस अधिनियम के तहत मना नहीं है, ने फिर से रास्ता खोल दिया है। इसका फायदा उठाकर अलग-अलग मस्जिदों पर सर्वे की याचिका दायर की जा रही है। पत्र में मदनी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से अपील की है कि इस बढ़ती हुई बीमारी का स्वतः संज्ञान लें और निर्णायक कार्रवाई के जरिए स्थिति की जटिलता को दूर करें। सुप्रीम कोर्ट हमेशा संविधान के संरक्षक के रूप में खड़ा रहा है, वह देश की अखंडता और उसके ताने-बाने को जोड़ने वाली लोहे की दीवार है।

# युवाओं के आदर्श से होगा बेहतर समाज का निर्माण : अरुणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** युवाओं को आदर्श के रुप में स्वयं को प्रस्तुत करने से ही बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। यह मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सामाजिक कार्यकर्ता सौरव तिवारी के आवास पर नवदंपति को बधाई देते हुए कही।

मालूम हो की बिते दिनों सौरव तिवारी ने अपनी विधवा भाभी नेहा तिवारी से विवाह कर समाज में बेहतर संदेश देने का प्रयास किया था। श्री तिवारी ने अपने बड़े भाई के अकास्मिक निधन हो जाने पर अपने परिवार और शुभचिंतकों के सलाह पर यह कदम उठाया। जिसकी चहुंओर सराहना हो रही है।श्रीमती शंकर को इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी के फेसबुक पोस्ट से हुई तो उन्होंने तत्काल नवीन तिवारी से बात कर इसकी पुरी जानकारी ली।उस समय वो महाकाल का दर्शन करने उज्जैन गई हुई थी। वहां से लौटने के बाद मंगलवार को नवदंपति को बधाई देने रेड़मा स्थित सौरव तिवारी के आवास पर पहुंचीं। श्रीमती शंकर नवदंपति के स्वर्णीम भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी मातृ भूमिका में सदैव ख्याल रखने के प्रति आश्वस्त किया। श्रीमती शंकर के साथ सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी,सुनील गुप्ता,आशीष अदंभ, शशांक दूबे एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# रक्तदान कर महिला की बचायी जान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के प्रयास से शहर के टंडवा निवासी भोला गुप्ता ने एक युनिट रंक्तदान कर एक महिला के स्वास्थ्य रक्षा में सहायक बने। इस संबंध में नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप् ने बताया कि रेहला निवासी रंजीत कश्यप ने अपने माता की तबियत खराब होने की सूचना दी तथा कहा कि चिकित्सक के द्वारा रक्त की कमी बतायी गयी है। इस सूचना पर उमेश कश्यप के प्रयास टण्डवा निवासी भोला गुप्ता ने रक्तदान करने के लिए तैयार हो गये और अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर प्रथम रक्तदान किया। उन्होने कहा कि मैं युवाओं से आग्रह करता हूँ रक्तदान करे। रक्तदान करने से कोई परेशानी नहीं होती है।

# अन्य दलों के लोग भी लोकसभा सीटों से चुनाव जीते : सुप्रियो भट्टाचार्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संविधान में घमंड का स्थान नहीं होता। जैसे प्रधानमंत्री वाराणसी से चुनाव जीते हैं, ठीक उसी प्रकार से अन्य दलों के लोग भी अपने-अपने लोकसभा सीटों से चुनाव जीते हैं। वे नकारे गये लोग नहीं हैं। सुप्रियो ने कहा कि जब संसद में विपक्ष के लोगों ने मुद्दा उठाया तो प्रधानमंत्री ने बहुमत के आधार पर उनकी आवाज दबवा दी और विपक्ष के सांसदों को जनता द्वारा नकारा गया बता दिया। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा वे सारे लोग नकारे गये हैं। तो जो झारखण्ड में नई सरकार 28 नवम्बर को अस्तित्व में आयेगी, वो क्या, वो भी राज्य की जनता द्वारा नकारे गये लोगों की होगी या स्वीकारे गये लोगों की होगी? यह सवाल वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस संविधान की कसमें खाकर वे शपथ लेते हैं और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहण कर रहे हैं। ठीक उसी प्रकार अन्य भी संवैधानिक दायित्वों का निर्वहण कर रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि आज संविधान को अक्षुण्ण बनाये रखने का दिन हैं और वे इसकी लड़ाई अनवरत् लड़ते रहेंगे। क्योंकि, संविधान ही हमारा सब कुछ हैं। हम भाजपा के द्वारा चलाई जा रही अपनी बातों को यहां चलाने नहीं देंगे। यहां जब भी बातें होगी तो संविधान की होगी और देश संविधान से ही चलेगा।

# झामुमो की अभूतपूर्व सफलता पर अविनाश देव ने सीएम को दी बधाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य सह संत मरियम आवासीय विद्यालय के चैयरमैन अविनाश देव ने सोमवार को राज्य के कार्यवाहक सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की.इस दौरान श्री देव ने दुबारा सत्ता में वापसी के लिए हेमंत सोरेन को बधाई दी,कहा कि राज्य की जनता ने हेमंत सरकार के कामकाज के आधार पर हेमंत दुबारा के नारा पर अपनी मुहर लगाया हैं.राज्य में दुबारा हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार बनने से आदिवासी दलित ,पिछडे शोषित ,पीडित वर्ग के लोगो का हिम्मत बढा हैं.साथ ही महिला सशक्तिकरण के कार्य को गति मिलेगी .अब झारखंड में बेटिया बोझ नही रहेगी,बल्कि राज्य और समाज की ताकत बनेगी.ऐसा वातावरण मईया सम्मान योजना ने बनाया हैं.

# गढ़वा : जीएन कान्वेंट स्कूल में संविधान दिवस आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर वृहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन की गई जिसमें उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर तथा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर तथा राजेंद्र प्रसाद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय संविधान दिवस का विशेष महत्व है। इसी दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। भारत का संविधान एक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और संप्रभु गणराज्य की घोषणा करता है जो इस देश के नागरिकों को समान न्याय और स्वतंत्रता देता है तथा भाईचारे के मूल्यों को भी बढ़ावा देता है। संविधान ही देश की एकमात्र रीढ़ है जिसने देश को एक सूत्र में बांधा है। यह कई अन्य विविध संस्कृतियों, विभिन्न भाषाओं और जातीयताओं के साथ एक रखा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी,ज्योति कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश तथा संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद ने की।

### प्रतीक्षा सूची में शामिल 13,549 आवेदकों को मिला हज यात्रा का मौका

**नई दिल्ली:** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2025 के लिए प्रतीक्षा सूची के 13,549 यात्रियों को चयनित किया है। इसके साथ ही पहले से चयनित यात्रियों के लिए हज खर्च की दूसरी किस्त की भुगतान तिथि और महरम कोटे में नए आवेदन के लिए तारीख का ऐलान भी किया गया है। हज कमेटी ने 13,549 प्रतीक्षा सूची में शामिल यात्रियों को उन सीटों पर चयनित किया है, जो पहले चयनित यात्रियों की रद्दीकरण या अग्रिम राशि जमा न करने के कारण खाली रह गई थीं। नवचयनित यात्रियों को हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त की कुल राशि 2,72,300 जमा करनी होगी, जिसकी अंतिम तिथि 16 दिसंबर 2024 है। पहले से चयनित यात्रियों के लिए हज खर्च की दूसरी किस्त 1,42,000 जमा करने की अंतिम तिथि भी 16 दिसंबर 2024 है।

# अब आरआरटीएस कनेक्ट ऐप से लाइव ट्रेन ट्रैकिंग और रियल-टाइम पार्किंग की स्टेटस जान सकेंगे यात्री



**एजेंसी**

**गाजियाबाद :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने यात्री-सुविधा और यात्रा कुशलता को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'आरआरटीएस कनेक्ट' ऐप पर दो अग्रणी फीचर मंगलवार को लॉन्च कर दिए। देश में पहली बार नमो भारत ट्रेनों के यात्री अब लाइव ट्रेन ट्रैकिंग और लाइव पार्किंग स्टेटस का लाभ उठा सकेंगे।

यह ऐप उन्हें नमो भारत ट्रेन की वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करेगा। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने मंगलवार को बताया कि लाइव ट्रेन ट्रैकिंग फीचर यात्रियों को ट्रेन के आगमन की पल-पल अपडेट प्रदान करता है, जो नमो भारत ट्रेनों की सटीक स्थिति और स्थान भी दिखाता है। यह यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना सटीकता से बनाने में सक्षम बनाता है। इससे उन्हें पता चलता है कि अगली ट्रेन उनके स्टेशन पर कब आएगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह लाइव पार्किंग स्टेटस सुविधा आरआरटीएस स्टेशनों पर पार्किंग स्थान की उपलब्धता पर वास्तविक समय में अपडेट प्रदान करेगी। यानी यात्री अब पार्किंग स्थानों की वर्तमान व्यस्तता देख सकते हैं, जिससे उन्हें अपने वाहनों को कहां पार्क करना है, इस बारे में पहले से ही निर्णय लेने में मदद मिलती है। यह वास्तविक समय की दृश्यता उन लोगों के लिए एक गेम-चेंजर है जो स्टेशनों पर पार्किंग सुविधाओं पर निर्भर हैं। दिल्ली से मेरठ तक आरआरटीएस स्टेशनों पर 8,000 से अधिक वाहनों को समायोजित करने के लिए व्यापक पार्किंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। ये नई सुविधाएं 'आरआरटीएस कनेक्ट' ऐप में पहले से मौजूद फीचर्स, जैसे टिकट बुकिंग, स्टेशन नेविगेशन और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी विकल्पों को और अधिक प्रभावी बनाती हैं। ऐप पर फीडर बस सेवा, बाइक, ऑटो और कैब बुकिंग जैसे विकल्प भी उपलब्ध हैं।

# कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को कमजोर करने का काम किया: जेपी नड्डा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कहा कि हमारे संविधान की व्याख्या को दुर्भावनापूर्ण प्रयासों के माध्यम से विकृत और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत एजेंडों को पूरा करना और संविधान की आत्मा को कमजोर करना है। नड्डा यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो लंबे समय तक सत्ता में रही, उसने बाबा साहब आंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में ही दो साल के लिए आपातकाल लगाया गया था। हम सभी जानते हैं कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 19, 21 और 22 को निलंबित कर दिया गया था। इन मौलिक अधिकारों को प्रभावी ढंग से छीन लिया गया था।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबा दिया गया था और धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता से वंचित किया गया था।उन्होंने कहा कि देश को पता होना चाहिए कि देश के सामने संविधान को सही तरीके से पेश करने में किस पार्टी का योगदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान की रक्षा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया जबकि देश में लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में थी लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न तब मिला, जब भाजपा सत्ता में आई।जेपी नड्डा ने कहा कि आज के दिन हम बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हैं। आज के ही दिन जब हम 26 नवंबर को याद करते हैं तो आवश्यक यह भी हो जाता है कि हम 26/11 को भी याद करें। आज के ही दिन मुंबई में जो हमले हुए, उसमें आम लोग, हमारे नागरिक बंधु और विदेशी पर्यटक भी कुछ हताहत हुए। साथ में कुछ सुरक्षा कर्मचारी भी शहीद हुए। आज उनको भी याद करना आवश्यक है। अगर हम संविधान दिवस की बात करें तो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तरफ से हम लोगों को संविधान बहुत बड़ा गिफ्ट है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उसका सदुपयोग करते हुए देश को आगे बढ़ाने का काम करें।

### आरबीआई गवर्नर को अस्पताल से मिली छुट्टी, अस्पताल ने कहा-ठीक है उनकी हालत

**नई दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। एसिडिटी संबंधी शिकायतों के बाद सोमवार रात चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराए गए शक्तिकांत दास का स्वास्थ्य अब ठीक है। आरबीआई के प्रवक्ता ने मंगलवार को मीडिया को दी जानकारी में बताया कि शक्तिकांत दास की हालत ठीक है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अपोलो अस्पताल, चेन्नई ने दिन में पहले जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा था, आरबीआई गवर्नर को सोमवार रात एसिडिटी संबंधी समस्या हुई और उन्हें निगरानी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुलेटिन में कहा गया था कि चिंता की कोई बात नहीं है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्रालय के राजस्व और आर्थिक मामलों के विभाग के पूर्व सचिव शक्तिकांत दास ने 12 दिसंबर, 2018 को तीन साल के लिए आरबीआई के 25वें गवर्नर के रूप में पदभार संभाला था।

# स्वच्छ कुभ के साथ होंगे डिजिटल कुंभ के दर्शन : योगी आदित्याथ



**एजेंसी**

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक मीडिया समूह के संवाद कार्यक्रम में महाकुंभ-2025 को लेकर सरकार के कार्यों, प्रयासों की विस्तृत जानकारी देते यूपी में साढ़े सात वर्ष में हुए सकारात्मक बदलाव की भी चर्चा की। योगी ने कहा कि स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन होंगे।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रयागराज कुंभ की बात करें तो लगता था कि हम सबने कुंभ को गंदगी, भगदड़ व अव्यवस्था का पर्याय बना दिया था। कुंभ मेले के प्रभारी मंत्री का दायित्व भी ऐसे लोगों को दिया जाता था, जिन लोगों में श्रद्धा, परंपरा, संस्कृति व विरासत के प्रति सम्मान नहीं था लेकिन हमने विरासत के प्रति सम्मान, श्रद्धा का भाव रखा। प्रयागराज कुंभ की व्यवस्था को देखकर प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से 2019 में यूनेस्को ने मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में कुंभ को मान्यता दी है।

उन्होंने ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा का स्नान होगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का शाही स्नान होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी 3 फरवरी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा व 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान होगा। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में से एक प्रयागराज कुंभ का आयोजन इस बार 45 दिन का होगा।मुख्यमंत्री ने महाकुंभ-2025 को लेकर सरकार की तैयारियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है। 2019 कुंभ में 23-24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार 45 दिन में 35-40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। वायु, रेल के साथ ही सड़क मार्ग के जरिए प्रयागराज फोर व सिक्स लेन से जुड़ सके। इसकी तैयारी भी युद्ध स्तर पर चल रही है। कुंभ के क्षेत्रफल में भी विस्तार किया गया है। 2019 कुंभ का क्षेत्रफल 3200 हेक्टेयर था, 2025 महाकुंभ का क्षेत्रफल 4000 हेक्टेयर में होगा। इसे 25 सेक्टर में विभाजित किया है। इसके अलावा पार्किंग की भी सुविधा होगी। सरकार इंतजाम कर रही है कि संगम तट तक पहुंचने के लिए डेढ़-दो किमी. से अधिक की यात्रा न करनी पड़े। सरकार ने अलग-अलग रूट पर 1850 हेक्टेयर से अधिक में पार्किंग स्थल चिह्नित किया है। यह स्थल संगम तट से दो से पांच किमी. के दायरे में होंगे। वहां से इलेक्ट्रॉनिक, परिवहन निगम के 7000 बस से कुंभ स्थल तक लाने की व्यवस्था होगी।